

मनोज जरांगे ने आज से पानी न पीने की दी धमकी - 12



शेयर बाजार पर दिखेगा जीडीपी के आंकड़ों का असर - 12



ट्रंप ने किया शिकागो में आव्रजन कार्रवाई का एलान, मेयर ने कहा-सहयोग नहीं करेंगे - 13



सात्विक और चिराग ने विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता- 14


आज का मौसम
26.0° अधिकतम तापमान
24.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.53
सूर्यास्त 06.37

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

भाद्रपद शुक्ल पक्ष नवमी 02:43 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2082

सोमवार, 1 सितंबर 2025, वर्ष 6, अंक 154, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## भारत-चीन संबंधों से 2.8 अरब लोगों का कल्याण

### एससीओ शिखर सम्मेलन से इतर चीन के राष्ट्रपति से द्विपक्षीय बातचीत में बोले प्रधानमंत्री मोदी

- कहा-आपसी विश्वास, सम्मान के आधार पर संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए हम प्रतिबद्ध

**तियानजिन (चीन), एजेंसी**



चीन के तियानजिन में भारत-चीन द्विपक्षीय बैठक के दौरान चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से कहा कि भारत आपसी विश्वास, सम्मान एवं संवेदनशीलता के आधार पर चीन के साथ अपने संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है क्योंकि दोनों देशों के बीच सहयोग 2.8 अरब लोगों के कल्याण से जुड़ा है। मोदी ने टेलीविजन पर प्रसारित अपने वक्तव्य की शुरुआत में कहा कि दोनों पक्षों द्वारा सीमा से सैनिकों को पीछे हटाए जाने से शांति और स्थिरता का माहौल बना। उत्तरी चीन के इस शहर में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन के इतर दोनों नेताओं के बीच यह बातचीत अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन की शुल्क संबंधी नीति से पैदा हुई उथल पुथल की पृष्ठभूमि में हुई।

मोदी ने कहा कि हमारा सहयोग दोनों देशों के 2.8 अरब लोगों के हितों से जुड़ा है। इससे समस्त मानवता के कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि हम आपसी विश्वास, सम्मान और संवेदनशीलता के आधार पर अपने संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ऐसा समझा जाता है कि मोदी-शी वार्ता का मुख्य उद्देश्य उन द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना रहा जिनमें पूर्वी लद्दाख सीमा गतिरोध के बाद गंभीर तनाव पैदा हो गया था।

मोदी दो देशों की अपनी यात्रा के दूसरे चरण में शनिवार शाम जापान से यहां पहुंचे। यह मई 2020 में शुरू हुए पूर्वी लद्दाख सीमा विवाद के बाद मोदी की चीन की पहली यात्रा है। मोदी ने अपने संबोधन में पिछले साल अक्टूबर में शी जिनपिंग के साथ हुई अपनी बैठक के बाद से दोनों पक्षों द्वारा शुरू किए गए कदमों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पिछले साल कजान में हमारी बहुत ही उपयोगी चर्चा हुई जिसने हमारे संबंधों को एक सकारात्मक दिशा दी। मोदी ने कहा कि सीमा से सैनिकों की वापसी के बाद अब शांति और स्थिरता का माहौल है। हमारे विशेष प्रतिनिधि सीमा प्रबंधन पर भी एक समझौते पर पहुंच गए हैं। कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू हो गई है। दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें भी फिर से शुरू हो रही हैं। प्रधानमंत्री ने पिछले साल अक्टूबर में रूस के कजान में चीन के राष्ट्रपति के साथ वार्ता की थी जो भारत एवं चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में गतिरोध समाप्त करने के लिए एक समझौते पर पहुंचने के कुछ दिनों बाद हुई थी।

### जिनपिंग बोले-भारत और चीन के बीच दोस्ती सही विकल्प

**तियानजिन।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से रविवार को कहा कि दोनों देशों का मित्र बनना सही विकल्प है और उन्हें सीमा विवाद को अपने संबंधों को परिभाषित नहीं करने देना चाहिए। दोनों नेताओं के बीच यह वार्ता शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन से इतर हुई। शी ने मोदी से कहा कि दोनों एशियाई पड़ोसियों को अपने सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति एवं सौहार्द सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए और सीमा मुद्दे को समग्र चीन-भारत संबंधों को परिभाषित नहीं करने देना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत और चीन प्रतिद्वंद्वी नहीं बल्कि सहयोगी हैं और दोनों देश एक-दूसरे के लिए खतरा नहीं बल्कि विकास के अवसर हैं।

शी ने कहा कि जब तक दोनों देश इस व्यापक दिशा पर कायम रहेंगे, चीन-भारत संबंध स्थिर और दीर्घकालिक विकास को बनाए रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि हाथी (भारत) एवं ड्रैगन (चीन) को एक-दूसरे की सफलता का मिलकर जश्न मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दोनों के लिए यह सही विकल्प है कि वे ऐसे दोस्त बनें जिनके बीच अच्छे पड़ोसियों वाले और सौहार्दपूर्ण संबंध हों, वे ऐसे साझेदार बनें जो एक-दूसरे की सफलता में सहायक हों और 'ड्रैगन' एवं हाथी एक साथ नृत्य करें। शी ने इस वर्ष चीन-भारत राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों देशों को अपने द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से देखना एवं संभालना होगा ताकि उनका निरंतर, मजबूत और स्थिर विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि चीन और भारत को अच्छे संबंधों वाले पड़ोसी और एक-दूसरे की सफलता में सहायक भागीदार बनना चाहिए। शी ने कहा कि दोनों देशों को आपसी विश्वास गहरा करने, लाभकारी सहयोग का विस्तार करने, सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व की तलाश के लिए एक-दूसरे की चिंताओं पर ध्यान देने और बहुपक्षीय सहयोग बढ़ाने के लिए रणनीतिक संचार को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एकतरफा नीतियों पर स्पष्ट रूप से निशाना साधते हुए कहा कि दोनों देशों को बहुपक्षवाद को बनाए रखना चाहिए।

## ब्रीफ न्यूज

### अभिनेत्री प्रिया मराठे का निधन



**मुंबई।** मराठी और हिंदी टेलीविजन की लोकप्रिय अभिनेत्री प्रिया मराठे (38) का रविवार को निधन हो गया। वह पिछले एक साल से कैंसर से जूझ रही थीं। उनके परिवार में मां और पति अभिनेता शांतनु मोघे हैं। प्रिया का जन्म 23 अप्रैल 1987 को ठाणे में हुआ और 2006 में मराठी धारावाहिक या सुखनो या से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने कई लोकप्रिय हिंदी और मराठी टीवी शो में काम किया, जिनमें कसम से, पवित्र रिश्ता, बड़े अच्छे लगते हैं, चार दिन सासुके, तू दशहरे में और कॉमेडी सर्कस शामिल हैं।

### बांग्लादेश सीमा पर पांच करोड़ का सोना जब्त

**गुवाहाटी।** पश्चिम बंगाल के कूचबिहार जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने शनिवार को एक विशेष अभियान के दौरान पांच करोड़ रुपये के 43 सोने के बिस्कुट जब्त किए। बीएसएफ द्वारा रविवार को बताया गया कि गुवाहाटी फ्रंटियर के अंतर्गत बीएसएफ की 138वीं बटालियन के सतर्क जवानों द्वारा भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर चलाए गए इस अभियान में ज़ब्त किए गए सोने का वजन लगभग 5 .017 किलोग्राम है और इसकी अनुमानित कीमत लगभग पांच करोड़ रुपये है। कहा गया कि भारत-बांग्लादेश सीमा की संवेदनशील प्रकृति और सीमा पार तस्करों एवं राष्ट्र-विरोधी तत्वों से बढ़ते खतरे को देखते हुए बीएसएफ इस क्षेत्र में सतर्कता और अभियान तेज़ कर रहा है।

### जम्मू-कश्मीर के पुंछ में दो आतंकवादी गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती जिले पुंछ में पुलिस ने दो आतंकवादियों को गिरफ्तार कर उनके पास से हथियार बरामद किए हैं। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि छापेमारी के दौरान आजमाबाद निवासी तारिक शेख और चंबर गांव निवासी रियाज अहमद को हिरासत में लिया गया तथा उनसे की गई पूछताछ के आधार पर दो राइफल एवं गोला-बारूद बरामद किए गए। पुलिस ने आजमाबाद में शेख के घर पर छापा मारा और उसे उसके साथी अहमद के साथ गिरफ्तार कर लिया।

### पंजाब में आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़

**चंडीगढ़।** खुफिया जानकारी के आधार पर अभियान में, काउंटर इंटेलिजेंस पठानकोट, काउंटर इंटेलिजेंस लुधियाना और एसएसओसी अमृतसर ने संयुक्त रूप से बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) समर्थित एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ कर विस्फोटकों, अत्याधुनिक हथियारों और गोला-बारूद के साथ इसके दो गुर्गों को गिरफ्तार किया है। डीजीपी गौरव यादव ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपी अपने विदेशी आकाओं के निर्देशों पर काम कर रहे थे, जिन्हें बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) का समर्थन प्राप्त है।

## फैसला अपलोड करने में देरी, सुप्रीम कोर्ट सख्त

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- शीर्ष अदालत ने स्टेनो बुक को जब्त करने का दिया निर्देश
- 31 जुलाई का फैसला, 20 अगस्त तक नहीं किया गया था अपलोड



सुप्रीम कोर्ट ने अग्रिम जमानत अर्जी खारिज करने के पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले को अपलोड करने में हुई देरी पर संज्ञान लेते हुए न्यायाधीश के सचिव की स्टेनो बुक जब्त करने का निर्देश दिया, ताकि यह पता लगाया जा सके कि आदेश कब टाइप किया गया था और उसमें कब सुधार किया गया था।

न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ ने इस बात पर गौर किया कि यह फैसला 31 जुलाई 2025 का था और इसे 20 अगस्त तक हाईकोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड नहीं किया गया। पीठ ने कहा कि मामले की विवेकपूर्ण जांच की जाए और आदेश को टाइप एवं अपलोड किए जाने के बारे में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) से रिपोर्ट हासिल की जाए। पीठ ने 20 अगस्त को मामले पर विचार करते हुए हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल से रिपोर्ट मांगी थी। 29 अगस्त को मामले की सुनवाई करते हुए पीठ ने कहा कि रिपोर्ट से ऐसा प्रतीत होता है कि रजिस्ट्रार जनरल ने 22 अगस्त को न्यायाधीश के सचिव से स्पष्टीकरण मांगा था।

उसने कहा कि सचिव ने 22 अगस्त को स्पष्टीकरण दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि सचिव ने आदेश अपलोड किए जाने के समय के बारे में कोई जानकारी नहीं दी थी और उन्होंने सिर्फ इतना बताया था कि न्यायाधीश एक अगस्त से 20 अगस्त के बीच कुछ चिकित्सा प्रक्रिया एवं सर्जरी से गुजरे थे।

### स्पष्टीकरण मांगने पर अपलोड किया आदेश

पीठ ने कहा कि सचिव की ओर से स्पष्टीकरण दिए जाने की तिथि पर आदेश अपलोड किया गया था। हालांकि, इस तथ्य का जिक्र उन्होंने ही किया था। उसने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि यह आदेश 31 जुलाई को पारित नहीं किया गया था, बल्कि वास्तव में यह सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद दिया गया था। पीठ ने कहा कि सचिव की स्टेनो बुक जब्त की जाए और पता लगाया जाए कि किस तारीख को आदेश टाइप किया गया और पर्सनल कंप्यूटर (पीसी) पर इसमें सुधार किया गया। शीर्ष अदालत ने एक व्यक्ति की अग्रिम जमानत खारिज किए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। उसने हरियाणा राज्य सहित सभी पक्षों को नोटिस जारी किया और मामले की सुनवाई चार हफ्ते बाद तय की।

## तेज धमाके से उड़ी अवैध पटाखा फैक्ट्री, दो की मौत

### गुडंबा के बेहटा में हुआ हादसा, छह घायल



घटनास्थल पर जांच एवं बचाव कार्य करती पुलिस व एसडीआरएफ की टीम।

- दो मकान खंडहर में तब्दील पांच क्षतिग्रस्त, नहीं थे सुरक्षा के इंतजाम

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार :** गुडंबा के बेहटा में चल रही अवैध पटाखा फैक्ट्री में रविवार दोपहर करीब 12 बजे तेज धमाका हुआ। हादसे में आलम (50) और उसकी पत्नी मुन्नी (48) की मौत हो गई। जबकि छह लोग घायल हो गए। धमाका इतना तेज था कि करीब दो किमी दूर तक आवाज सुनाई दी।

पटाखा फैक्ट्री व एक अन्य मकान खंडहर में तब्दील हो गया। आसपास के पांच मकान क्षतिग्रस्त हो गए। सूचना पर जिलाधिकारी विशाख जी. और जेसीपी कानून-व्यवस्था बबलू कुमार के अलावा पुलिस, अग्निशमन, एसडीआरएफ व प्रशासनिक टीम पहुंचीं और राहत कार्य शुरू किया। मलबे में दबे तीन लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया। घायलों में तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। सात घंटे बाद दूसरा धमाका भी हुआ जिससे एक मवेशी की मौत हो गई। गुडंबा के बेहटा में चल रही अवैध पटाखा फैक्ट्री में रविवार दोपहर करीब 12 बजे तेज धमाका हुआ जिससे मकान की छत उड़ गई। पूरा मकान खंडहर हो गया। इसके बाद कई धमाके हुए। जिसकी चपेट में आने के कारण पास का एक और मकान गिर गया। आसपास के पांच मकान क्षतिग्रस्त हो गए। मलबे में आठ से अधिक लोग दबे थे। सूचना पर पुलिस, अग्निशमन विभाग, एसडीआरएफ की टीम पहुंची। मलबे के अंदर से आलम, मुन्नी, आलम का बेटा इरशाद, पड़ोसी नदीम, इरम, जैद, हूरजहां, जिशान और जियान को बाहर निकाला गया। सभी घायलों को पास के एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां आलम और मुन्नी को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं इरशाद, नदीम, हूरजहां और जिशान को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। जहां इरशाद, नदीम और हूरजहां की हालत गंभीर बताई जा रही है। बाकी अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

## इंदौर जा रही फ्लाइट के इंजन में आग

**नई दिल्ली, एजेंसी**




- दिल्ली वापस लौटा एयर इंडिया का विमान, सुरक्षित लैंडिंग
- विमान में सवार थे 90 से ज्यादा यात्री

एयर इंडिया की दिल्ली से इंदौर जा रही एक उड़ान को रविवार सुबह टेकऑफ के तुरंत बाद इंजन में आग की चेतावनी के कारण दिल्ली वापस लौटना पड़ा जहां उसकी सुरक्षित लैंडिंग हुई। विमान में 90 से ज्यादा यात्री सवार थे।

फ्लाइट एआई2913 के दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही पायलट को विमान के दाहिने इंजन में आग की चेतावनी मिली। एहतियातन उस इंजन को बंद कर दिया गया और विमान को एक ही इंजन पर दिल्ली वापस लाया गया। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि सुबह 6.15 बजे एयरपोर्ट पर पूर्ण आपातकाल घोषित कर दिया गया। एयर इंडिया ने घटना पर खेद व्यक्त करते हुए एक बयान में कहा कि विमान को निरीक्षण के लिए ग्राउंड कर दिया गया है और यात्रियों को दूसरे विमान से इंदौर भेजने की व्यवस्था की जा रही है।

## नई परंपरा, गजानन का नहीं करेंगे विसर्जन

**हल्द्वानी।** देश भर में गणपति बप्पा का पारंपरिक तौर पर विसर्जन किया जा रहा है, वहीं उत्तराखंड के हल्द्वानी में बद्रीपुरा गणेश महोत्सव समिति ने अनूठा निर्णय लिया है। समिति ने पांच दिन पूजा-अर्चना के बाद रविवार को वार्ड-11 में गणपति की विसर्जन शोभायात्रा निकाली। प्रतिमा का विसर्जन करने के बजाय सुरक्षित रख लिया।

समिति पदाधिकारियों और स्थानीय पार्षद रवि जोशी ने कहा कि देवभूमि में देवी-देवताओं को प्रतिष्ठित कर पूजित रखने की परंपरा है, विसर्जन की नहीं। प्रतिमा को कांच के फ्रेम में सुरक्षित रखा जाएगा और अगले साल गणेश चतुर्थी पर पंडाल में स्थापित किया जाएगा।

## स्मैक तस्करी में दो पुलिस कर्मियों समेत 6 गिरफ्तार

**कार्यालय संवाददाता, अमरोहा**

- 40 लाख रुपये कीमत की 1340 ग्राम स्मैक बरामद
- कार से सभी स्मैक बेचने जा रहे थे दिल्ली-एनसीआर

**अमृत विचार :** एसओजी और थाना सैदनगली पुलिस ने स्मैक की तस्करी में लिप्त दो पुलिसकर्मियों सहित छह को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 40 लाख रुपये कीमत की 1340 ग्राम स्मैक, 3490 रुपये नकद, 5 मोबाइल फोन व एक वैगन आर कार बरामद हुई है। दोनों पुलिसकर्मी दिल्ली एनसीआर में स्मैक सप्लाई करने जा रहे थे।

एएसपी अखिलेश भदौरिया ने रविवार को बताया कि सैदनगली पुलिस एवं एसओजी उझारी ढबारसी रोड पर गंगा एक्सप्रेसवे पुल के नीचे चेकिंग कर रही थी। इस दौरान वैगन आर कार रोकी और उसमें सवार गौरव कुमार निवासी गांव सांथलपुर, नाजिम निवासी गांव गारापुर, आदिल निवासी गांव फूलपुर, एक नाबालिग व आदमपुर थाने की ढवारसी चौकी पर तैनात सिपाही योगेश कुमार निवासी कस्बा जहांगीरपुर थाना जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर और सिपाही आशु सैनी निवासी बहरामगढ़ थाना भोराकलां जनपद मुजफ्फरनगर को पकड़ लिया। शनिवार की रात सिपाही योगेश अपनी कार से अन्य आरोपियों के साथ स्मैक बेचने दिल्ली-एनसीआर जा रहा था तभी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सभी को जेल भेज दिया गया है।

## एजुकेट गर्ल्स को रेमन मैग्सायसाय पुरस्कार

**मनीला।** दूरदराज के गांवों में स्कूल न जाने वाली लड़कियों की शिक्षा के लिए काम करने वाली भारतीय गैर-लाभकारी संस्था 'एजुकेट गर्ल्स' को 2025 के रेमन मैग्सायसाय पुरस्कार विजेताओं में शामिल किया गया है। रविवार को इसकी घोषणा की गई।

रेमन मैग्सायसाय पुरस्कार फाउंडेशन की ओर से कहा गया कि फाउंडेशन टू एजुकेट गर्ल्स ग्लोबली, जिसे व्यापक रूप से एजुकेट गर्ल्स के नाम से जाना जाता है, ने रेमन मैग्सायसाय पुरस्कार प्राप्त करने वाला पहला भारतीय संगठन बनकर इतिहास रच दिया है। एशिया का नोबेल माना जाने वाला रेमन मैग्सायसाय पुरस्कार, एशिया के लोगों की निःस्वार्थ सेवा में दिखाई गई महान भावना को मान्यता देता है।

**मन की बात** | प्रधानमंत्री ने स्वदेशी उत्पादों का इस्तेमाल कर भारत को आत्मनिर्भर बनाने का किया आह्वान

## हमारे जीवन की हर जरूरत में सब कुछ हो स्वदेशी : मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आगामी त्योहारी सीजन के मद्देनजर रविवार को देशवासियों से स्वदेशी उत्पादों का गौरवपूर्वक इस्तेमाल करने की अपील की। उन्होंने स्थानीय उत्पादों के खुलकर इस्तेमाल (वोकल फॉर लोकल) के मंत्र पर जोर देते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत का मार्ग विकसित भारत बनाने में मददगार साबित होगा।

उन्होंने 'मन की बात' कार्यक्रम में कहा कि जीवन की हर जरूरत में सबकुछ स्वदेशी होना चाहिए। मोदी अमेरिका की ओर से भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद देश के आत्मनिर्भर बनने की आवश्यकता पर लगातार जोर दे रहे हैं।

देश के विभिन्न भागों में गणेश उत्सव, दुर्गा पूजा और दीपावली उत्सव के आगमन के अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि लोगों को त्योहारों के दौरान उपहार, कपड़े, सजावट की वस्तुएं या अन्य कोई चीज खरीदते समय स्वदेशी उत्पादों को नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने कहा कि गर्व से कहो यह स्वदेशी है, गर्व से कहो यह स्वदेशी है, गर्व से कहो यह स्वदेशी है। हमें इसी भावना के साथ आगे बढ़ना है। एक ही मंत्र है वोकल फॉर लोकल, एक ही रास्ता है आत्मनिर्भर भारत, एक ही लक्ष्य है विकसित भारत। मोदी ने कहा कि रामायण और भारतीय संस्कृति के प्रति प्रेम अब दुनिया के हर कोने तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि इस महीने की शुरुआत में कनाडा के मिसिसागा में भगवान राम की 51 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया गया। इसी महीने रूस के बेहद ठंडे इलाके व्लादिवोस्तोक में एक अनोखी प्रदर्शनी आयोजित की गई।

### देश की परीक्षा ले रहीं प्राकृतिक आपदाएं, घटनाओं से हर भारतीय दुखी

प्रधानमंत्री ने बरसात के मौसम में प्राकृतिक आपदाओं के कहर पर भी चिंता व्यक्त की। मोदी ने कहा कि इस मानसून में, प्राकृतिक आपदाएं देश की परीक्षा ले रही हैं। उन्होंने कहा कि कहीं मकान तहस-नहस हो गए, कहीं खेत जलमग्न हो गए, बड़ी संख्या में परिवार बर्बाद हो गए। कहीं पुल पानी के तेज बहाव में बह गए, सड़कें बह गईं, लोगों का जीवन खतरे में पड़ गया। इन घटनाओं ने हर भारतीय को दुखी किया है। प्रधानमंत्री ने बचाव अभियान के दौरान राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) और सुरक्षाबलों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जहां भी संकट आया, एनडीआरएफ-एसडीआरएफ के हमारे जवानों और अन्य सुरक्षाबलों ने लोगों को बचाने के लिए दिन-रात काम किया। जवानों ने प्रौद्योगिकी की भी मदद ली। थर्मल कैमरे, लाइफ डिटेक्टर, खोजी कुत्तों और ड्रोन निगरानी की मदद से राहत कार्यों में तेजी लाने की कोशिश की गई।

न्यूज ब्रीफ

### संगठन सृजन अभियान की समीक्षा में कांग्रेसियों ने लिया हिस्सा



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और यूपी के सह प्रभारी प्रदीप नरवाल ने रविवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 14 जिलों के संगठन सृजन अभियान की समीक्षा की। उन्होंने जिला पंचायत चुनावों को लेकर निर्देश दिए और कार्यकर्ताओं को मजबूत संगठन खड़ा करने पर जोर दिया। गाजियाबाद में आयोजित कार्यक्रम में मुरादाबाद मंडल समेत हापुड़, मेरठ, मुजफ्फरनगर, बागपत, शामली के पदाधिकारियों को बुलाया था। मुरादाबाद से जिलाध्यक्ष विनोद गुंबर और महानगर अध्यक्ष जुनैद कुरैशी चुनिंदा पदाधिकारियों के साथ पहुंचे। कार्यक्रम में प्रवक्ता सुधीर पाठक, अजय गोपाल रस्तोगी, अशरफ अली, राहत खां, राजेश पाल, वसीम अहमद, नजाकत ठेकेदार, शादाब और नीटू लोधी समेत कई कांग्रेसी नेताओं ने हिस्सा लिया।

### चोरी गए मोबाइल मिलने पर खिले चेहरे

**छजलैट, अमृत विचार :** थाना छजलैट में जिनके खोए व चोरी हुए मोबाइल अब से एक साल पहले हुए थे जिसमें से कुछ व्यक्तियों के फोन पुलिस ने ढूंढ निकाले हैं। पुलिस द्वारा चोरी मोबाइल मिलने पर मायूस लोगों के चेहरे खिल गए। थाना अध्यक्ष संजय पांचाल सभी के फोन उनको सौंप दिए हैं।

### छात्रा को ले जाने में साले-बहनोई पर रिपोर्ट

**भोजपुर, अमृत विचार :** ग्रामीण ने तहरीर दी कि 17 वर्षीय बेटी शुक्रवार की सुबह आठ बजे घर से कालेज गई थी। देर रात तक वापस नहीं लौटी। ग्रामीणों ने बताया कि छात्रा को गांव का रविकुमार और उसका साला थाना छजलैट के गांव लदावली निवासी अनुज बाइक पर बैठाकर ले गए हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कई निर्यातकों के करोड़ों रुपये के आर्डर रद, पीतल कारखाने ठप, सरकार से राहत पैकेज की मांग तेज़

# अमेरिकी टैरिफ से निर्यातकों को 2000 करोड़ से अधिक का नुकसान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अमेरिका की ओर से 27 अगस्त की रात से लागू हुए टैरिफ ने महानगर के निर्यात कारोबार की कमर तोड़ दी है। लगातार ऑर्डर रद होने से निर्यातकों को अब तक 2000 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हो चुका है। हालात यह है कि निर्यात फैक्ट्रियों में छटनी का दौर शुरू हो गया है और हजारों कारीगर बेरोजगारी की कगार पर पहुंच गए हैं। वहीं पीतल उद्योग पर भी इसका सीधा असर पड़ा है और कई कारखानों में ताले लटक गए हैं।

निर्यातकों का कहना है कि टैरिफ लागू होने के बाद से कारोबार बुरी तरह प्रभावित है। अमेरिका में क्रिसमस सीजन से पहले माल समय पर नहीं पहुंचा तो बायर्स उसे लेने से इंकार कर देंगे। इस वजह से करोड़ों रुपये के आर्डर पहले ही कैंसिल हो चुके हैं। अनुमान है कि अब तक का नुकसान 2000 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है और यह आंकड़ा दिन-ब-दिन बढ़ रहा है। लगातार हो रहे घाटे की वजह से फैक्ट्रियों को चलाना मुश्किल हो गया है। जानकारों को की माने तो शहर की निर्यात फैक्ट्रियों से 15 से 20 हजार कारीगरों और मजदूरों को काम से छुट्टी दी जा चुकी है। कारीगर अब ई-रिक्शा और दूसरे छोटे रोजगारों की तरफ रुख कर रहे हैं।



70 प्रतिशत निर्यात कारोबार अमेरिका से जुड़े होने के कारण स्थिति को संभालना बेहद मुश्किल हो गया है। ईपीसीएच व एमएचईए के पदाधिकारी लगातार भारत सरकार से वार्ता कर रहे है। ऐसे संकट में सरकार को निर्यातकों के लिए कुछ सोचना चाहिए। राहत पैकेज लागू करना चाहिए।

**-नवेद खान**, युवा निर्यातक



कारखानेदार पूरी तरह से परेशान हैं। काम मिलना बिलकुल बंद हो गया है। डॉलर का रेट लगातार बढ़ता जा रहा है। टैरिफ लगने से जो माल तैयार किया तो उसमें रुकावट आ गई। कई कारखाने बंद हो गए हैं। पीतल कारोबार से जुड़ा हर आदमी परेशान है। सरकार कुछ सोचना चाहिए।

**-नोमान मंसूरी**, अध्यक्ष हस्तशिल्प विकास समिति



पीतल के कारोबार में पहले जीएसटी की मार थी। अब टैरिफ लागू होने से कारोबार पूरी तरह से काम खत्म हो गया है। लोकल स्तर से ऑडर मिलना बंद हो गए है। सरकार को ऐसा निर्णय लेना चाहिए, जिससे पीतल कारोबारियों को कुछ राहत मिल सके।

**-मोहम्मद आबिद**, पीतल कारोबारी

पीतल उद्योग पर भी अमेरिकी टैरिफ का गहरा असर पड़ा है। कारखानों के मालिकों का कहना है कि माल के रेट लगातार बढ़ते जा रहे हैं, वहीं ऑर्डर मिलना बंद हो गया है। हालत यह है कि कई कारखाने बंद हो चुके हैं और पीतल कारीगरों के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। वहीं, ईपीसीएच और एमएचईए के पदाधिकारी लगातार केंद्र सरकार से संपर्क साध रहे हैं और राहत पैकेज की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि मुरादाबाद का 70 प्रतिशत निर्यात कारोबार अमेरिका से जुड़ा है, ऐसे में टैरिफ लागू होने के बाद स्थिति को संभालना बेहद मुश्किल हो गया है। निर्यातकों और कारखानों के मालिकों का कहना है कि सरकार को जल्द से जल्द राहत पैकेज की घोषणा करनी चाहिए, ताकि निर्यात उद्योग और उससे जुड़े लाखों कारीगरों के रोजगार को बचाया जा सके।

### महिला से चेन-कुंडल लूटने का प्रयास

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना कटघर क्षेत्र के शिवपुरी निवासी प्रदीप अग्रवाल की पत्नी शिखा अग्रवाल रविवार रात 8 बजे मोहल्ले की अन्य महिलाओं के साथ मंदिर जा रही थी। जैसे ही वह घर से निकली तो पीछे से बाइक पर दो लोग सवार होकर पहुंचे और उन्होंने शिखा अग्रवाल को टक्कर मार दी। इससे वह गिर गई। बाइक सवारों ने बदमाशों ने कुंडल और चेन लूटने का प्रयास किया, लेकिन महिलाओं ने शोर मचा दिया। शोर मचने पर बदमाश आगे की तरफ निकल गए। फिर दोनों बाइक सवार वापस आए और चलती बाइक से चेन लूटने का प्रयास किया, लेकिन वह सफल नहीं हो सके। शोर शराबा आसपास के लोग पहुंच गए। लोगों को आता देख आरोपी बाइक से भाग गए। जानकारी पर पुलिस पहुंच गई।

# कम किराये की आवाज लगाकर बसों की सवारियां ले जा रहे ऑटो चालक

## कर रहे राजस्व का नुकसान, आज से चलेगा डग्गामार वाहनों के विरुद्ध अभियान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** संभागीय परिवहन विभाग और रोडवेज प्रशासन की लापरवाही से मुरादाबाद मंडल की रोडवेज बसों को प्रतिदिन लाखों रुपये का नुकसान उठाना पड़ रहा है। रामपुर, संभल और चंदौसी मार्ग पर चलने वाली बसों के पास से ऑटो रिक्शा चालक 50 रुपये सवारी की आवाज लगाकर यात्रियों को रोडवेज बसों से उतरने पर मजबूर कर रहे हैं। हनुमान मूर्ति बाईपास फ्लाईओवर ब्रिज बनाने के कार्य के चलते अब तक एक महीने से रोडवेज बसों का आना जान रामपुर रोड जीरो प्वाइंट हो गया है।

रोडवेज बस का जैसे ही गांगन तिराहे पर आना होता है वैसे ही ऑटो चालक कम किराये आवाज लगाना शुरू कर देते हैं। रोडवेस बस परिचालक वहां 5 से 10 मिनट के लिए संभल और चंदौसी के यात्रियों लेने के लिए रुकते हैं लेकिन अब यात्रियों की संख्या गागन तिराहे पर आने के बाद बढ़ने के स्थान पर कम हो रही है। जिससे रोडवेज परिवहन निगम को भारी नुकसान उठाना पड़ा रहा है। गागन तिराहे पर खड़े ऑटो रिक्शा चालक 50 रुपये संभल और 60 रुपये चंदौसी जाने की आवाज लगा रहे हैं। हालांकि यह काम संभागीय परिवहन विभाग की नाक के नीचे चल रहा है। इससे विभाग की अनदेखी कहें या मिली भगत।



गागन तिराहे पर खड़े ऑटो रिक्शा। ● अमृत विचार

वहीं एआरटीओ प्रवर्तन निर्मल आनंद डग्गामार और ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों को रोकने का डंका पीट रहे हैं। जबकि डग्गामारी कर रहे ऑटो चालक खुलेआम रोडवेज से कम किराये पर ले जाने की आवाज लगा कर सवारियां ढो रहे हैं।

संभल और चंदौसी से कोहिनूर चौराहे तक जाने के लिए रोडवेज बस का टिकट 54 रुपये का है, जबकि मुरादाबाद पीतलनगरी डिपो

> इस तरह की शिकायत रोडवेज क्षेत्रीय प्रबंधक की ओर से भी आई है। एक सितंबर से रोडवेज बस सेवा को प्रभावित करने वाले वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। ऐसे वाहनों पर कार्रवाई की जाएगी। **-संदीप पंकज**, आरटीओ प्रवर्तन दल मुरादाबाद परिक्षेत्र

लंबा सफर होने के कारण किराया बढ़ाकर74 रुपये कर दिया गया है। इन मार्गों पर खड़े ऑटो चालक 50 रुपये सवारी संभल और 60 रुपये सवारी चंदौसी की आवाज लगाकर यात्रियों को सीधे वाहनों में बैठा लेते हैं। यात्रियों को यह लगता है कि वे बस से भी सस्ता सफर कर रहे हैं, जबकि यह अवैध है। यही स्थिति रामपुर मार्ग पर भी देखने को मिल रही है। वहीं विभागीय अधिकारी आंख मूंदकर बैठे हैं। यदि यह स्थिति बनी रही तो रोडवेज को पुल के निर्माण तक करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान उठाना पड़ेगा। सरकारी व्यवस्था पर यात्रियों का भरोसा कमजोर पड़ेगा।

### नशे में युवक का हंगामा, जान से मारने की धमकी दी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना कटघर क्षेत्र के गाड़ीखाना निवासी झलक सक्सेना ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसके निवास स्थान के दूसरे फ्लोर पर परीश सक्सेना रहता है। वह आएदिन उसे और उसके परिवार को धमकाता है।

शनिवार रात आरोपी परीश सक्सेना ने शराब के नशे में उसकी मां अंजू सक्सेना, भाई अमन सक्सेना और पति सोनू के खिलाफ पूरे मोहल्ले के सामने आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। साथ ही चरित्र पर सवाल उठाते हुए अपशब्द कहे और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का कहना है कि जब उसने कानून का हवाला दिया तो आरोपी ने कहा कि मैं एक मिनट में बेल करा लूंगा और हंगामा किया। इससे महिला और उसके परिवार को गहरी मानसिक चोट पहुंची है। पीड़िता के अनुसार एक साल पहले भी उसने आरोपी के खिलाफ तहरीर दी थी, लेकिन उस समय पुलिस ने समझाकर छोड़ दिया था। थाना प्रभारी निरीक्षक कटघर संजय कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर परीश सक्सेना नाम के आरोपी के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### पर्वतारोही मनोज कुमार का संस्था ने किया सम्मान



पर्वतरोही मनोज कुमार को सम्मानित करते संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** महानगर के पर्वतारोही ने यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रुस ऊंचाई 5642 मीटर पर भारतीय तिरंगा फहराकर पूरे देश और शहर का मान बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि पर वंदे भारत संस्कार संस्कृति संवाहक के तत्वावधान में सेनानी भवन में सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

रविवार को सेनानी भवन में आयोजित पर्वतारोही मनोज कुमार के सम्मान में कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान और स्वागत गीत से हुई। इसके बाद सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने पुष्पमालाएं, शॉल और स्मृति चिह्न भेंट कर मनोज कुमार का अभिनंदन किया। वहां उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से पर्वतारोही का स्वागत कर गर्व व्यक्त किया। वंदे भारत के संयोजक धवल दीक्षित ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि मनोज कुमार की उपलब्धि न सिर्फ मुरादाबाद बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा है। कार्यक्रम का संचालन कशिश चौहान ने किया। आयोजन की जिम्मेदारी गुरविंदर सिंह और रमेश आर्य ने निभाई। संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने मनोज कुमार को युवा प्रेरणा की उपाधि देते हुए कहा कि वे आगे भी विश्व की ऊंची चोटियों पर तिरंगा फहराकर भारत का गौरव बढ़ाएंगे। कार्यक्रम में डॉ. विशेष गुप्ता, अरविंद मोहन गुप्ता, गोपाल हरि, कपिल गुप्ता, कपिल कुमार रहे।

# ईद-मिलादुन्नबी की तैयारियां जोरों पर 5 को निकलेगा जुलूस-ए-मोहम्मदी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- घरों पर लहराए इस्लामी झंडे, मार्गों पर सजावट
- मदरसा जामिया नईमिया ने जारी किए जुलूस के आदाब

**अमृत विचार :** ईद-मिलादुन्नबी के जश्न को लेकर महानगर में रौनक बढ़ गई है। मुस्लिम इलाकों में गलियां सजने लगीं और घरों और छतों पर इस्लामी झंडे लहरने लगे। आगामी 5 सितंबर को निकाले जाने वाले जुलूस-ए-मोहम्मदी की तैयारियां तेज हो गई हैं। इस मौके पर लाल मस्जिद में मरकजी जमीयत अहले सुन्नत की बैठक हुई, जिसमें जुलूस की रूपरेखा तैयार की गई। वहीं मदरसा जामिया नईमिया के प्रिंसिपल मुफ्ती मोहम्मद अय्यूब खां नईमी ने पत्र जारी कर आलम-ए-इस्लाम को जश्न-ए-ईद मीलादुन्नबी की मुबारकबाद देते हुए जुलूस-ए-मोहम्मदी के आदाब बताए।

महानगर के मोहल्ला चौकी हसन खां, तहसील स्कूल, लाल मस्जिद, फीलखाना, कोहना मुगलपुरा, करूला, चक्कर की मिलक, दौलत बाग, ईदगाह, गलशहीद, असालतपुरा, किसरौल, बारादरी, जामा मस्जिद, इंदिरा चौक, मकबरा और मुगलपुरा समेत अन्य इलाकों में ईद-मिलादुन्नबी को लेकर तैयारियां चरम पर हैं। मार्गों को सजाया जा रहा है और रोशनी से माहौल को रोशन किया जा रहा है। इस मौके पर जारी जुलूस-ए-मोहम्मदी के आदाब में कहा गया है कि घरों और गलियों को सजाया जाए। जुलूस में शरीक लोग गुस्ल या कम से कम वुजू करके शामिल हों और पाक-साफ कपड़े पहनें। सिर पर टोपी या अमामा जरूर रखें, बालों में कंघी करें, खुशबू लगाएं और सुन्नत के मुताबिक तैयारी करें।

निर्देशों में यह भी कहा गया है कि जुलूस में सभी लोग पैदल चलें, बिना वजह मोटरसाइकिल या गाड़ियों का इस्तेमाल न करें। दुनियावी बातचीत, शोर-शराबा और गैर-शरई काम जैसे म्यूजिक बजाना, गाना-बजाना, नाचना या आतिशबाजी करना सख्त मना होगा। जुलूस में लगातार दरूद-ए-पाक और नात-ओ-सलाम पढ़े जाएं। इसके अलावा पान, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा और तंबाकू जैसी चीजों से परहेज करने की अपील की गई है।

गरीबों और जरूरतमंदों में सदका-खैरात करने, खाने-पीने की चीजें शांति से पैकिट में बांटने और रिज्क की बेहुरमती से बचने पर भी जोर दिया गया। मुफ्ती मोहम्मद अय्यूब खां नईमी ने कहा यह जुलूस नबी करीम से मंसूब है, अदब और एहतराम का पूरा ख्याल रखा जाए और नमाज के औकात (समय) में नमाज जरूर अदा की जाए।

# पत्नी की नाक काटने का आरोपी पति भेजा जेल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- महिला के मायके वालों से बात करने पर काट ली थी नाक

**अमृत विचार :** मायके में बात करने को लेकर हुए विवाद में चाकू से महिला की नाक काटने वाले आरोपी पति चांद को मझोला पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी के खिलाफ महिला के भाई ने जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

थाना मझोला क्षेत्र के गागन वाली मैनाठेर निवासी सोनू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसकी बहन राबिया की शादी 9 साल पहले मोहल्ले के ही रहने वाले चांद के साथ हुई थी। दोनों के कोई संतान नहीं थी, इसलिए बच्ची को गोद ले रखा था। राबिया को उसका पति मायके वालों से बात करने से रोकता था। इसको लेकर बीते कुछ दिन से पति-पत्नी में विवाद चल रहा था। सोनू ने आरोप लगाया कि इसी विवाद के चलते शनिवार सुबह 7 बजे चांद ने राबिया पर चाकू से जानलेवा हमला किया। चाकू से उसकी नाक काट दी थी। मुंह पर भी चोट आई। हमला करने के बाद आरोपी चांद वहां से भाग निकला। बाद में मायके वाले उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे।

जहां से उपचार के बाद डॉक्टरों ने राबिया को हायर मेडिकल सेंटर रेफर कर दिया। निजी अस्पताल में गंभीर हालत में उसका उपचार चल रहा है। थाना मझोला प्रभारी निरीक्षक रवींद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर राबिया के पति चांद के खिलाफ जानलेवा हमले का केस दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी थी। रविवार को एसआई योगेश कुमार की टीम ने आरोपी पति चांद को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

# पुलिसकर्मी के बेटे ने दूसरे सिपाही की 10 वर्षीय बेटी से की छेड़छाड़

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- विरोध करने पर पीड़िता के माता-पिता से गाली-गलौच व धमकाया
- बरेली महानगर के सुभाषनगर का रहने वाला है पीड़ित परिवार

**अमृत विचार:** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में पुलिसकर्मी के बेटे ने अपने किरायेदार की 10 वर्षीय बेटी के साथ छेड़छाड़ और अश्लीलता की। उसे जान से मारने की धमकी देकर डराया। पीड़िता की मां ने इसकी शिकायत आरोपी के माता-पिता से की तो उन दोनों ने पीड़िता की मां को ही गाली गलौज कर धमकाया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक और उसके माता-पिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

जनपद बरेली के सुभाषनगर क्षेत्र निवासी पुलिसकर्मी का परिवार सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के हरथला में किराये पर रहता है। उसका मकान मालिक मनोज कुमार गोला भी पुलिस में है। किरायेदार पुलिसकर्मी की पत्नी ने सिविल लाइंस थाने में दी तहरीर में बताया कि वह अपने दो बच्चों के साथ रहती है। महिला के अनुसार एक अगस्त को वह पति के साथ खरीदारी करने बाजार गई थी। घर में 10 वर्षीय बेटी अकेली थी। दो घंटे बाद जब वह बाजार से वापस आई तो 10 वर्षीय बेटी उदास बैठी रो रही थी। पूछने पर वह कुछ नहीं बोली और रोते-रोते सो गई। अगले दिन बेटी ने जो बताया वह सुन महिला चौक गई। बेटी ने मां को बताया कि जब वह बाजार गई थी, उसी समय वह शौचालय में गई। तभी पीछे से मकान मालिक के बेटे प्रभात ने आकर उसे पकड़ लिया। मुंह दबाकर उसके साथ शौचालय में ही छेड़छाड़ और अश्लीलता की। बाद में धमकी दी कि किसी से बताएगी तो तुझे और तेरे भाई को मार दूंगा। बेटी ने यह भी बताया कि आरोपी मकान मालिक का बेटा अक्सर आते-जाते उसके साथ छेड़छाड़ और अश्लीलता करता है। पीड़िता की मां के अनुसार उसने इसकी शिकायत आरोपी युवक के माता-पिता से की तो उन दोनों ने गाली गलौज कर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया। धमकी देते हुए घर से बाहर निकाल दिया। जिसके बाद महिला ने पति को बुलाकर पीड़िता ने पुलिस में शिकायत की।

इस संबंध में सीओ सिविल लाइंस कुलदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी युवक प्रभात, उसके पिता मनोज कुमार गोला और मां ममता के खिलाफ छेड़छाड़, अश्लीलता, धमकी देने, पॉक्सो एक्ट और एससीएसटी एक्ट समेत अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

आयोजन

## 1500 आर्यवीरों को पश्चिमी उत्तर प्रदेश से ले जाने का लिया संकल्प

# दिल्ली में होगा आर्यवीर दल का अन्तर्राष्ट्रीय महासम्मेलन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** आर्यवीर दल पश्चिमी उत्तर प्रदेश की कार्यशाला आर्य समाज स्टेशन रोड पर दूसरे दिन इस संकल्प के साथ सम्पन्न हुई कि अब सब दिल्ली में मिलेंगे। कार्यशाला के दूसरे दिन रविवार को प्रारंभ में वृहद यज्ञ किया गया। यज्ञ वेद मुनि मिथलेश रमाशंकर आर्य, प्रभा सैनी की यज्ञमानी में पंडित वीरेंद्र आर्य ने वैदिक रीति से यज्ञ कराया।




आर्यवीर दल के पश्चिम उत्तर प्रदेश के दो दिवसीय कार्यशाला के आखिरी दिन मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

आर्यवीर दल पश्चिमी उत्तर प्रदेश के संचालक दयाशंकर आर्य की अध्यक्षता में कार्यशाला का सत्र प्रारंभ हुआ। इसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी जिला संचालकों ने अपने जनपद की प्रगति आख्याएं प्रस्तुत की। जिनमें बरेली मंडल के संचालक रामवीर देव और शाहजहांपुर के जिला संचालक की प्रगति आख्या सर्वश्रेष्ठ रही। आर्यवीर दल उत्तर प्रदेश के संचालक आचार्य पंकज ने सभी जनपदों के मण्डल संचालकों एवं जिला संचालकों से युवाओं को चरित्रवान और शारीरिक रूप में बलिष्ठ बनाने के लिए शाखाएं और शिविर लगाने का निर्धारित दिया। महर्षि दयानंद सरस्वती के जन्म शताब्दी और आर्य समाज के 150 वें वर्ष के उपलक्ष्य में 30 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक दिल्ली में होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय महासम्मेलन में 1500 आर्यवीरों को पश्चिमी उत्तर प्रदेश से प्रशिक्षित कर ले जाने का संकल्प लिया गया। सभी जनपदों में प्रशिक्षकों को भेजने की योजना बनी। महासम्मेलन को सफल बनाने के लिए आर्य समाज के प्रदेश उप प्रधान ज्ञानेंद्र गांधी, डॉ. अभय श्रोत्रिय रमेश सिंह आर्य ने भी सभी जनपदों से आए प्रतिनिधियों से आह्वान किया।

- 30 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक होगा आयोजन

इस अवसर पर प्रदेश मंत्री भूदेव मुनि, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के संचालक जीवन सिंह आर्य, मुरादाबाद मंडल संचालक रमेश सिंह आर्य, बरेली मण्डल संचालक रामवीर देव , मेरठ मण्डल संचालक विद्या सागर, मथुरा मण्डल संचालक कृष्ण कुमार आर्य, प्रदेश संगठन महामंत्री हरिसिंह आर्य, लोकेश आर्य, यशपाल आर्य, डॉ. राममुनि सुकांत आर्य मंगलसैन आर्य, भीष्म आर्य, रामवीर सिंह आर्य, कोषाध्यक्ष सुरेश चन्द्र आर्य, नरेंद्र पाल सिंह, सत्यव्रत आर्य, नरेंद्र सिंह आर्य, राजेश कुमार, कृष्ण मुरारी आर्य, व्यायाम शिक्षक नितेश कुमार, सौरभ कुमार आर्य, अंशुल आर्य विदिशा, दीक्षांत आर्य, प्रत्येन्द्र आर्य, जगपाल सिंह, ज्योति बसु, नरेंद्र कुमार आर्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### अंडा-मुर्गी का कारोबार आज खुलने के आसार

**रामपुर, अमृत विचार :** अंडा-मुर्गी कारोबारियों को सोमवार से कारोबार खुलने की आस है। तहसील बिलासपुर क्षेत्र के दो पोल्ट्री फार्म में पलने वाली मुर्गियों में बर्ड फ्लू पाए जाने पर प्रशासन ने जिले भर में 21 तक अंडे-मुर्गी की बिक्री पर रोक लगाई थी।

इसके अलावा अंडा-मुर्गी लाने ले जाने वाले वाहनों पर भी पाबंदी थी। तीन दिन पहले जिला अधिकारी जोगिन्दर सिंह ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से आख्या मांगी है। जिले में 60 पोल्ट्री फार्म हैं और मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा पोल्ट्री फार्म में जांच के लिए के 18 टीमें लगाई गई थीं। पिछले दिनों 51 पोल्ट्री फार्म की रिपोर्ट आईवीआरआई बरेली से निगेटिव आई थी। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. वेद प्रकाश से आख्या तलब की थी। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने रिपोर्ट जिला अधिकारी को भेज दी है। कारोबारियों को उम्मीद है कि 21 दिन बाद कारोबार खुल सकता है।

# गन्ने की फसल में मिले लाल सड़न रोग के लक्षण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** किसानों की आर्थिक उन्नति और गन्ना उत्पादन बढ़ाने के लिए गन्ना विभाग ने समुचित कीट एवं रोग प्रबंधन अपनाने की अपील की है। उप गन्ना आयुक्त मुरादाबाद ने बताया कि परिक्षेत्र के कई स्थानों पर गन्ने की किस्म को 0238 व देर से बोई गई फसल में लाल सड़न (रेड रॉट) रोग के शुरुआती लक्षण सामने आए हैं। कुछ क्षेत्रों में पोक्का बोइंग रोग भी पाया गया है।

रविवार को उप गन्ना आयुक्त हरपाल सिंह ने बताया कि गन्ना विभाग की 564 टीमें 179 जोनों में लगातार खेतों का निरीक्षण कर रही हैं और किसानों को तकनीकी सुझाव दे रही हैं। वैज्ञानिकों की टीम भी मौके पर जाकर स्थिति का आकलन कर चुकी है। किसानों को प्रभावित क्लैंप उखाड़ कर रोगिंग करने और पोक्का बोइंग रोग की स्थिति में बरसात के बाद कॉपर ऑक्सीक्लोराइड का छिड़काव करने की सलाह दी गई है। उन्होंने बताया कि चीनी मिलों द्वारा भी प्रभावित खेतों में रोगग्रस्त क्लैंप उखाड़े जा रहे हैं, किसानों को ब्लीचिंग पाउडर उपलब्ध कराया जा रहा है।

वहीं फसलों पर ड्रोन से कीटनाशी छिड़काव कराया जा रहा है। मुरादाबाद परिक्षेत्र में केवल लाल सड़न व पोक्का बोइंग रोग ही दिखाई दिए हैं। अति वर्षा के कारण बढ़ रही इन समस्याओं से निपटने के लिए मंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। किसान किसी भी सहायता के लिए 0591-4012324 या टोल फ्री नंबर 1800-121-3203 पर संपर्क कर सकते हैं।

## शहर में आज



☞ राहुल गांधी व तेजस्वी यादव के खिलाफ भाजपा महानगर का प्रदर्शन दोपहर 2 :15 बजे।

☞ तंबोली स्टीट स्थित श्री राधा रमन मंदिर स्थल में चल रहे सात दिवसीय कार्यक्रम का समापन शाम 7 :00 बजे ।

☞ लाल बाग स्थित प्राचीन काली का मंदिर में महाआरती रात 8 :00 बजे।

## दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मझोला थाना पुलिस ने छजलैट थाना क्षेत्र के गांव निवासी अंकित कुमार को घर में घुसकर दुष्कर्म और मारपीट में गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपी पर खुशहालपुर चौकी क्षेत्र में रहने वाली महिला ने केस दर्ज कराया था। सीओ सिविल लाइंस कुलदीप गुप्ता ने बताया कि मझोला थाना के खुशहालपुर चौकी क्षेत्र निवासी महिला ने बीते 27 अगस्त को आरोपी अंकित कुमार के खिलाफ घर में घुसकर दुष्कर्म करने और धमकी देने का केस दर्ज कराया था।

# जयकारे लगा गजानन की मूर्तियां विसर्जित कीं

## शहर में दिनभर निकालीं विघ्नहर्ता की शोभायात्राएं

कार्यायल संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** एक, दो, तीन, चार... बप्पा तेरी जय जयकार के जयघोष के बीच रविवार को गणेश चतुर्थी के पांचवें दिन भगवान गणेश की प्रतिमाओं का धूमधाम से विसर्जन किया गया। सुबह से ही श्रद्धालु डीजे की धुन, बैंड-बाजे और ढोल की थाप पर नाचते-झूमते हुए विसर्जन स्थलों की ओर बढ़े। शहर भर में शाम तक श्रद्धालुओं का उत्साह बना रहा और वातावरण भक्तिमय रहा।

रामपुर रोड, सिविल लाइंस, दिल्ली रोड, कांठ रोड पर शाम का यात्राएं निकलती रहीं। बच्चों और युवाओं से लेकर बुजुर्ग हर कोई भगवान गजानन की भक्ति में लीन था। गुलाल और पुष्प वर्षा कर सभी उत्साहित हो रहे थे। कटघर, बरबलान, गोविंद नगर, पीतल नगरी, हरथला, नवीन नगर, रेलवे हरथला कॉलोनी, दीनदयाल नगर, आशियाना, मझोला, मानसरोवर, सूर्य नगर आदि स्थानों से आशियाना और गुलाबबाड़ी स्थित रामगंगा नदी के तट पर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा को विदा किया। बड़ी संख्या में परिवारों ने अपने आराध्य को अंतिम प्रणाम कर विसर्जित किया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर गणेश जी को विदाई दी। गणपति बप्पा मोरया के नारों से शहर गूंजता रहा। उधर, कटघर स्थित डिप्टी साहब के मंदिर में भगवान गणेश का विधिविधान से पूजन हुआ और लड्डुओं का भोग लगाया गया। इसके अलावा महानगर के विभिन्न पंडालों और घरों में भी पूजा-अर्चना का दौर चलता रहा। श्रद्धालुओं ने कहा कि गणपति बप्पा को विदा करना भावुक क्षण है, लेकिन यह विश्वास है कि अगले वर्ष बप्पा फिर आएंगे और सबकी मनोकामनाएं पूर्ण करेंगे। इसके अलावा श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव कमेटी हरथला की ओर से गंगा मंदिर के पीछे धूमधाम से श्री गणपति बप्पा का विसर्जन रामगंगा नदी में किया। विसर्जन से पूर्व भगवान गणेश की विधि विधान से पूजा-अर्चना की और सामूहिक आरती का आयोजन हुआ। भक्तों ने मिलकर श्री गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ कहते हुए भावभीनी विदाई दी। इस मौके पर मुकेश कुमार, संरक्षक भूपेंद्र, सतपाल, जितेंद्र प्रजापति, मोहित चंद्र प्रकाश, दक्ष प्रजापति, डॉ. राजपाल, शिवानी, मानसी, काव्या, मनन आदि रहे।



हरथला गंगा मंदिर से निकली गणेश विसर्जन शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु।



गजानन की मूर्ति लेकर जाती महिला।



मूर्ति को विसर्जित करता युवक।



रामगंगा नदी के तट पर भगवान गजानन की मूर्ति को विसर्जन के लिए लेकर जाते श्रद्धालु।



आदर्श कॉलोनी से निकली गणेश विसर्जन शोभायात्रा में नृत्य करते श्रद्धालु।

### सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने की व्यवस्था

पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल ने विसर्जन स्थलों पर लगातार निगरानी रखी। वहीं, नगर निगम की ओर से सफाई की व्यवस्था भी की गई। पीएससी के गोताखोर रामगंगा नदी में मोटर बोट से गश्त करते रहे। उन्होंने श्रद्धालुओं से प्रतिमाओं को लेकर नदी में विसर्जित किया। विसर्जन यात्रा में श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो। इसके लिए कांठ रोड पर जगह-जगह बेरीकेडिंग लगाए गए थे। एक के पीछे एक विसर्जन यात्रा होने के कारण शाम को जाम की स्थिति बन गई। दस मिनट का मार्ग वाहनों ने आधा घंट में तय किया।

# राधा-राधा जपने से पूरी होती है अभिलाषा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** श्रीराधा अष्टमी महोत्सव का आयोजन रविवार को कोर्ट रोड स्थित शिव मन्दिर बालाकी सराय में धूमधाम से हुआ। कथा व्यास आचार्य धीरशान्त अर्द्धमौनी ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण की आह्लादिनी शक्ति है राधा रानी।

बैकुण्ठ में स्थित महालक्ष्मी ही राधा रूप में अवतरित हुईं। राधाजी के प्रकाट्य का वर्णन पुराणों के अनुसार पांच हजार दो सौ साल पहले वृषभानु और कीर्तिदा के यहां हुआ। वह मथुरा जिले के गोकुल महावन कस्बे के पास रावल गांव में रहा करते थे। राधारानी ने अपनी मां के गर्भ से जन्म नहीं लिया था। राधा जी की माता ने अपने गर्भ में वायु को धारण कर रखा था। कीर्तिदा ने योगमाया की प्रेरणा से वायु को जन्म दिया था। लेकिन राधा जी स्वयं की इच्छा से वहां पर प्रकट हुई थी। राधा जी कलिंदजा कूलवर्ती निकुंज प्रदेश के सुन्दर मन्दिर में अवतरित हुई। उस समय शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि और सोमवार का दिन, अनुराधा नक्षत्र और मध्यान्ह काल के 12 बज रहे थे।

राधा जी के जन्म के बारे में एक और कथा भी है जिसके अनुसार वृषभानु जब एक सरोवर के पास से गुजर रहे थे। उस समय सुंदर कन्या कमल के फूल पर विराजमान थी। जिसे वृषभानु अपने घर ले आए और उसका पुत्री के रूप में पालन-पोषण किया। कथा व्यास ने बताया कि राधा बिना तो कृष्ण हैं ही नहीं। राधा का उल्टा होता है धारा, धारा का अर्थ है करंट, यानि जीवन शक्ति। भागवत की जीवन शक्ति राधा है। कृष्ण देह है, तो श्रीराधा आत्मा। कृष्ण शब्द है, तो राधा अर्थ। कृष्ण गीत है, तो राधा संगीत। कृष्ण वंशी है, तो राधा स्वर।

आयोजन की व्यवस्था में पं. इन्द्र मोहन शर्मा, अमित गुप्ता, रागिनी गुप्ता, चित्रा शर्मा, पुनीत शर्मा, पीयूष शर्मा, एकांश शर्मा, कुशाग्र शर्मा, पीयूष यादव, अखण्डमाधव दास, संजीव बंसल, डॉ. विवेक गोयल, पंकज यादव पार्षद, बबली यादव, नीलम यादव, विपिन अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, गोपाल कृष्ण यादव, मनोहर यादव, सपना सिरोही, देवांश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।



श्रीराधा अष्टमी महोत्सव में भजन गातीं महिलाएं व अन्य। ● अमृत विचार

## वायरल बुखार का खतरा बढ़ रहा, बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मौसम में हो रहे बदलाव के कारण वायरल बुखार का खतरा बढ़ता जा रहा है। इसका असर बच्चों पर अधिक दिखाई दे रहा है। जिला अस्पताल के बाल रोग विभाग की ओपीडी में प्रतिदिन करीब 150 बच्चे इलाज के लिए पहुंच रहे हैं, जिनमें लगभग 80 प्रतिशत मरीज वायरल बुखार से पीड़ित हैं।

जिला अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. वीर सिंह के अनुसार वायरल बुखार के लक्षणों में तेज बुखार, गले में खराश, खांसी, जुकाम, सिरदर्द और शरीर में दर्द शामिल हैं। कई मामलों में बच्चों में भूख कम लगना और सुस्ती की शिकायत भी मिल रही है। इस समय बच्चों को बाहर के खाद्य पदार्थ बिल्कुल नहीं खाने देना चाहिए, क्योंकि संक्रमण का खतरा दूषित खानपान से और बढ़ सकता है। साथ ही भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचना और नियमित रूप से हाथ धोने की आदत डालना जरूरी है।

# भजन-कीर्तन , पुष्प वर्षा से भक्तिमय हुआ वातावरण



इस्कॉन के कार्यक्रम में भजनों पर झूमती श्रद्धालु। ● अमृत विचार



रस्तोगी मंदिर में भजन कीर्तन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बरसाने में आनंद छायो है, लाली को जन्मदिन आयो है किशोरी कुछ ऐसा इंतजाम हो जाए, मेरी छोटी सी किशोरी बड़ी प्यारी लागे जैसे भजनों की मधुर ध्वनि के बीच रविवार को राधाष्टमी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। घरों और मंदिरों में श्रद्धालुओं ने राधारानी का पूजन, अभिषेक और भजन-कीर्तन कर जन्मोत्सव मनाया। मनोकामना मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर, सत्य हरि शिव मंदिर, दुर्गा मंदिर, गीताज्ञान मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने दूध, दही, घी, शहद और पंचामृत से किशोरी जी का अभिषेक कर फूलों और श्रृंगार सामग्रियों से अलंकृत किया। चारों ओर 'राधे-राधे' के जयकारे गूंजते रहे और वातावरण भक्तिमय हो उठा। दोपहर तक सभी प्रमुख मंदिरों में महाआरती हुई और प्रसाद वितरण किया। भक्तों ने घरों में भी राधारानी की विशेष पूजा-अर्चना की और उनके जन्मदिन की बधाई दी। शाम को नगर के प्रमुख मंदिरों में नाम-संकीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन कर राधारानी के दिव्य स्वरूप का गुणगान किया।

### गूंजे राधे-राधे के स्वर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** श्री कृष्ण भावनामृत संघ इस्कॉन की ओर से राधा अष्टमी महोत्सव का आयोजन कांठ रोड स्थित बैंक्वेट हॉल में किया गया। महापौर विनोद अग्रवाल, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं की संयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता, मनीष पोपली ने सबसे पहले पुरोहितों के साथ राधा कृष्ण का अभिषेक किया। शरण प्रिय दास, महामुनि दास, सचि नंदन दास, साक्षी गौरांग दास, राधिका माधव दास, योगेश्वर दास, अचिंत्य कृष्ण दास, अक्षर निताई दास, मोहित अग्रवाल, राधा कांत गिरधारी दास रहे।

### रस्तोगी मंदिर में मनाई राधा अष्टमी

**अमृत विचार, मुरादाबाद :** अमरोहा गेट स्थित रस्तोगी मंदिर साहू परसादी लाल में वातावरण राधे-राधे के जयकारों से भक्तिमय हो गया। यहां हरिश्चंद्र वंशीय सभा की ओर से श्री राधा जन्मोत्सव मनाया। अखिलेश रस्तोगी, गुंजन रस्तोगी, आशा रस्तोगी और आरुष रस्तोगी ने विधि-विधान से राधा रानी की पूजा-अर्चना की और उनका अभिषेक किया। महिलाओं ने राधा रानी की भक्ति में लीन होकर भजन प्रस्तुत किए और नृत्य किया।

# पति से विवाद के बाद मायके पहुंची पत्नी ने की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● पत्नी की मौत के बाद पति ने भी काट ली हाथ की नस

**अमृत विचार :** पति से विवाद के बाद शनिवार को शाम मायके पहुंची विवाहिता अदिति फंदे पर लटक गई। जब तक परिजन फंदे से उतारते तब तक उसकी मौत हो गई। पत्नी की मौत की जानकारी के बाद पति योगेश ने भी अपने हाथ की नस काट ली। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

संभल के थाना नखासा क्षेत्र के गांव सुजातपुर उर्फ शहजादपुर निवासी योगेश की 10 साल पहले मझोला क्षेत्र के नया गांव निवासी अदिति से शादी हुई थी। विवाहिता ने वैवाहिक जीवन में तीन बच्चों को जन्म दिया। शनिवार की सुबह किसी बात को लेकर पति पत्नी के बीच विवाद हो गया। विवाद के बाद अदिति अकेली मायके में आ गई। मायके में पहुंचकर उसने विवाद की जानकारी दी। इसके बाद देर रात विवाहिता कमरे में फंदे पर लटक गई। भाइयों ने बहन को फंदे पर लटका देखा तो शोर मचा दिया। जब तक उसे फंदे से उतारा गया तब तक उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, पत्नी की मौत की जानकारी पर पति योगेश ने भी अपने हाथ की नस काटकर ससुराल पहुंच गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार ने बताया कि मृतका के परिजनों ने कोई भी कार्रवाई करने से इनकार कर दिया।

# कई गांवों में एक माह से बिजली संकट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● गांवों में धरना-प्रदर्शन करने के बाद भी नहीं हुआ समाधान, बिजली कर्मचारियों पर नहीं कोई असर

**अमृत विचार :** भीथ खेड़ा विद्युत उप केंद्र से जुड़े कई गांवों में बिजली आपूर्ति की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। क्षेत्र के गांवों में पिछले एक महीने से विद्युत तार टूटे पड़े हैं, जिसकी सूचना ग्रामीणों ने बार-बार विभाग को दी, लेकिन अब तक न तो कोई बिजली कर्मचारी मरम्मत करने आया और न ही समस्या का समाधान हुआ।

भीथ खेड़ा विद्युत केंद्र से जुड़े भीथ खेड़ा समेत कई गांवों में पिछले एक महीने बिजली आपूर्ति चरमराई हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय लापरवाही के कारण भीथ खेड़ा के साथ-साथ गांव सुल्तानपुर गोविंदपुर कलां, महमदपुर दौलतपुर, लाला टीकर,रोडा, भैया नगला, गैतौरा, गणेशपुर, नंगली समेत कई गांवों में पिछले एक महीने से से मुश्किल से 24 घंटे में 4 से 5 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। इसके कारण ग्रामीणों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार बिजली न रहने से पेयजल आपूर्ति ठप है, जिससे गांवों में पानी की भारी कमी बनी हुई है। वहीं, रात के समय अंधेरे में लोग असुरक्षा और असुविधा महसूस कर रहे हैं। किसानों ने भी शिकायत की कि बिजली की कमी से उनकी सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है और फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका है। ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद विभाग के अधिकारी और कर्मचारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। मरम्मत और नियमित बिजली आपूर्ति बहाल के लिए कई बार ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से विरोध प्रदर्शन और धरना भी दिया। लेकिन इसके बावजूद कोई सुनने को तैयार नहीं है। भीथ खेड़ा गांव के अरुण कुमार ने बताया कि पिछले एक माह से ट्रांसफार्मर फुंका और तार टूटे पड़े हैं। आस पास के गांव को ट्रांसफार्मरों से बिजली आपूर्ति दी जा रही है। जिससे 24 घंटे में 2 से 3 घंटे बिजली आपूर्ति मिल रही है।



भीथ खेड़ा गांव में फुंका पड़ा ट्रांसफार्मर और टूटे पड़े तार। ● अमृत विचार

## कई क्षेत्रों में दो से तीन घंटे बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** विद्युत विभाग ने एक सितंबर को निर्धारित शटडाउन का कार्यक्रम जारी किया है। इसके तहत जोन-ई, सर्किल-ई, वन डिवीजन के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

मुख्य अभियंता प्रशांत कुमार ने बताया कि सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक 33/11 केवी वेव ग्रीन सब स्टेशन से जुड़े क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। इस अवधि में 33 केवी केबल चार्जिंग कार्य किया जाएगा। इसी तरह, दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक 3 घंटे, 33/11 केवी पीटीसी सबस्टेशन से जुड़े क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान 33 केवी केबल चार्जिंग कार्य किया जाएगा। बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि निर्धारित समय के दौरान वैकल्पिक प्रबंध कर लें।

# स्लोगन और पेंटिंग्स से लोगों को नेत्रदान के लिए किया प्रेरित



नेत्रदान जागरूकता पोस्टर प्रतियोगिता में हिस्सा लेते विद्यार्थी।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े के अंतर्गत सीएल गुप्ता नेत्र संस्थान में मुरादाबाद नागरिक समाज के सहयोग से नेत्रदान जागरुकता पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

प्रतियोगिता में एसएस चिल्ड्रन अकादमी, आरएसडी अकादमी, पीएमएस पब्लिक स्कूल, श्री साईं कन्या इंटर कॉलेज, मेथोडिस्ट कन्या इंटर कॉलेज, महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज, ग्रीन मीडोज पब्लिक स्कूल, गोल्डन गेट ग्लोबल स्कूल, चित्रगुप्त इंटर कॉलेज, सीएल गुप्ता स्कूल ऑफ ऑपटोमेट्री के 160 बच्चों ने हिस्सा लिया। बच्चों ने नेत्रदान जागरूकता पर स्लोगन एवं पेंटिंग्स बनाकर नेत्रदान का संदेश दिया। मुनास संस्था के सदस्य रवि टंडन, संजीव वर्मा, संजय नारंग, संदीप खन्ना दर्शना खन्ना रहे। संचालन गरिमा सिंह ने किया।

पहल | खिलाड़ियों के लिए चल रही योजनाओं के बारे में बताने के लिए सप्ताह में एक दिन होगी कार्यशाला

# खिलाड़ियों को स्वावलंबन के गुर सिखाएगा विभाग

कार्यालय संवादाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** खेल के मैदान में प्रतिभा को निखारने के साथ ही खिलाड़ियों को अब आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी कदम उठाए जाएंगे। नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में पंजीकृत 250 खिलाड़ियों के लिए कार्यशाला शुरू की जाएगी, जिसमें उन्हें ऐसी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी जो खेल और खिलाड़ियों के उत्थान के लिए शुरू की गई हैं। यह पहल क्रीड़ाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने स्थानीय स्तर पर शुरू की है।

उन्होंने बताया कि कई प्रतिभावान खिलाड़ी ऐसे हैं, जिन्हें सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी ही नहीं होती, जिसके कारण वे उन योजनाओं का लाभ नहीं उठा पाते। खिलाड़ियों को स्वावलंबी बनाने और उनका भविष्य सुरक्षित करने के उद्देश्य से यह कार्यशाला 8 सितंबर से शुरू की जाएगी। कार्यशाला सप्ताह में एक दिन आयोजित की जाएगी। इसमें खिलाड़ियों को विभिन्न विभागों और योजनाओं के बारे में जैसे खेल छात्रवृत्ति योजनाएं, बीमा योजनाएं, रोजगार एवं करियर मार्गदर्शन, स्वास्थ्य और पोषण संबंधी कार्यक्रम, प्रशिक्षण व प्रतियोगिता में सहायता योजनाएं आदि की जानकारी दी जाएगी। कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञ भी आमंत्रित किए जाएंगे, जो खिलाड़ियों को बताएंगे कि योजनाओं के लिए आवेदन कैसे करें और किन दस्तावेजों की जरूरत होती है। साथ ही खिलाड़ियों की शंकाओं का समाधान भी किया जाएगा। यह पहल न केवल खिलाड़ियों को योजनाओं से जोड़ने का काम करेगी, बल्कि उनमें जागरूकता भी बढ़ाएगी। खिलाड़ी न सिर्फ अपनी प्रतिभा को निखार पाएंगे, बल्कि अपने करियर और जीवन को भी नई दिशा दे पाएंगे।




नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम। ● अमृत विचार

### अभ्यास के दौरान आने वाले चुनौतियों पर भी होगी चर्चा

उन्होंने बताया कि कार्यशाला में खिलाड़ियों की समस्या का भी समाधान करने का हर संभव प्रयास रहेगा। स्टेडियम में अभ्यास के दौरान खिलाड़ियों को किसी तरह की दिक्कत, जरूरत तो नहीं या उन्हें किस तरह की चुनौतियों से जूझना पड़ रहा है आदि बिंदुओं पर भी चर्चा होगी।

## इंस्टाग्राम पर युवती की फोटो-वीडियो वायरल करने में रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना कटघर क्षेत्र की युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया उसकी पहचान 10 माह पहले अहसान निवासी ग्राम सैफनी जिला रामपुर से हुई थी।

पीड़िता के अनुसार अहसान ने उससे पैसे की मांग की थी। इस पर उसने 30,000 ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद आरोपी बार-बार और पैसे मांगने लगा। जब युवती ने पैसे देने से इंकार किया तो अहसान ने उसकी फोटो और वीडियो लेकर इंस्टाग्राम पर नाम से नई आईडी बनाकर वायरल कर दी। पीड़िता ने परेशान होकर थाने में शिकायत दर्ज कराई। थाना कटघर प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि युवती की तहरीर के आधार पर नामजद आरोपी अहसान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पति और जेठ ने महिला का जीना किया दुश्वार, कर रहे उत्पीड़न और अश्लीलता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● पीड़िता ने आरोपी पति व जेठ के खिलाफ मझोला थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला ने अपने पति और जेठ पर गंभीर आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि उसका पति 10 लाख रुपये की मांग करता है और मांग पूरी न होने पर आए दिन मारपीट करता है, जबकि जेठ उससे अश्लील हरकतें करता है और अवैध संबंध बनाने का दबाव डालता है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी जाती है।

थाना मझोला पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़ित महिला ने बताया कि उसका पति और जेठ आए दिन उसे प्रताड़ित करते हैं। पति लगातार 10 लाख रुपये की डिमांड करता है और कहता है कि उसने अपने बड़े भाई से कारोबार और शादी के लिए उधार पैसे लिए हैं, जिन्हें लौटाना है। रुपये न लाने पर जान से मारने और दूसरी शादी करने की धमकी दी जाती है। महिला ने आरोप लगाया कि उसका जेठ उसके साथ जबरन अश्लील हरकतें करता है। कभी रास्ते में पीछे से पकड़ लेता, कभी शरीर पर गलत तरीके से हाथ लगाता है। जब उसने इसका विरोध किया और शिकायत पति से की तो पति ने भी उसे ही पीटा और कहा कि भाई जो चाहे करे, तुझे मना नहीं करना है। पीड़िता ने कहा कि बीती 29 अगस्त दोपहर लगभग 12 बजे के बीच जब वह कमरे में अकेली थी तो जेठ जबरन कमरे में घुस आया और जबरदस्ती करने की कोशिश की। विरोध करने पर उसने दुपट्टे से गला घोटने का प्रयास किया और जान से मारने की धमकी दी। शोर मचाने पर जेठानी और पति मौके पर आ गए। जेठानी ने अपने पति को खरीखोटी सुनाई लेकिन महिला का पति उसे ही धमकाने लगा कि यदि बात बाहर बताई तो जान से मार देगा। महिला किसी तरह मौके से निकलकर मायके पहुंची और परिजनों को पूरी घटना बताई। इसके बाद उसने पुलिस से गुहार लगाई।

थाना प्रभारी निरीक्षक मझोला रविंद्र कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर पति और जेठ दोनों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है और विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

## दो पक्षों में चले लाठी डंडे, आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**कुंदरकी, अमृत विचार:** एक दिन पहले हुए झगड़े में दोबारा से दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और जमकर लाठी डंडे चले जिसमें कई लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ थाने में शिकायती पत्र देते हुए कार्यवाही की मांग की थी। पुलिस ने पांच नामजद और अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम हरियाना निवासी सिब्ते हसन ने तहरीर दी कि रविवार की सुबह अपने खेत पर काम कर रहा था तभी एक दिन पहले हुए झगड़े को लेकर जमीर, अयूब, अली नवाज, नसीम और वसीम और कुछ अज्ञात लाठी डंडे और सरिया लेकर आ गए और उसे मारने पीटने लगे। उसने किसी तरह अपने घर वालों की झगड़े की सूचना दी। जैसे ही घरवाले वहां पर पहुंचे तो आरोपियों ने उन पर भी जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया और सभी को बुरी तरह से मारा पीटा। दो लोग घायल हो गए।जान से मारने की धमकी दी। शोर शराबा होने पर फरार हो गए। दूसरे पक्ष ने भी कई लोगों के खिलाफ थाने में शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की थी।

# गणपति बप्पा मोरया, अगले वर्ष तू जल्दी आ

## शोभायात्रा निकालकर श्रद्धालुओं ने गणेश प्रतिमाओं का किया विसर्जन, गूंजते रहे जयकारे

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** श्रद्धापूर्ण ढंग से गणपति की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। नगर में शिव शक्ति मंदिर मोहल्ला बंजारसन में चल रहे गणेश महोत्सव का रविवार को समापन किया गया। पंडित उदय कुमार ने हवन कराया। ठाकुर अजय प्रताप सिंह ने गणेश प्रतिमा का कोसी नदी में विसर्जन के लिए प्रस्थान कराया। मुकेश कुमार वर्मा, अनमोल वर्मा , कमलेश कुमार, मनोज कुमार चौहान, खुशाल कुमार, प्रियांशु कुमार, उदय कुमार, सुधीर नायक, ठाकुर प्रकाश, अजय वर्मा आदि भक्तों ने भाग लिया।

उधर ब्लाक क्षेत्र के गांव शरीफनगर प्राचीन शिव मन्दिर व बाल शिव मन्दिर में श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव का विसर्जन पंडित हरिओम शर्मा ने विधि विधान से कराया। भक्तों ने गणपति बप्पा की प्रतिमा को बहुत धूम-धाम से गुलाल होली के साथ झांकी के रूप मे भ्रमण कराया। मुख्य अतिथि भाजपा जिलामन्त्री भानूप्रताप सिहं रहे। गणपति बप्पा मोरया अगले वर्ष तू जल्दी आ के उदघोष के साथ बेरखेड़ा स्योहारा घाट स्थित रामगंगा में विधि विधानसे प्रतिमा को विसर्जित किया गया।

भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष कपिल चौहान, मोखी पधान, मनोज कुमार, स्वतंत्र एडवोकेट, कृष्णपाल सिहं, नीरज गहलौत, राधेश्याम, सुमित राणा, ठाकुर विपिन, विकास कुमार, भीम सिहं, नितेश चौहान, ब्रजराज सिहं, आशू चौहान, वेदप्रकाश सिहं, विपुल कुमार, अनुज चौहान, विशाल कुमार, सजल चौहान, हनी राणा, दीक्षित चौहान, सौरभ, दीशू आदि उपस्थित रहे।



शिव शक्ति मंदिर से गणेश प्रतिमा विसर्जन को ले जाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



कांठ में गणपति की पूजा अर्चना करते बड़ी संख्या में श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा की पूजा कर लगाया भोग

**कांठ, अमृत विचार :** वैश्य विश्नोई मंदिर में चल रहे भगवान श्री गणेश महोत्सव के पांचवें दिन महंत ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराई। महोत्सव में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भंडारे को प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। रविवार को मुख्य यजमान के रूप में डॉ. पंकज विश्नोई, उनकी पत्नी प्रियंका विश्नोई,

● **वैश्य विश्नोई मंदिर में चल रहे गणेश महोत्सव के पांचवें दिन भंडारा**

अनुज विश्नोई और उनकी पत्नी प्रियंका बिश्नोई मौजूद रहीं। पंडित सुरेन्द्र शर्मा व शुभम शास्त्री ने भगवान गणेश की पूजा कराई व हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। अनिल कुमार वर्मा ने भजन सुनाए। डॉ पंकज विश्नोई द्वारा कराए गए भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वैश्य सभा के अध्यक्ष अनिल कुमार विश्नोई, सुदेश बिश्नोई, वंदना विश्नोई, पार्थ विश्नोई, अनिल शर्मा, सुनीता देवी, माया विश्नोई, गौरव विश्नोई, अभय बिश्नोई, मनोज बिश्नोई, आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

## पॉवर लिफ्टर मौ. कैफ को किया गया सम्मानित

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** किसान इंटर कॉलेज में इंटरनेशनल गोल्ड मेडलिस्ट मौ. कैफ के सम्मान में समारोह का आयोजन हुआ। कॉलेज प्रशासक आरिफ पाशा एड ने उन्हें किसान रत्न के रूप में प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया। आरिफ पाशा ने कहा कि कैफ द्वारा रशिया से गोल्ड मेडल जीतकर लाना हमारे लिए गर्व की बात है। कैफ के पिता डॉ. नफीस अहमद, माता अफरोज जहां और बड़े भाई नोमान जमाल का भी स्वागत किया।

मोहम्मद कैफ ने कहा कि मैं भी आप लोगों के बीच से ही निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल पाया हूं इसलिए जीवन में लक्ष्य निर्धारित जरूर कीजिएगा। बता दें कि बीते हफ्ते रूस में हुए आईपीसी यूरेशियन पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में बिलारी के मोहम्मद कैफ ने लगभग 650 किलो भार उठाकर चार गोल्ड मेडल जीते। कार्यवाहक प्रधानाचार्य रियासतुल्लाह उस्मानी, आईटीएम डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ उजैर अली, सरफराज अली, अमर सिंह सैनी, ग्राम प्रधान मोहम्मद दिलशाद अली, अफ़ाक़ कमाल व अन्य मौजूद रहे। अध्यक्षता शायर डा नफीस अली व संचालन शायर कमर अली रजवी ने किया।



मौ. कैफ को सम्मानित करते आयोजक। ● अमृत विचार

## श्री जाहरवीर नवमी मेले में दूसरे दिन भी उमड़ी भीड़



जाहरवीर मेले में उमड़ी भीड़। ● अमृत विचार

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** नगर के पट्टी मौढ़ा में श्री जाहरवीर नवमी मेले में दूसरे दिन भी श्रद्धालुओं की भीड़ दिखाई दी। हजारों श्रद्धालुओं ने श्री जाहरवीर बाबा, गुरु गोरखनाथ चामुंडा स्थल पर प्रसाद चढ़ाया। इसी के साथ यहां लगे मेले में महिलाओं पुरुषों और बच्चों ने जमकर खरीदारी की। इस अवसर पर आयोजक कमेटी के अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह सैनी, उपाध्यक्ष मनोज चौहान, डॉ अशोक चौहान, सुधीर चौहान, कुलदीप सैनी, अजयपाल तोमर, परमानंद यादव, तेजपाल सिंह सैनी, विजेंद्र सैनी, आदि लोग मौजूद रहे। सुरक्षा की दृष्टि से चौकी इंचार्ज सुमित कुमार उप निरीक्षक कमलदीप सिंह, संदीप चौहान,आदि मौजूद रहे।

## बीस लाख की मांग पूरी न होने पर रिश्ता तोड़ा

**भोजपुर, अमृत विचार :** प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में गांव पीपलसाना निवासी विधवा सानम पत्नी नसीमुलहक ने बताया है कि 19 अक्टूबर को बेटी का रिश्ता मैनाठेर निवासी जमशेद के बेटे अली के साथ किया था। मंगनी में 5 लाख 65 हजार रुपए खर्च किए थे। 23 अगस्त को बेटी का ससुर जमशेद, सास बब्बो खालू इमरान, दो खाला खुशनसीब व गौसिया घर पर आईं और 20 लाख रुपए नकद की मांग करने लगीं। असमर्थता जताने पर धमकी देते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। जेठ तहसीनुलहक ने मौके पर आकर उन्हें समझाया पर उन्होंने एक नहीं सुनी। आरोपियों ने कहा कि हमारे बेटे के साथ विवाह नहीं किया तो तेरी बेटी के फोटो एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल कर बदनाम कर देंगे। उसकी दूसरी जगह भी शादी नहीं होगी। पुलिस ने आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

## दुर्गा सप्तमी के समापन पर महायज्ञ में दी पूर्ण आहुति



कालेवाला में स्थित चामुंडा मंदिर में यज्ञ में आहुति देते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव काले वाला स्थित चामुंडा देवी मंदिर पर दुर्गा सप्तमी पाठ के अंतिम दिन यज्ञ में पूर्ण आहुति देकर सुख समृद्धि की प्रार्थना की। विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया ।

कार्यक्रम में चामुंडा मंदिर समिति के अध्यक्ष डॉ दीपक चौहान , रविंद्र चौहान, मयंक चौहान, धर्मेंद्र चौहान, हर्षित चौहान ,विकास चौहान, कनिष्ठ चौहान , विवेक, विशाल,अजय वीर ,जितेंद्र भारद्वाज,अनिरुद्ध चौहान ,मोहित कश्यप ,लखनपाल, भुवनेश्वर चौहान, प्रधान रविंद्र सिंह, भास्कर चौहान, रिंकू गोला, मोहित कश्यप, मयंक चौहान, ऋषि पाल सिंह, नरेंद्र सिंह ,आदि मौजूद रहे ।

मंदिर समिति का अध्यक्ष डॉ. दीपक चौहान ने बताया कि 31 अगस्त को महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

## प्रेमी ने साथी के साथ की थी महिला डॉक्टर की हत्या, आरोपी भेजा जेल

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार:** महिला डॉक्टर हत्याकांड में पुलिस ने मुख्य आरोपी को जेल भेज दिया है। दूसरे आरोपी को बाल सुधार गृह में भेजा गया है।

गौरतलब है कि शनिवार की देर शाम कुंदरकी थाना क्षेत्र के चक्र फाजलपुर और रूपपुर के जंगल में गन्ने के खेत से पुलिस ने एक युवती का क्षत-विक्षत शव बरामद किया था। मृतका के पिता के द्वारा थाना बिलारी में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी जिसमें बताया गया था कि उसकी पुत्री 24 अगस्त को सेफनी स्थित क्लीनिक पर गई थी उसके बाद वापस नहीं आई। पुलिस द्वारा क्लीनिक स्टाफ व परिजनों से पूछताछ की गई तो प्रेम प्रसंग होने का मामला प्रकाश में आया था। 30 अगस्त को मृतका के पिता ने गौसे आलम पुत्र राहतजान निवासी ग्राम चक फाजलपुर थाना कुंदरकी पर शक जताया। पुलिस ने गौसे आलम को गिरफ्तार पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि उसने अपने एक साथी के साथ मिलकर युवती की हत्या की।



आरोपी गौसे आलम को जेल भेजती पुलिस।

पूछताछ में आरोपी गौसे आलम ने बताया कि उसकी युवती से कुछ समय पहले इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी तथा वे एक दूसरे से प्यार भी करने लगे थे। बाद में पता चला कि युवती के सम्बन्ध अन्य लड़कों से भी हैं। वह शादी करने के लिए दबाव बना

● **शादी का दबाव बनाने पर युवती को मार डाला**

रही थी। वह उससे पीछा छुड़ाना चाहता था। उसने 24 अगस्त को युवती को बिलारी बुलाया। वहां से मोटर साईकिल से उसे कुन्दरकी की ओर ले गया था । कुन्दरकी बाईपास पर उसका साथी खड़ा। तीनों कुन्दरकी बाईपास से जैतपुर पट्टी के सामने से नहटौरा की ओर जा रही सड़क से रेलवे लाइन के पास पहुंचे जहां बाइक खड़ी कर ईख के खेत में ले जाकर साथी के साथ मिलकर गला दबाकर हत्या कर दी। यवुती का मोबाइल व सिम तोड़कर जैतवाड़ा नदी में फेंक दिया था। थाना प्रभारी निरीक्षक उदय प्रताप मलिक ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद दूसरा बिसरा प्रिजर्व कर लिया गया है । तथ्यों के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

## राजेंद्रानंद महाराज को अर्पित की श्रद्धांजलि



कार्यक्रम में उपस्थित संत व गणमान्य व्यक्ति। ● अमृत विचार

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** हरिद्वार स्थित विश्नोई आश्रम में ब्रह्मलीन महंत स्वामी राजेंद्रानंद जी महाराज की श्रद्धांजलि सभा व सोढ़सी भंडारा में संत समाज, गणमान्य व्यक्तियों एवं भक्तजनों ने श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर प्रणवानंद जी महाराज को गद्दी सौंपकर आश्रम की सेवा-धारा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

● **श्रद्धांजलि सभा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य लोग शामिल**

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा मुरादाबाद के अध्यक्ष भावेश शर्मा ने शोक संदेश पढ़कर सुनाया।मास्टर धर्मपाल सिंह बिश्नोई, तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप कुमार, कुंवर सुरेंद्र सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, शैफाली सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष मुरादाबाद ने शोक जताया। यह जानकारी श्रीओम विश्नोई ने दी।

## तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा शरीफनगर मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहरा मच गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया।

उत्तराखंड के जनपद उधम सिंह नगर के थाना कुंडा के गौरा फॉर्म निकट जगतपुर पट्टी निवासी अमित कुमार पुत्र मुन्नू सिंह रविवार को थाना ठाकुरद्वारा क्षेत्र के गांव मानावाला मे दोपहर अपनी साली के घर से बाइक से घर लौट रहा था। वह जैसे ही मानावाला शिव मंदिर

● **पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर ट्रक कब्जे में ले लिया**

के निकट शरीफ नगर सुरजन नगर रोड पर पहुंचा सामने से तेज रफ्तार ट्रक चालक ने बाइक सवार को कुचल दिया । जिसमें बाइक सवार की दर्दनाक मौके पर मौत हो गई । घटना के बाद तत्काल मौके पर जुटी भीड ने ट्रक चालक को पकड़ लिया । मौके पर लम्बा जाम लग गया। घटना की जानकारी मिलते हुए अमित कुमार के घर में कोहराम मच गया। अमित की पत्नी वर्षा बेटी अक्षरा,चाहत और पुत्र अक्षर का रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस में मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आरोपी ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया है

## देवर पर दुष्कर्म का आरोप, पति ने दिया तलाक

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर के एक मोहल्ला निवासी महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी कि उसकी शादी असलम से हुई थी। असलम करीब चार साल से दुबई में नौकरी कर रहा है। 8 जुलाई 2025 को सुबह वह घर पर अकेली थी। तभी देवर जबरन घर में घुस आया और डरा-धमकाकर दुष्कर्म किया।

जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दी। महिला ने घटना की जानकारी फोन पर अपने पति असलम को दी, जिस पर उसने कार्रवाई करने से मना किया। इतना ही नहीं, पति ने मोबाइल पर ही तीन बार "तलाक" बोलकर उसे तलाक दे दिया और कहा कि वह अब दूसरा निकाह करेगा। कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## विकास कार्यों में जिले की बड़ी छलांग, 50 वें से पहुंचा 8 वें पर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिले के विकास कार्यों को लेकर बड़ी उपलब्धि सामने आई है। वित्त एवं 15वें केंद्रीय वित्त आयोग से कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा में मुरादाबाद ने अभूतपूर्व प्रगति दर्ज की है। पिछले वर्ष मुरादाबाद 50 जिलों में अंतिम स्थान पर था, वहीं इस वर्ष 8वें स्थान पर है।

रविवार को उप निदेशक पंचायत राज अभय कुमार यादव ने बताया कि ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारियों पर शिकंजा कसने के बाद विकास कार्यों में जबरदस्त तेजी आई है। गांव-गांव में मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए प्राथमिकता तय की गई। इसी के तहत सड़कों,नालियों, सामुदायिक भवनों का निर्माण, पेयजल व्यवस्था और स्वच्छता संबंधी योजनाओं को ध्यान में रखा गया। योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और समयबद्धता को सुनिश्चित किया गया, जिससे गुणवत्ता में सुधार हुआ बल्कि जिले की रैंकिंग भी बेहतर हुई। इसके अलावा लगातार निरीक्षण, मॉनिटरिंग और ग्राम पंचायत स्तर पर जवाबदेही तय करने से भी गति बनी रही। गौरतलब है कि पंचायत राज विभाग द्वारा विकास कार्यों की प्रगति का नियमित मूल्यांकन किया जा रहा है। इस उपलब्धि के पीछे जिला प्रशासन, पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय निकायों की संयुक्त भूमिका मानी जा रही है। उन्होंने बताया हालांकि मुरादाबाद जनपद मंडल में बेहतर स्थिति में वहीं रामपुर संभल और बिजनौर की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें

मो. 7906815587

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी इण्टर परीक्षा वर्ष 2022 जिसका अनुक्रमांक 2225460120 का मूल अंक प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। काफी तलाशने के बाद अभी तक नहीं मिला। **सपना पुत्री राधेश्याम-निवासी मिलक भेन्सिया मुरादाबाद**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## विनोद महानगर अध्यक्ष व गौरव को महानगर मंत्री मनोनीत किया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) महानगर की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। डॉ. विनोद कुमार पांडेय को महानगर अध्यक्ष तथा गौरव क्षत्रिय को महानगर मंत्री नियुक्त किया गया।

रविवार को बैंक कॉलोनी में विजय निकेतन भवन में एबीवीपी के कार्यालय में नई कार्यकारिणी के चुनाव की व्यवस्था की गई थी, जिसके लिए चुनाव अधिकारी विभाग प्रमुख योगेंद्र कुमार चुनाव अधिकारी बनाया गया था। चुनाव में प्रांतीय पदाधिकारी की सहमति से महानगर अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार पांडेय को बनाया। वहीं, महानगर मंत्री गौरव क्षेत्रीय चुना गया। महानगर उपाध्यक्ष के रूप में संजीव कुमार, डॉ. अनीता, कुशल कुमार, दीपक मिश्रा और संजय कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं, महानगर सहमंत्री पद पर छवि नाथ अरोड़ा, ऋषभ गौतम, प्रसून माथुर, पायल यादव और राजा शर्मा को मनोनीत किया गया। तहसील संयोजक का दायित्व अनमोल शर्मा को दिया गया। खेलो भारत संयोजक के रूप में शिवा चहल, मीडिया संयोजक हर्ष सक्सेना तथा सह संयोजक कुनाल को नियुक्त किया गया। सोशल मीडिया संयोजक की जिम्मेदारी रॉबिन चौधरी को सौंपी गई। बैठक में परिषद के पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत करने और छात्र हित के मुद्दों पर प्रभावी संघर्ष करने का संकल्प लिया।





अभाविप के नवनियुक्त पदाधिकारी। ● अमृत विचार

● **अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मुरादाबाद महानगर की नई कार्यकारिणी का गठन**

## दुष्कर्म के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**कांठ, अमृत विचार :** नगर पंचायत ऊमरी कलां के मोहल्ला नसीराबाद निवासी एक महिला ने तहरीर दी कि पति बाहर काम करता है। महिला का आरोप है कि घर के सामने परचून की दुकान करने वाला बिलाल पुत्र इदरीश उसके साथ गंदी हरकत करता है। 20 मई की रात बिलाल ने उसका गेट खटखटाया। गेट खोला तो बाहर बिलाल तमंचा लिए खड़ा था।

उसने तमंचे के बल पर उससे दुष्कर्म किया। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में महिला ने थाना कांठ पुलिस से शिकायत की ।बाद में उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिए कोई कार्यवाही नहीं हुई तो न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

## विधायक ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख़्तर ने कांठ स्थित अपने कैंप कार्यालय पर क्षेत्रवासियों से मुलाक़ात की और उनकी विभिन्न समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और अधिकारियों से वार्ता कर उनका निराकरण कराया।

लोगों ने विद्युत आपूर्ति में आ रही दिक़्क़तों, किसानों को खाद की कमी, सड़क और नाली की मरम्मत, राशन वितरण में गड़बड़ी तथा पेंशन जैसी योजनाओं में आ रही रुकावटों जैसी समस्याओं को विस्तार से रखा। किसानों ने विशेष तौर पर बाढ़ के पानी से हुई भारी तबाही का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि खेतों में खड़ी धान, गन्ना और अन्य फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। किसानों ने सरकार से मुआवज़े की मांग रखी।



नागरिकों की समस्याएं सुनते विधायक कमाल अख़्तर। ● अमृत विचार

● **अधिकारियों से वार्ता कर समस्याओं का निराकरण कराया**

विधायक कमाल अख़्तर ने किसानों की तकलीफ़ों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं को उच्च स्तर तक पहुंचाया जाएगा। कहा, किसानों की लड़ाई मेरी लड़ाई है, उनके साथ किसी भी तरह का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समाजवादी पार्टी सदैव आम जनता की आवाज़ उठाने और उनकी समस्याओं को दूर करने के लिए संघर्ष करती रही है। नाज़िम सैफ़ी, नईम अंसारी, अतिकुर्रहमान, तस्लीम प्रधान जी, डॉ दानिश, अमजद ख़ान, मुजीब ख़ान, आबिद चेयरमैन, नसीर सैफ़ी, जमशेद चेयरमैन, आरिफ मलिक, डॉ नौरतन सिंग, अंजार चौधरी, भूरा ख़ान, डॉ ज़ुबैर उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### आज निकलेगा चुप ताजिये का जुलूस

**रामपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला लाल कबर स्थित इमामबाड़ा मोहम्मद जफर बेग से सोमवार की सुबह 8 बजे चुप ताजिये का जुलूस निकलेगा। जिसमें साहिबे बयाज सवारी पढ़ते हुए चलेंगे। चुप ताजिए का जुलूस बजरिया मुल्ला जरीफ, जच्चा-बच्चा सेंटर, मिस्टनगंज, राजद्वारा, गांधी समाधि, राहे रजा, राहे जुल्फिकार, हाईवे, सीआरपीएफ कैंपस होते हुए आगापुर स्थित कर्बला पहुंचेगा।

### नीमा के पदाधिकारियों ने दी ईद की बधाई

**रामपुर, अमृत विचार :** रविवार को सिविल लाइंस के होटल में नीमा की ओर से ईद मिलन का आयोजन हुआ। मुख्यातिथि डॉ. विजेन्द्र गजराज व डॉ. नूपुर गुप्ता उपस्थित रहे। नीमा अध्यक्ष डॉ. मोहम्मद काशिक व सचिव डॉ. अर्पित गुप्ता ने सभी को ईद की बधाई दी। दोनों त्योहारों को मिलजुल कर मनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर डॉ. फसाहत अली रखा, अनवारूल हसन, डॉ. तरुण यादव, डॉ. गुंजन अग्रवाल, डॉ. अब्दुल सलाम, डॉ. हिमान्शु अनेजा, डॉ. दीपांशु, डॉ. एए एम. सक्सेना, डॉ. बुशरा, डॉ. सृष्टि बंदाल उपस्थित रहीं।

# श्रद्धालुओं ने धूमधाम से निकालीं विसर्जन यात्राएं

## गणपति विसर्जन यात्राओं का लोगों ने किया पुष्पवर्षा से स्वागत, भजन कीर्तन से भक्तिमय रहा माहौल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रविवार को शहर की सड़कों पर गणपति विसर्जन के लिए आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। रिमझिम बारिश के बीच गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के बीच भक्तों ने नृत्य किया।

सराय गेट स्थित संतोषी माता मंदिर पर श्री गणपत सेवा समिति एवं बाल गणेश भक्त मंडल की ओर से 5 दिन से गणेश महोत्सव मनाया जा रहा है। इस मौके पर सुबह 10 बजे भगवान गणेश 101 दीपक से आरती और श्रृंगार किया गया। शोभा यात्रा की शुरुआत सराय गेट से होते हुए, चौकी हजियानी होते हुए नया गंज अनाज मंडी, सफदरगंज, चंपा कुमारी धर्मशाला, सराफा बाजार, मिस्टन गंज, राजद्वारा, गांधी समाधि होते हुए कोसी नदी पर जाकर गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस बीच दिल्ली का बैंड और भांगड़ा पार्टी अपनी धार्मिक धुन बजाते चल रहे थे। भंगड़े की थाप भक्त नाचे गाते चल रहे थे। कमेटी के मुख्य सेवक अंकित कुमार ने बताया कि शनिवार रात को कानपुर से आई भजन गायिका रिचा पांडे ने अपने भजनों पर वातावरण भक्ति में कर दिया था।

रात भोग लगाकर 12 बजे से भंडारा शुरू हुआ था। इस मौके पर अंकित कुमार, दिनेश कुमार, मेवीराम तुरैहा, विभोर भटनागर, सुनील कुमार, कमल कुमार तुरैहा, मेवीराम तुरैहा, मंगल यादव, अमित यादव, नवीन कुमार, अरविंद राज, पीयूष कुमार, दीपक कुमार, मनीष कुमार, शोभित, ओम, कार्तिक, रिंकू, बंटी, समर्थ, पवन कश्यप, प्रीतम, राजू, मोहनलाल सैनी, पुजारी कृष्णा अवतार सहित अन्य भक्त मौजूद रहे।



कार्यक्रम में भजन सुनाती कलाकार। • अमृत विचार



भगवान गणेश की पूजा करते भक्त। • अमृत विचार



भगवान गणेश की प्रतिमा विसर्जन के लिए लेकर जाते श्रद्धालु।

### मराठा मंडल ने की गणेश भगवान की पूजा

रामपुर, अमृत विचार : अग्रवाल धर्मशाला में 24 गणपति बप्पा मोरया महोत्सव मराठा मंडल द्वारा धूमधाम से मनाया जा रहा है। उसी के चलते रविवार पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा ने मराठा मंडल सेवा पुजारियों को साथ लेकर पूजा की। इस मौके पर अन्ना मराठा, श्रीतोष मराठा, सूरज मराठा, सुमित मराठा, नाथू मराठा, राजू मराठा, संजय मराठा, संतोष मराठा, ऋतिक मराठा, अरविंद मराठा, सुरेश मराठा, प्रणय मराठा, सोमनाथ मराठा, संगीता सिंधू, सुप्रिया, उमा, सुजाता, रंजना, पूनम, इंदू, सीमा, सपना, मीना, अनुराधा, मीनाक्षी, अनुराधा पल्लवी, राधा, रश्मि, भरोसे लाल यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

# बौद्ध धर्म करुणा, मैत्री शांति का पोषक : गौतम



पनवड़िया स्थित बुद्ध विहार में आयोजित कार्यक्रम में बोलते वक्ता। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

• **पनवड़िया स्थित बुद्ध विहार में हुआ धम्म प्रेरणा समारोह**

**अमृत विचार :** पनवड़िया स्थित बुद्ध विहार में रविवार को धम्म प्रेरणा समारोह आयोजित हुआ। इसमें भारतीय बौद्ध महासभा के प्रांतीय अध्यक्ष मानसिंह गौतम ने कहा कि बौद्ध धर्म करुणा, मैत्री, शांति एवं विशुद्ध मानवता का पोषक है।

जिसमें प्राणी मात्र के प्रति अवैर की भावना लेशमात्र भी नहीं है। भगवान बुद्ध ने कहा है कि पुष्प की सुगंध वायु के वेग की ओर ही जाती है। लेकिन सत्पुरुष का यश चारों तरफ आलोकित होकर भलाई के कार्य ही करता है। रविवार को कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष ने कहा कि भगवान बुद्ध का धर्म बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय की भावना से सार्वभौमिक, सार्वदेशिक एवं सार्वजनीन है। डॉ. अरविंद कुमार गौतम ने कहा कि बाबा साहब ने धम्म को अंगीकार कर समाज में चेतना जागृत कर स्वाभिमान और सम्मान का मार्ग प्रशस्त किया। महासभा के जिला अध्यक्ष डॉ. सीएल चंचल की अध्यक्षता एवं जिला महामंत्री शोभित आदित्य के संचालन में हुए इस कार्यक्रम में नाहर सिंह, अनुराग गौतम, बांके लाल सागर, आरके प्रभाकर, डॉ. भारत सिंह, डॉ. केदार सिंह, मुरारी लाल सागर रहे।

# मौला अली की तरह गरीबों को खाना खिलाएं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** इमामबाड़ा किला में रविवार दोपहर सैयद बाकर अली नकवी के चेहल्लुम की मजलिस को खिताब करते हुए पूर्व मंत्री मौलाना सैयद जावेद आब्दी ने कहा कि गरीबों को खाना खिलाएं। क्योंकि मौला अली ने हमेशा गरीबों को खाना खिलाया। मौला ने कहा कि कभी किसी कंजूस आदमी से मशवरा नहीं करना चाहिए।

इमामबाड़े में मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना ने कहा कि अपने दस्तरख्वान पर गरीबों को खाना खिलाएं। इससे अल्लाह खुश होता है और रिज्क में बरकत अता करता है। मौलाना ने किस्सा सुनाते हुए बताया कहा कि अली की बेटी हजरत जैनब ने पहली मजलिस पढ़ी। हजरत जैनब जब अपने घर पहुंची तो दो मुसल्लों को बिछा देखकर उन्होंने अपने सिर को पीटना शुरू कर दिया। मजलिस में मौलाना मूसा रजा, मौलाना अली मोहम्मद नकवी, मौलाना जमान बाकरी, गुलशन अब्बास नकवी, चमन अब्बास नकवी, असलम नकवी, कमर जैदी, मोहम्मद आजाद, मिर्जा मुज्तबा अली बेग, अली हैदर जैदी, सलीम हैदर जैदी, वसीम हैदर जैदी समेत काफी तादाद में अजादार मौजूद रहे। सपा सरकार में मंत्री रहे मौलाना जावेद आब्दी ने अनौपचारिक बातचीत में कहा कि पार्टी का संदेश है कि अपने एक-एक वोट पर नजर रखें। उन्होंने कहा कि वह पूर्व मंत्री आजम खां से मिलने सीतापुर जेल गए थे। समय मिलने पर उनके घर भी जाएंगे। कहा कि पहले बूथ लुटते थे लेकिन, अब तो पूरा चुनाव लुट जाता है। यह लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है जल्द ही इंकलाब आएगा।



इमामबाड़ा किला में मजलिस को खिताब करते मौलाना सैयद जावेद आब्दी।

• **इमामबाड़ा किला में हुई चेहल्लुम की मजलिस**

### 15 को होगी जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय में डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन एवं फिजिकल कॉलेज के तत्वावधान में सात दिवसीय योगासन खेल प्रशिक्षण शिविर में बच्चों को योगाभ्यास कराया गया। नोडल अधिकारी डॉ. अनूप सिंह ने बताया कि अब 15 सितंबर को जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता होगी। जिसमें जिले भर के स्कूलों से आए बच्चे प्रतिभाग करेंगे। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अंडर-14,17 और अंडर-19 आयु वर्ग में के बालक-बालिका चार इवेंट केटेगरी में प्रतिभाग करेंगे। प्रशिक्षकों द्वारा ट्रेडिशनल योगासना, कलात्मक एकल योगासना, कलात्मक युगल योगासना, कलात्मक युगल योगासना कराया गया। योगासन शिविर शाम 4 बजे से राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय में संचालित किया जा रहा था जिसमें योग प्रशिक्षक अंतरा यादव ने स्कूली बच्चों को निशुल्क योगाभ्यास कराया।

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, राधा अष्टमी मनाई



श्री कृष्ण जन्मोत्सव एवं राधा अष्टमी पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते वक्ता। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

• **अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा ने किया कार्यक्रम**

**अमृत विचार :** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के तत्वावधान में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं राधा अष्टमी समारोह आगापुर स्थित बैंक्वेट हॉल में मनाया। मुख्यातिथि पूर्व न्यायाधीश हाईकोर्ट प्रयागराज रविंद्र सिंह यादव ने बच्चों की शिक्षा पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि विकसित समाज की जड़ शिक्षा से होकर जाती है। उन्होंने दहेज प्रथा, मृत्यु भोज को खत्म करने, नशा नहीं करने पर जोर दिया। इससे पहले छात्राओं ने लाठी और तलवार चलाकर स्वयं की रक्षा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन स्वागत गीत से हुआ। इसके बाद राधा कृष्ण भजन मंडली द्वारा राधा कृष्ण का भजन गाया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि ने यादव समाज के वरिष्ठ नागरिकों को पटका पहनाकर सम्मानित किया। मुख्य वक्ता डॉ. बृजपाल सिंह ने कहा कि मुख्य वक्ता डॉ. बृजपाल सिंह यादव ने श्री कृष्ण एवं राधा जी के संपूर्ण जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि राधा नाम ही प्रेम का नाम है। भगवान श्री कृष्ण की भागवत गीता में भी उल्लेखित है कि मेरी आराधना तभी पूर्ण मानी जाएगी जब श्री राधा रानी का स्मरण होगा। अध्यक्षता हरज्ञान सिंह यादव ने की, संचालन उमेश यादव और राधेश्याम यादव ने किया। इस मौके पर राधेश्याम यादव, राजेंद्र सिंह यादव, उमेश यादव, प्रेमपाल सिंह यादव, श्रीपाल यादव, रामनाथ यादव, महेशपाल यादव, सोरन सिंह यादव, तिलक राज सिंह, संजीव यादव, आदेश यादव, नरेश यादव, निधि भोपाल, अखिलेश यादव, संकेत यादव, सतपाल यादव, धर्मवीर यादव आदि उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मनाएंगे ईद मिलादुन्नबी

**बिलासपुर, अमृत विचार :** सीरत कमेटी ने बैठक कर जश्ने ईद मिलादुन्नबी को जश्न के रूप में मनाने का प्रस्ताव रखा। साथ ही नई परम्परा न डाले जाने का भी निर्देश दिया गया।

रविवार रात सीरत कमेटी की बैठक शादाब खां के आवास पर हुई। बैठक के दौरान कमेटी के सदर बच्छन खां ने कहा कि नगर में प्रत्येक वर्ष सीरत कमेटी के तत्वावधान में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस निकाला जाता है। जुलूसे मोहम्मदी में शामिल होने वाले लोग अदब और एहतराम के साथ ही खुशियां मनाएं। कोई नई परम्परा न डाली जाए। बाद में कमेटी के सदस्यों ने कहा कि पूर्व की तरह जुलूस नगर के माठखेड़ा मार्ग स्थित ईदगाह से सुबह नौ बजे शुरू होगा। जोकि नगर में घूमते हुए हजरत शीरी बाबा की दरगाह पर जाकर सम्पन्न होगा। इस मौके पर इस्तेखार हुसैन खां, अयाज खां, सज्जन मियां, बच्छन भाई, समद अली, शादाब खां सहित मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने शहर इमाम के सोयम में की शिरकत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** कांग्रेसियों ने रविवार को शहर इमाम मौलाना मुफ्ती महबूब अली के सोयम में शिरकत की। जिलाध्यक्ष प्रमिल कुमार शर्मा उर्फ निक्कू पंडित ने कांग्रेस परिवार की ओर से शहर इमाम के बेटे डॉ. जफर अली अंजुम को शोक पत्र भेंट किया। उनके तीनों बेटों से मुलाकात कर गहरी संवेदनाएं व्यक्त की।

जिला अध्यक्ष निक्कू पंडित ने कहा कि मुफ्ती महबूब अली का निधन रामपुर ही नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए अपूर्णीय क्षति है। शहर इमाम का जीवन सर्वधर्म सम्भाव की सजीव मिसाल है। यही कारण है कि सभी धर्मों और जातियों के लोग उनका समान रूप से सम्मान करते थे। मुफ्ती-ए-शहर मौलवी मकसूद अहमद, शहर इमामे-जामा मस्जिद मौलाना रेहान खां, मौलवी फैजान खां और काजी-ए-शहर मौलाना सय्यद खुशनूद मियां से भी आशीर्वाद प्राप्त लिया। शहर अध्यक्ष बाकर अली खां, साहिर अली खां, जिला महासचिव शकील मंसूरी, जिला प्रवक्ता ताहिर अंजुम, मुमताज खां आदि मौजूद रहे।



जामा मस्जिद में डॉ. जफर अली अंजुम को शोक पत्र सौंपते कांग्रेसी।

# छात्रों ने नाते पाक पेश कर बांधा समां

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सौलत पब्लिक लाइब्रेरी के 91वें स्थापना दिवस पर लाइब्रेरी के हिमायतुल्लाह खान हाल में नाते पाक प्रतियोगिता में मदरसों और स्कूलों के 82 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। नात का मुकाबला जूनियर और सीनियर ग्रुप में हुआ।

रविवार सुबह कुरान ख्वानी के बाद सौलत पब्लिक लाइब्रेरी के संस्थापक सौलत अली खान और शहर इमाम मौलाना महबूब अली के लिए दुआएं मगफिरत हुई। मुख्यातिथि मौलाना मोहम्मद असलम जावेद कासमी रहे और अध्यक्षता डॉ. महमूद अली खां ने की। नात प्रतियोगिता में मदरसा जामिया उल उल उलूम फुरकानिया, मदरसा अरबिया फैजुल उलूम थाना टीन, मदरसा अरबिया फैजे हिदायत, दारुल उलूम गुलशने बगदाद इसलाहे कौम हायर सेकेंडरी स्कूल, कन्या गर्ल्स स्कूल, जामिया गर्ल्स जूनियर हाई स्कूल, सनवे सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शमसी गर्ल्स इंटर कॉलेज, राजकीय जुल्फिकार गर्ल्स इंटर कॉलेज, जामिया तरतील उल कुरान, फैजुल उलूम जूनियर हाई स्कूल, स्काईलार्क पब्लिक स्कूल, व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल, मदरसा जमीअतुल मुस्तफा, मदरसा मारीफुल कुरआन, हादी एकेडमी, जामिया रहमानिया, सेफ हैंड वर्ल्ड स्कूल, ब्लू अंब्रेला स्कूल, राइज एकेडमी जुठिया, यूपीएस कंपोजिट स्कूल घाटमपुर के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। निर्णायकों में नईम नजमी, हसन आफंदी, मजहर मियां मजहर रामपुरी, अब्दुल् अहद खां, आजर नोमानी, अजीज बकाई, आले अहमद खान सुरूर शामिल रहे। संचालन हुसैन मंजूर ने किया। कन्वीनर डॉ. मेहंदी हसन व डॉ. सैयद जाफर शाह ने स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. अदनान जियाई, हक रामपुरी, डॉ. अब्दुल वहाब सुखन, डॉ. सैयद अनवारुल हसन कादरी, हाफिज सदीद अहमद खान रहे।



सौलत पब्लिक लाइब्रेरी में हुई प्रतियोगिता में नात पेश करता छात्र। • अमृत विचार

• **सौलत पब्लिक लाइब्रेरी के 91वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम शुरू**

### इग्नू अध्ययन केंद्र में हुए 60 प्रवेश

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में इग्नू अध्ययन केंद्र में 31 अगस्त तक 60 प्रवेश हुए हैं। अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ. सोमेंद्र सिंह ने बताया कि इग्नू में यूजी, पीजी, डिप्लोमा और डिग्री के लिए छात्र-छात्राओं ने प्रवेश लिया है।

उन्होंने बताया कि 31 अगस्त को प्रवेश की तिथि बढ़ भी सकती है। इग्नू केंद्र में वर्ष 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया का आज अंतिम दिन था। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार संस्थागत शिक्षा प्रदान करने वाले विश्वविद्यालय अब व्यक्तिगत शिक्षा प्रदान नहीं कर सकते हैं, ऐसे में इग्नू व्यक्तिगत शिक्षा प्रदान करने में सहायक हो सकता है। यूजीसी अध्यादेश 2022 के अनुसार एक रेगुलर कोर्स के साथ एक प्राइवेट कोर्स भी साथ-साथ किया जा सकता है।

# शहर इमाम के लिए की दुआ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर इमाम मौलवी मुफ्ती महबूब अली का सोयम (तीजा) रविवार सुबह 8 बजे शहर की जामा मस्जिद में हुआ। लोगों ने शहर इमाम की मगफिरत के लिए दुआ की। काजी ए शहर सैयद खुशनूद मियां ने शहर इमाम की खुसूसियत के बारे में बताया।

शहर की जामा मस्जिद में रविवार को शहर इमाम के सोयम में काजी ए शहर सैयद खुशनूद मियां ने कहा कि मौलवी मुफ्ती महबूब अली हमेशा गुरूर तकब्बुर से दूर रहे। हर छोटे-बड़े से मोहब्बत से पेश आते थे। निहायत सादगी पसंद इंसान थे। अमेरिका से आए उनके बेटे डॉ. जफर अंजुम उर्फ सऊ मियां ने दुआ कराई। इस मौके पर मसूद अली, फैज अली, सईदउद्दीन, वसीम, नाजिश जमाल, शहर इमाम मौलवी नासिर खां, जाम मस्जिद इंतजामिया कमेटी के सेक्रेटरी मुकर्रम रजा इनायती समेत काफी तादाद में लोग मौजूद रहे।

सोयम की फातेहा के बाद के बाद लोगों ने उनके बेटों से मुलाकात कर गम का इजहार किया। पालिकाध्यक्ष के पति समाजसेवी मामून शाह खां, राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के जिला उपाध्यक्ष व प्रवक्ता काशिफ खां, माजिद खां उर्फ राजा खां ने जामा मस्जिद, मदरसा फुरकानिया में आयोजित महफिले ईसाले सवाब में शिरकत की।



शोक संवेदना व्यक्त करते पालिकाध्यक्ष पति मामून खां एवं अन्य।

## धर्मकर्म

### पारसनाथ और श्री आदिनाथ जैन मंदिर में हुई पूजा अर्चना

# शौच पालन से धुलने लगता है आत्मा का मैल : प्रज्ञा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** महापर्व दशलक्षण पर्व पर रविवार को इसका चौथा दिन उत्तम शौच दिवस के रूप में मनाया गया। फूटा महल स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर और शौकत अली रोड स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में भक्तों ने भगवान की पूजा-अर्चना कर आत्मशुद्धि एवं आंतरिक पवित्रता का संकल्प लिया।

ब्रह्मचारिणी प्रज्ञा दीदी ने कहा कि शौच का पालन करने से आत्मा के ऊपर जमे हुए कर्मों का मैल धीरे-धीरे धुलने लगता है। शाम को इंदौर और मथुरा से पधारे विद्वानों ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए उत्तम शौच धर्म का महत्व समझाया। कहा कि शौच का वास्तविक अर्थ केवल बाहरी स्वच्छता नहीं है, बल्कि मन, वचन और शरीर की पवित्रता है। जब तक हमारे विचार शुद्ध नहीं होंगे, तब तक जीवन में शांति और संतोष संभव नहीं। हमें लोभ, क्रोध और ईर्ष्या जैसे आंतरिक विकारों को त्यागकर आत्मा को स्वच्छ बनाना चाहिए। ब्रह्मचारिणी बबीता एवं ब्रह्मचारिणी प्रज्ञा दीदी (इंदौर) ने कहा कि जैसे गंदे पात्र में रखा हुआ अमृत भी दूषित हो जाता है, वैसे ही अशुद्ध हृदय में भक्ति और साधना का बीज अंकुरित नहीं हो सकता। शास्त्री अंकित जैन (मथुरा) ने कहा कि बाहरी स्वच्छता जितनी जरूरी है, उससे कहीं अधिक आंतरिक स्वच्छता महत्त्वपूर्ण है। यदि हम अपनी वाणी को मधुर रखें, आचरण को सादा रखें और मन को ईर्ष्या-द्वेष से मुक्त रखें, तभी उत्तम शौच धर्म की सार्थकता है। प्रवचनों के बाद आरती की गई। आरती के बाद बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। नृत्य, भजन और धार्मिक गीतों से वातावरण भक्ति-भाव से सराबोर हो उठा। प्रतियोगिताओं में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सभी को प्रभावित किया।



श्री पारसनाथ मंदिर में पूजा अर्चना करते लोग। • अमृत विचार

### चौथे दिन उत्तम शौच धर्म की आराधना की

**बिलासपुर, अमृत विचार :** श्री दिगंबर जैन मंदिर में दशलक्षण पर्व के चौथे दिन श्रद्धालुओं ने उत्तम शौच धर्म की अराधना की। साथ ही भक्तिभाव से श्रीजी की पूजा-अर्चना की। रविवार को मोहल्ला साहूकारा स्थित मंदिर परिसर में पंडित विकास जैन शास्त्री के निर्देशन में सर्वप्रथम विजय जैन ने श्रीजी का अभिषेक किया। बाद में चारों दिशाओं से डॉ. पीके जैन, श्रेय संदेश जैन, मनीष जैन, सचिन जैन ने अभिषेक किया। राजीव जैन ने दिव्यमंत्रों द्वारा शांतिधारा श्रीजी को अर्पित की गई। जबकि रिंकी जैन द्वारा परिवार के साथ मंगल आरती की। साक्षी जैन द्वारा धार्मिक प्रतियोगिताएं कराई गई। जिसमें सभी ने भाग लिया और धार्मिक ज्ञान अर्जित किया। चौथे दिन उत्तम शौच धर्म पर प्रवचन कर पंडित विकास जैन शास्त्री ने कहा कि शौच का अर्थ होता है। शुद्धता या संतोष अर्थात लालच को त्यागकर शरीर, मन और वाणी को शुद्ध रखना ही शौच है। सायंकालीन कार्यक्रम में महाआरती का संगीतमय आयोजन किया गया। दिव्या जैन द्वारा भजन प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर संभव जैन, पुनीत जैन, भूमि जैन, कपिल जैन, समकित जैन, अंकित जैन, स्वदेश जैन, प्रत्यक्ष जैन, प्रीती जैन, सुमन जैन, कृति जैन, प्रज्ञा जैन, सविता जैन, अर्चना जैन, विपुल जैन, वीरेंद्र कुमार जैन आदि मौजूद रहे।

# साइकिल दौड़ में युवाओं ने किया प्रतिभाग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** खेल निदेशालय उप्र एवं भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा रविवार सुबह 8 बजे प्रतिदिन 1 घंटा साइकिल चलाएं और जीवन को स्वस्थ बनाने का संदेश देने के साथ साइकिल दौड़ का आयोजन हुआ। जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ने आंबेडकर पार्क से हरी झंडी दिखाकर साइकिल दौड़ को रवाना किया।

जिला क्रीड़ा अधिकारी ने कहा कि लोगों की दिनचर्या खराब हो गई है, जिसके कारण वे मधुमेह और उच्च रक्तचाप का शिकार हो रहे हैं ऐसे में एक घंटे की साइकिलिंग से लोग बीमारियों से दूर रहेंगे। रिमझिम बारिश के बीच रविवार की सुबह आंबेडकर पार्क से साइकिल दौड़ शुरू हुई जो कि गांधी समाधि होते हुए आंबेडकर पार्क पर संपन्न हुई। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी ने कहा कि पर्यावरण के लिए साइकिल बहुत बेहतर सवारी है। कहा कि वर्ष 2010 तक लोग खूब साइकिल चलाते थे और बच्चों के स्कूल जाने का साइकिल ही मुख्य वाहन था। लेकिन अब बच्चे अपने परिजनों से स्कूटी की मांग करने लगे हैं। उन्होंने अभिभावकों का आह्वान किया कि बच्चों को स्कूटी या बाइक नहीं दें, बल्कि साइकिल से स्कूल भेजें। ताकि उनका स्वास्थ्य बेहतर बना रहे। कहा कि बच्चों के अभिभावक स्वयं भी साइकिल चलाएं ताकि, उनका स्वास्थ्य भी बेहतर बना रहे। कहा कि स्वास्थ्य के लिए साइकिल से बेहतर कोई सवारी नहीं है। लोगों को प्रतिदिन कम से कम एक घंटा साइकिल अवश्य चलाना चाहिए। ताकि, वे शुगर, उच्च रक्तचाप और दमा की बीमारियों से दूर रहें। इस मौके पर तुषार शर्मा, डॉ. अनूप सिंह, मोहम्मद फहीम, फरहत अली खां समेत खेलो इंडिया और छात्रावास के परीक्षार्थी शामिल रहे।



साइकिल दौड़ में शामिल प्रतिभागी। • अमृत विचार

• **सुबह 8 बजे जिला क्रीड़ा अधिकारी ने दिखाई हरी झंडी**

# टैक्स देने से इनकार नहीं, लेकिन तरीका स्वीकार नहीं : शैलेंद्र शर्मा

## उप्र उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में व्यापारियों ने बनाई रणनीति, पालिका ने दिया आश्वासन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस स्थित आदर्श धर्मशाला में शनिवार रात उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल से जुडे. व्यापारियों और लोगों ने गृह और जलकर वृद्धि को लेकर बैठक की। इसमें संगठन के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने कहा कि टैक्स देने से इनकार नहीं है, लेकिन गलत तरीका स्वीकार नहीं।

उन्होंने कहा कि गृह और जलकर की वृद्धि का जल्द निष्कर्ष निकालेंगे। इसके लिए व्यापारी और क्षेत्र की जनता संगठन पर भरोसा रखे, उन्हें धोखा नहीं मिलेगा। नगर पालिका प्रशासन की मनमानी, अंधाधुंध बढ़ोतरी और तानाशाही रवैये को किसी भी कीमत स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसके विरोध में हम लगातार संघर्ष करते रहेंगे और परिणाम हासिल करके ही दम लेंगे। नगर पालिका नियम और कानून के अनुसार ही हाउस टैक्स और वाटर टैक्स में वृद्धि कर सकती है, इस प्रकार 100 गुना बढ़ोतरी करना बिल्कुल न्याय के विपरीत है। जिसे किसी कीमत स्वीकार नहीं किया जा जाएगा। गोलमोल तरीके से तथ्य छिपा कर पुरानी तारीखों में नोटिस जारी कर छल किया जा रहा है। उन्होंने आम जनता और व्यापारियों से समर्थन मांगा और पूर्ण भरोसा देने का आश्वासन दिया। व्यापारी नेता शाहिद शम्सी ने कहा कि पालिका प्रशासन ने आश्वासन दिया कि सभी को सुनवाई का अवसर दिया जाएगा। नोटिस प्राप्त करने वाले लोग जल्दबाजी न करें। नोटिस के जवाब की समय सीमा उक्त क्षेत्र में प्रशासन द्वारा लगाए जाने जा जाने वाले कैंप तक रहेगी। बहुत जल्द ही समाधान भी होगा।


बैठक में मौजूद व्यापार मंडल के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### ये लोग रहे मौजूद

बैठक में हरीश अरोरा, शुऐब मो खां, जगन्नाथ चावला, प्रदीप खंडेलवाल, शाकेब शमसी, इमरान सलीम, हारिस शमसी, संजीव कपूर, महेश जुनेजा, राकेश जुनेजा, लक्ष्मण कुमार, रामचंद्र, मोहित गुप्ता, मनोज गुप्ता, मनोज अग्रवाल, नजमी खां, मुराद खां, सतीश भाटिया, पुष्कर अग्रवाल, उजैर शम्सी, फैसल अहमद, पवन बांगा, मोहित बांगा, अनिल अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ


सांसद प्रतिनिधि मोहम्मद सलाम को गुलदस्ता देते नीमा के पदाधिकारी।

### सांसद का प्रतिनिधि बनने पर दी बधाई

**रामपुर, अमृत विचार :** नीमा रामपुर द्वारा रविवार को सभा में डॉ. मोहम्मद अब्दुल सलाम खान को सांसद मोहिब्बुल्ला नदवी का प्रतिनिधि मनोनीत करने खुशी व्यक्त की। रामपुर के डॉक्टर संगठन नीमा ने उन्हें गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इस कार्यक्रम में संत भाई जी बाबा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के उपाध्यक्ष सरदार गुरचरण सिंह आहूजा ने उनको बधाई दी।

### युवक को पीटने में चार पर रिपोर्ट

**स्वार, अमृत विचार :** कोतवाली के गांव निवासी युवक ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि दो दिन पहले उसकी बहन को कुछ लोग घर से उठा ले गए थे। जिसकी उसने नामजद आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी थी। इसके बाद उसका दोस्त सड़क के मझरे से एक होटल से चाय लेने के लिए गया था। इस दौरान थाना अजीमनगर के गांव कुंडी की मडैया अलीनगर शोमाली निवासी मुख्तियार खां पुत्र छोटू खां और गांव सट्टू नगला निवासी शादाब, पप्पू खां, रिसालत कार से उतरे और तमंचे निकाल लिए। इसके बाद उसके दोस्त गाली-गलौज शुरू कर दी। पुलिस ने आरोपियों को रोका तो आरोपी कार में बैठ कर फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर मिलने पर आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### पुलिस ने 25 हजार का इनामी पकड़ा

**रामपुर, अमृत विचार :** गंज पुलिस ने गश्त के दौरान फरार चल रहे 25 हजार के इनामी बदमाश को पकड़ लिया। पुलिस इनामी को पकड़ने के बाद थाने ले आई। थाना गंज इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी इदरीश काफी समय से फरार चल रहा था। वह बिजली का सामान चोरी करने का काम करता था। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया। उसके बाद कोर्ट ने उसको जेल भेज दिया।


उत्सव पैलेस में यदुवंशी जनकल्याण समिति द्वारा सम्मानित छात्र व अतिथि। ● अमृत विचार

# समारोह में मेधावियों को सम्मानित किया

**● यदुवंशी जन कल्याण समिति का उत्सव पैलेस में हुआ कार्यक्रम**

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** यदुवंशी जन कल्याण समिति शाखा रामपुर के तत्वावधान में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी समारोह उत्सव पैलेस में मनाया । इसी अवसर पर हाईस्कूल, इंटर, स्नातक, परास्नातक, बीएड, डीएलएड, बीटैक, एमटैक तथा अन्य उच्च कक्षा में उत्तीर्ण हुए यादव समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं और सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों और कर्मचारियों सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन बरेली से पधारे चंद्रकेश यादव सेवा निवृत्त जिला विद्यालय निरीक्षक व राधेश्याम सिंह यादव जीएसटी एवं सतीश यादव जीएसटी ने संयुक्त रूप से भगवान श्रीकृष्ण के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

मुख्यातिथि ने समाज के मेधावी बच्चों को पढ़-लिखकर समाज और देश के विकास में कार्य करने का संदेश दिया। जिलाध्यक्ष रोशन सिंह यादव ने सभी लोगों से सामाजिक कार्य में चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रांतीय कार्यकारिणी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, करण कुमार, जिला अध्यक्ष रोशन सिंह यादव, जिला सचिव सुधीर यादव, कोषाध्यक्ष सुभाष चंद्र यादव, रामकुमार, टीएन यादव, संजय यादव, राजीव सिंह, तिलक राज यादव, चंद्रकेश यादव, रोशन सिंह मुलायम सिंह, राजेंद्र सिंह यादव, शिव सिंह रहे।

मेधावी छात्र -छात्राओं में क्षितिज, रोबी, कशिश यादव, आकाश, अंशु, हर्षवर्धन श्रेष्ठ, वासू यादव, सचिन, राधा, अनुज, कुनाल, प्रिंस, विशाल यादव, सुदामा, अंशिका यादव, तपस्या, बॉबी, पलक यादव नीतू, प्रदीप आदि लगभग आठ दर्जन बच्चों को सम्मानित किया गया। वक्ताओं में नरोत्तम सिंह, अमरपाल, हरपाल सिंह, दिव्यांशी आदि रहे। समारोह की अध्यक्षता रोशन सिंह यादव ने तथा संचालन जिला सचिव सुधीर यादव ने किया।

# रोस्टर के अनुसार मिले विद्युत आपूर्ति

**● नोडल अधिकारी सुभाष चंद्र शर्मा ने विकास भवन में की समीक्षा**

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रामपुर के नोडल अधिकारी व प्रमुख सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण सुभाष चंद्र शर्मा ने रविवार को विकास भवन में योजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में अधिकारियों को रोस्टर के अनुसार शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति करने के निर्देश दिए।

उन्होंने खराब ट्रांसफार्मरों को गंभीरतापूर्वक निर्धारित समय सीमा के भीतर बदलवाने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह और मुख्य विकास अधिकारी नंदकिशोर कलाल सहित अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ योजनाओं की प्रगति को लेकर चर्चा की। नोडल अधिकारी ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति के साथ ही विद्युत आपूर्ति व्यवस्था तथा आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति के बारे में जाना और निर्देश दिए। विद्युत आपूर्ति को लेकर समीक्षा के दौरान नोडल अधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को बिजली संबंधित समस्याओं को समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। छात्रवृत्ति योजना में विद्यालयों और समाज कल्याण विभाग के स्तर से निर्धारित समय सारणी के अनुसार सभी प्रक्रियाएं पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि जन शिकायतों का निस्तारण उप्र मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता है। साथ ही समाधान दिवस और आईजीआरएस सहित विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाले शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही न करें। विभागीय अधिकारी अपनी योजनाओं के व्यापक प्रचार प्रसार को लेकर भी गंभीरता दिखाएं और अधिकतम पात्र लोगों को योजनाओं से जोड़ने के लिए प्रभावी कदम उठाएं।


विकास भवन में समीक्षा बैठक करते नोडल अधिकारी। ● अमृत विचार

### विवाहिता कोसी नदी में कूदी, ग्रामीणों ने बचाया

**टांडा, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र में विवाहिता ने पति से विवाद के चलते कोसी नदी में कूदकर आत्महत्या की कोशिश की। स्थानीय लोगों ने उसे बचा लिया।

सिविल लाइंस निवासी विवाहिता विमला का विवाह करीब तीन वर्ष पहले टांडा क्षेत्र के गांव ईश्वरपुर में हुआ था। ग्रामीणों ने बताया रविवार को वह गुस्से में घर से निकली और कोसी नदी में कूद गई। लोगों ने महिला को कूदते देखा तो उसे बचा लिया। इस घटना के बाद ग्रामीण महिला को टांडा कोतवाली ले आए। जहां पुलिस ने महिला के परिजनों को फोन कर कोतवाली बुलाया। कुछ देर बाद गुस्साए परिजन भी थाना पहुंचे और महिला के पति पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाने लगे। जिस पर पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाया, पुलिस की मध्यस्थता और समझाने के बाद परिजन उसे रामपुर अपने घर ले गए।

# हम संस्कारी हैं कमजोर नहीं : वीरेश



भारतीय किसान संघ प्रशिक्षण में शामिल पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रविवार को भारतीय किसान संघ विकास खंड स्वार के ग्राम रहमतगंज के शिव मंदिर पर ब्लॉक अध्यक्ष सोहपाल सिंह के नेतृत्व में प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। जिलाध्यक्ष वीरेश शर्मा ने किसानों के मुद्दों को लेकर कहा कि हम संस्कारी है, लेकिन कमजोर नहीं हैं।

प्रांत संगठन मंत्री जितेंद्र सिंह ने संगठन भारतीय किसान संघ की मूल संकल्पना पर प्रकाश डाला। संगठन मंत्री रमेश चंद ने संगठन की रीति नीति पर प्रकाश डाला गया। जिला उपाध्यक्ष मथुरा प्रसाद ने ने भारतीय किसान संघ की कार्य पद्धति के बारे में बताया। जिलाध्यक्ष वीरेश शर्मा ने कहा कि अपने अधिकार के लिए किसानों को सड़कों पर उतरना पड़ेगा। यह कहते हुए किसानों से अपील की कि 4 सितंबर के धरना प्रदर्शन में सभी किसान मिलक चलेंगे। इस दौरान हरिओम मौर्य, अरविंद कुमार, मिंटू तिवारी, सचिन शर्मा, संजीव वर्मा, रमेश शर्मा, हरविंदर सिंह, विकास कुमार, सत्य प्रकाश, देवेंद्र सिंह आर्य, गुरदीप सिंह, विकास कुमार, सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### महिला से दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग में रिपोर्ट

**टांडा, अमृत विचार :** महिला ने आरोपी पर संबंध बनाने व ब्लैकमेल कर लाखों रुपये तथा गहने हड़पने का आरोप लगाया। पीड़िता ने क्षेत्राधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली पुलिस ने आरोपी पर मामला दर्ज कर लिया है।

पीड़िता का आरोप है कि आरोपी युवक उसके घर रिश्तेदारी में आता-जाता था। उसने मोबाइल नंबर देकर बातचीत शुरू कर दी। बाद में आरोपी युवक महिला से मिलने उसके मायके भी पहुंचा और संबंध बनाए। इसके बाद वह वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। महिला का आरोप है कि डर के कारण उसने 3.25 लाख रुपये और छह तोला सोना दे दिया। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने शादी का दबाव भी बनाया और यहां तक कहा कि वह अपने पति को जहर देकर रास्ते से हटा दे। अब क्षेत्राधिकारी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने युवक पर दर्ज कर लिया है।



सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी को सम्मानित करते एसपी व एएसपी। ● अमृत विचार

# पुलिसकर्मियों को दी विदाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पुलिस लाइन स्थित सभागार में रविवार को उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त होने पर पुलिसकर्मियों का विदाई समारोह हुआ। पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी स्वार व शाहबाद स्मृति चिह्न व उपहार भेंट कर फूलमालाओं के साथ खुशहाल जीवन की शुभकामनाएं देते हुए चार पुलिसकर्मियों को विदाई दी। उपनिरीक्षक फूल सिंह निवासी बरेली सेवाकाल में 24 नगद पुरस्कार व 36 उत्तम प्रविष्टियां प्रदान की गई हैं। मुख्य आरक्षी सशस्त्र पुलिस रनवीर सिंह निवासी अलीगढ़ सेवाकाल में 30 नगद पुरस्कार व 20 उत्तम प्रविष्टि प्रदान की गई हैं। परम सिंह निवासी मुरादाबाद मुख्य आरक्षी सशस्त्र पुलिस के पद से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। सेवाकाल में 4 जनपदों में अपनी सेवाएं प्रदान कीं। सेवाकाल में 15 नगद पुरस्कार व 35 उत्तम प्रविष्टि प्रदान की गई है। लीडिंग फायर मैन नरेश कुमार निवासी उधमसिंह नगर ने 5 जनपदों में सेवाएं दीं।

# 1.82 लाख किसान करा चुके फार्मर रजिस्ट्री

**● सबसे अधिक बिलासपुर तहसील के किसानों ने कराई रजिस्ट्री**

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** एग्रीस्टैक परियोजना के तहत डिजिटल बेस किसान रजिस्ट्री तैयार की जा रही है। जिसके तहत जिले के 1.82 लाख किसानों ने फार्मर रजिस्ट्री कराई है, जबकि तीन लाख से ज्यादा किसान जिले में हैं।

उप कृषि निदेशक रामकिशन सिंह ने बताया कि बिलासपुर तहसील में 28547 के सापेक्ष 20,299 ने फार्मर रजिस्ट्री कराई है, जो सबसे ज्यादा 71.11 प्रतिशत है। जबकि मिलक में 58,622 के सापेक्ष 40,632, रामपुर में 79,939 के सापेक्ष 36,427, शाहबाद में 55,263 के सापेक्ष 34,602, स्वार में 47,594 के सापेक्ष 28,382, टांडा तहसील में 37,050 के सापेक्ष 22,515 किसानों ने फार्मर रजिस्ट्री कराई है। जिले में कुल 3,07,015 के सापेक्ष 1,82,857 किसानों ने फार्मर रजिस्ट्री कराई है। उन्होंने बताया कि किसान पोर्टल फार्मर रजिस्ट्री यूपी एप या जन सुविधा केंद्रों के माध्यम से अपनी फार्मर रजिस्ट्री करा सकते हैं। अब खतौनी में और आधार में नाम में आंशिक अंतर होने पर भी फार्मर रजिस्ट्री हो रही है। फार्मर रजिस्ट्री का पोर्टल भूलेख से लिंक हो गया है भूलेख में विवरण अपडेट होने पर किसान की फार्मर रजिस्ट्री आसानी से हो जाएगी। जिले में अब तक 59 प्रतिशत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री कराई जा चुकी है। किसान कृषि विभाग, राजस्व विभाग या पंचायत विभाग के कर्मचारी के माध्यम से संपर्क कर अपनी फार्मर रजिस्ट्री तैयार करा सकते हैं। फार्मर रजिस्ट्री में मुख्यतः कृषक की भूमि का विवरण संकलित होगा तथा आधार सहमति से उनको सरकारी योजनाओं का लाभ त्वरित प्राप्त होगा इसके अलावा अभिलेखों को बार-बार उपलब्ध कराने से मुक्ति मिलेगी।

### किसान सम्मान निधि के लिए अनिवार्य

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य है। जिसके लिए किसानों को अपनी फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य रूप से पूर्ण करानी है। जिले में लगभग 1 लाख प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों द्वारा अपनी फार्मर रजिस्ट्री नहीं करायी गयी है। जिसके कारण उनकी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि बंद हो सकती है साथ ही अन्य सरकारी योजनाओं से भी वंचित हो सकते हैं। किसानों की सुविधा के लिए जिले के सभी पंचायत सचिव, पंचायत सहायक, लेखपाल या कृषि तकनीकी सहायक को नामित किया गया है।

# साइबर अपराध बड़ी चुनौती, जागरूकता जरूरी : एसपी

**● पुलिस लाइन में साइबर क्राइम गोष्ठी में एसपी ने दिए निर्देश**


साइबर क्राइम गोष्ठी में चर्चा करते पुलिसकर्मी और अधिकारी ।

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र के नेतृत्व में एवं अपर पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में पुलिस लाइन में साइबर क्राइम से संबंधित गोष्ठी आयोजित की।

गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक द्वारा साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं से निपटने के लिए दिशा-निर्देश दिए गए। जिसमें कहा कि बदलते तकनीकी परिवेश में साइबर अपराध की चुनौतियां निरंतर बढ़ रही हैं। आमजन को जागरूक करना ही साइबर अपराध रोकथाम का सबसे प्रभावी उपाय है। प्रत्येक थाना स्तर पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्क को और अधिक सक्रिय एवं संवेदनशील बनाया जाए। पीड़ितों की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई तय की जाए। साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी एवं ठगी गई धनराशि की रिकवरी को विशेष प्रयास किए जाए।

गोष्ठी के दौरान ऑनलाइन ठगी, बैंक फ्रॉड, सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग, फर्जी लोन एप एवं निवेश घोटाले आदि के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही इनके निराकरण एवं विवेचना के दौरान अपनाए जाने वाले आधुनिक तकनीकी उपायों पर विस्तृत चर्चा की। कहा की किसी भी अज्ञात कॉल, संदिग्ध लिंक, फर्जी निवेश या ऐप से सतर्क रहें। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 अथवा पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर सकते हैं या नजदीकी पुलिस स्टेशन से संपर्क करें।

### पुलिस अधीक्षक ने 3 थानों का किया निरीक्षण

**रामपुर, अमृत विचार :** शनिवार रात को पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने शाहबाद, सैफनी और पटवाई थाने का निरीक्षण किया। सभी को सख्ती के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने शाहबाद थाने के निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय पर अपराध रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, फ्लाई शीट आदि चेक किया। साथ ही थाना परिसर में बने साइबर सेल, कम्प्यूटर कक्ष, कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, बैरक, भोजनालय, मालखाना आदि व विभिन्न पोर्टल पर की जाने वाली फीडिंग व साइबर सेल की कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया। उसके बाद पुलिस अधीक्षक ने आगामी त्योहारों के दृष्टिगत अपराध नियंत्रण, कानून, शांति व्यवस्था को देखते हुए शाहबाद क्षेत्र में भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस बल के साथ पैदल गश्त किया। पुलिस अधीक्षक ने थाना सैफनी व पटवाई थाने का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय पर बने अपराध, त्योहार मालखाना रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, फ्लाई शीट आदि एवं उनके रख रखाव, साफ-सफाई, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टियों को चेक किया।

### किसान संगठन के माध्यम से करें संघर्ष

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष सनजोर अली पाशा नेतृत्व में रविवार को किसान गजरौला पहुंचे और राष्ट्रीय अध्यक्ष बीएम सिंह से मुलाकात की। उन्होंने किसानों की परेशानी के बारे में जानकारी दी।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि हम सबको अपनी लड़ाई संगठन के माध्यम से लड़नी होगी। किसान का उत्पीड़न लंबे समय से हर प्रदेश व जिला मंडल में हो रहा है, जिसकी समस्याएं आए दिन हमें मिलती रहती हैं। सभी शिकायतों को सरकार को भेजेंगे और समाधान भी कराएंगे। जिलाध्यक्ष से तमाम समस्याओं को लिखित में देने के लिए कहा। नासिर मियां, मोहम्मद जाहिद, दर्शन लाल मोरिया, मास्टर मंगल सिंह, ज्ञान मौर्य, सुमेरी, बृजलाल, जगदीश सागर, नरोत्तम, हनीफ, जुल्फिकार, भूपेंद्र मौर्य, जफर, जावेद खान, असलम खान, अय्यूब, फुरकान, सफरूद्दीन मंसूरी, कमरुद्दीन मियां रहे।

## न्यूज डायरी



### उत्साहपूर्वक सुनी मन की बात

**टांडा, अमृत विचार :** नगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 125वें संस्करण को सभी बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बड़े उत्साह के साथ सुना। इस अवसर पर नगर मंडल कार्यालय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने देश की उभरती खेल प्रतिभाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने जम्मू-कश्मीर की प्रसिद्ध डल झील में हाल ही में आयोजित नौकायन प्रतियोगिता का विशेष रूप से उल्लेख किया और इसके महत्व को रेखांकित किया। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों के खिलाड़ियों से फोन के माध्यम से संवाद किया, जिससे युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिला। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष रोहित सैनी के नेतृत्व में योगेश सैनी, करण सिंह, पप्पन सक्सेना, रामस्वरूप सैनी, उमेश चंद्र, रजत सैनी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### आरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया

**बिलासपुर, अमृत विचार :** कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने रविवार को केमरी स्थित आरोग्य मंदिर (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जगह-जगह गंदगी व्याप्त होने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने चिकित्साधीक्षक डा. हबीब अहमद को साफ-सफाई को लेकर निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने इमरजेंसी रूम के साथ-साथ दवाइयां का स्टाक आदि का भी निरीक्षण कर चिकित्साधीक्षक से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने केंद्र प्रभारी से कहा कि आरोग्य मंदिर में अगर उन्हें किसी चीज की जरूरत है, तो उन्हें तत्काल अवगत करवाया जाएं। इस अवसर पर रोहताश मौर्य, परवेज अली, पारुल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



### कलश यात्रा निकाली

**अमृत विचार, रामपुर :** ज्वालानगर ज्ञान सरोवर बैंक्वेट हाल में अक्षय अष्टम श्रीमद् भागवत कथा की अमृत वर्षा का उद्घाटन से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा का उद्घाटन फीता काटकर अनीता प्रकाश पाल ने किया। कलश यात्रा विभिन्न मार्गों से निकालकर राधे नाम के जयकारे लगाए गए। अधिक संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। इस मौके पर आनन्द प्रकाश शर्मा, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, प्रतीक शर्मा, राजेश शुक्ला, पवन श्रीवास्तव, आर पी सिंह, योगेश शर्मा, गौरव अग्रवाल, बीना अग्रवाल, प्रतिभा अग्रवाल, सुजाता शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।



### सेवक कार्यालय पर सुनी मन की बात

**रामपुर, अमृत विचार :** रामपुर सेवक कार्यालय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात का लाइव प्रसारण हुआ। शहर विधायक आकाश सक्सेना सहित कार्यकर्ताओं ने मन की बात कार्यक्रम को सुना। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों पर अपने विचार साझा किए। जो हर भारतवासी को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करते हैं।

### अक्टूबर में होगा आरपीएल 4

**रामपुर, अमृत विचार :** रामपुर जिले के क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए अक्टूबर के पहले सप्ताह में आरपीएल (रामपुर प्रीमियर लीग) सीजन - 4 का आगाज होगा। आयोजक उबैदा इकबाल ने बताया कि इच्छुक खिलाड़ी अपनी टीम के लिए पंजीकरण करा सकते हैं। लीग के सभी मैच वेबसाइट्स पर लाइव, फिक्स्चर, टीम लाइनअप, मैच आंकड़े और अन्य उपयोगी जानकारी मिलेगी।

# खूब बरसा पानी, जलभराव ने बढ़ाई लोगों की परेशानी

## सड़कों पर पानी भरने की वजह से गड्ढे नहीं दिखने से कई बाइक सवार गिरे, मौसम हुआ ठंडा

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार:** रविवार तड़के अचानक मौसम ने अपना मिजाज बदल दिया। आसमान में घने बादल छाने से झमाझम बारिश शुरू हो गई जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। लेकिन सड़कों पर हुआ जलभराव आफत बन गया। लोगों को आवागमन में परेशानी हुई। सबसे ज्यादा परेशानी लोगों को बस्ती मार्ग पर झेलनी पड़ी। सड़क के गड्ढों में पानी भरने की वजह से कई बाइक सवार हादसे का शिकार हुए।

रविवार तड़के आसमान में घने बादल छाने के बाद झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश में बच्चे मस्त करते नजर आए। मौसम सुहावना हो गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं सड़कों पर हुए जलभराव से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर के बस्ती मार्ग के अलावा ललिता देवी मार्ग, खाद गुर्जर चौराहा, मंडी समिति, सीएचसी व पशु चिकित्सालय परिसर में पानी भर गया। ऐसे में लोगों को आवागमन में परेशानी हुई। वहीं फसलों को भी बारिश का लाभ मिला। किसानों का कहना है कि इस वक्त गन्ने व धान की फसल को बारिश की सबसे ज्यादा जरूरत है।



गजरौला में बारिश के चलते सड़क पर जलभराव से गुजरते लोग। ● अमृत विचार

### मौसम ने ली करवट, सुबह से हो रही है बूंदाबांदी

**हसनपुर, अमृत विचार :** रविवार की सुबह मौसम में एक बार फिर करवट ली, तेज हवा के झोंकों के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई। जिसके कारण मौसम सुहाना हो गया। जिससे नगर वासियों को गर्मी से कुछ राहत मिली। सुबह से ही बारिश होने के कारण मॉर्निंग वॉक पर जाने वाले लोग बीते हुए अपने-अपने घरों को पहुंचे। सुबह लगभग 5 बजे तेज हवा चलनी शुरू हो गई और कुछ देर में ही बूंदाबांदी शुरू हो गई। जो दोपहर तक लगातार चलता रहा। वही बारिश को देखकर किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें दिखाई दे रही है।

### बारिश और तेज हवाओं से आशंकित हो उठे किसान

**रहरा, अमृत विचार :** भादों की शुरुआत में मौसम अमूमन गर्म और उमस भरा रहा। लेकिन महीने के अंत में बारिश और हवाओं ने किसानों को आशंकित कर दिया है। लगभग तैयार खड़ी फसलों के गिरने का डर सता रहा है। भादो के महीने में अक्सर जेठ-वैशाख जैसी गर्मी नहीं होती बल्कि उमस और पसीना देने वाली हवायें चलती हैं। जो वर्षा लाती हैं। यह वर्षा ऋतु का हिस्सा होता है। मौसम के इस उतार चढ़ाव के दौरान हो रही बारिश एवं हवाओं के चलने से किसानों में चिंता है। गंगेश्वरी विकासखंड के खादर क्षेत्र के बिहारीपुर, हैदलपुर, विरामपुर, पौरारा, जल्लोपुर, नानई, सिरसा कलां, शहबाजपुर आदि दर्जनों गांव में बाढ़ के पानी द्वारा हजारों बीघा गन्ने, धान, उडद व चारे की फसलें नष्ट हो चुकी है। इस स्थिति में किसानों को भारी संकट का सामना करना पड़ रहा है। किसानों को चिंता है कि यदि जल्द मौसम में सुधार नहीं हुआ तो उनकी आलू व सरसों की फसल बुवाई में भी देरी हो जाएगी। भाकियू के जिला उपाध्यक्ष मास्टर धनेश ठाकुर का कहना है कि धान एवं गन्ने की फसलें लगभग तैयार हो चुकी हैं। फूलपुर निवासी किसान रविंद्र सिंह का कहना है कि अब बारिश डरा रही है। गांव पथरा निवासी किसान हर स्वरूप सिंह का कहना है कि मौसम के मिजाज बदलने से सरसों व आलू की बुवाई में देरी हो सकती है। मटीपुरा निवासी किसान वीरेंद्र सिंह का कहना है कि बारिश के दौरान चली तेज हवाओं से पक कर लगभग तैयार खड़ी धान की फसल में नुकसान हो सकता है।

### बारिश के कारण ढही छत, मलबे में दबा सामान

**हसनपुर, अमृत विचार:** आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव सांथलपुर चक की मढैय्या में रविवार की प्रार्थना एक हादसा हो गया। बारिश के कारण किसान गंगादास के कच्चे मकान की छत गिर गई। छत गिरने के कारण घर में रखा अनाज, रजाई, कपड़े एवं घरेलू सामान मलबे में दब गया। हादसे के समय परिवार के बच्चे बरामदे में सो रहे थे जिस कारण कोई भी हताहत नहीं हुआ है। पीड़ित गंगा दास ने बताया कि इस घटना से 50000 से अधिक का नुकसान हुआ है। सूचना राजस्व विभाग को देखकर सहायता की मांग की गई है।



मलवे में दबा सामान। ● अमृत विचार

### पति से कहासुनी होने के बाद फंदा लगाकर की आत्महत्या

**गजरौला, अमृत विचार :** पति से कहासुनी के बाद विवाहिता ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

एटा जनपद के एमा थाना क्षेत्र के जावरा गांव निवासी शिव कुमार गजरौला की एक रसगुल्ला फैक्ट्री में काम करता है तथा नवादा मार्ग पर किराए पर रहता है। कई दिन से उसकी पत्नी सीमा (35) की तबियत खराब थी। शिव कुमार गांव जाकर इलाज कराने की बात कह रहा था जबकि सीमा गांव जाने से मना कर रही थी। इसी बात को लेकर दोनों में कुछ कहासुनी हुई। रविवार को शिव कुमार दूध लेने गया था।

इसी बीच सीमा ने कमरे में दुपट्टे का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। फंदे पर लटकने से पहले सीमा ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद किया था। पति लौटकर आया तो कमरे का दरवाजा बंद मिला। उसने खिड़की से सीमा का शव लटका देखा। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर किसी तरह शव कमरे से बाहर निकाला। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ब्रीफ न्यूज

### बच्चे पर गुलदार ने मारा झपट्टा

**बिजनौर, अमृत विचार :** मंडावर क्षेत्र के किशनबाश गांव में नौबहार सिंह का पांच वर्षीय बेटा भव्य अपनी मां ब्रह्मवती के पास बैठा था। तभी गुलदार झपट पड़ा। मां के शोर मचाने पर आसपास के लोग जुट गए और गुलदार भाग निकला। बच्चे को घायल अवस्था में अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत सामान्य बताई जा रही है। वन क्षेत्राधिकारी महेश गौतम ने कहा कि विभाग की टीमें इलाके में गश्त बढ़ा रही हैं और गुलदार को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों को सतर्क रहने और अकेले खेतों की ओर न जाने की सलाह दी।

### छात्र-छात्राओं ने निकाली अंगदान जागरूकता रैली

**हसनपुर, अमृत विचार :** शनिवार को एचएसएस पब्लिक स्कूल से रोटरी क्लब हसनपुर आस्था के सहयोग से छात्र-छात्राओं द्वारा अंगदान जागरूकता रैली निकाली गई। आरंभ प्रबंधक राजीव अग्रवाल, क्लब अध्यक्ष डॉक्टर तीर सिंह सिरोही एवं क्लब सचिव सुनील कुमार भटनागर ने किया। जागरूकता रैली के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने लोगों को मृत्यु के बाद अपने अंगों को दान करने के लिए जागरूक किया। प्रधानाचार्य अंकुर काशिव, पुनीत अग्रवाल, राजीव कंसल, चरनजीत सिंह, सुमन त्यागी, सत्यवती सक्सेना सहित विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

### सांड़ के हमले में महिला गंभीर रूप से घायल

**रहरा, अमृत विचार :** घर में पशुओं को चारा डाल रही एक महिला पर आपस में लड़ रहे आवारा सांडो में से एक सांड ने हमला कर दिया। जिससे महिला पूरी तरह जख्मी हो गई। महिला को परिजनों ने निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया है। रहरा थाना क्षेत्र के गांव पौरारा की मढैया निवासी शकुंतला देवी उम्र करीब 50 वर्ष पत्नी हरिराज सिंह रविवार सुबह अपने पशुओं को चारा डाल रही थी। इसी दौरान उनके घर के पास लड रहे दो-तीन सांडो में से एक सांड ने उन पर हमला बोल दिया। जिससे महिला के पेट में सांड का सींग घुस गया। और वह बुरी तरह जख्मी हो गई है। परिजनों ने बताया कि उसका इलाज हसनपुर के एक निजी चिकित्सक के यहां चल रहा है।

### शादी से किया इनकार लड़की पक्ष ने दी तहरीर

**हसनपुर, अमृत विचार :** लगभग दो माह पूर्व हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी लड़की का रिश्ता थाना सैदनगली के गांव निवासी लड़के के साथ हुआ था। 2 महीने में दोनों पक्षों के लोग एक दूसरे के घर भी आए गए थे। कुछ दिन पूर्व लड़के ने लड़की को काली बताकर शादी करने से इनकार कर दिया। लड़की पक्ष के लोग लड़के के गांव पहुंचे और परिजनों से वार्ता की लेकिन लड़के ने किसी भी कीमत पर लड़की से शादी करने से मना कर दिया। जब कई दौर की वार्ता के बाद कोई निष्कर्ष नहीं निकला तो लड़की पक्ष में हसनपुर कोतवाली पहुंचकर लड़के एवं उसके परिजनों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### घर में सो रही महिला को सांप ने काटा

**गजरौला, अमृत विचार :** गांव कादराबाद निवासी मनोज कुमार की पत्नी रेखा शनिवार की रात सो रही थी। इसी दौरान सांप ने काट लिया। रेखा ने शोर मचा दिया। परिवार वालों ने रेखा को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### गंगा में डूबे तीनों भाइयों का पांचवें दिन भी सुराग नहीं

**गजरौला, अमृत विचार:** तिगरी गंगा में स्नान के दौरान डुबे तीनों भाइयों की पांचवे दिन भी एनडीआरएफ की टीम ने तलाश की। लेकिन उनका कहीं कुछ पता नहीं चल सका।

अमरोहा के मोहल्ला दानिशमंदान निवासी आकाश के बेटे विनायक के मुंडन संस्कार में उसे भाई बंटी, ओमकार व अनुज भी गए थे। मुंडन संस्कार के बाद वे गंगा स्नान करने लगे थे। परिवार के लोग रिश्तेदारी से लौटे तो तीनों भाइयों के कपड़े तख्त पर रखे मिले थे। परिजनों के अनुसार नहाते वक्त तीनों भाई गंगा में डूब गए थे। काफी तलाशने पर भी उनका कहीं कुछ पता नहीं चल सका था। रविवार को पांचवें दिन एनडीआरएफ की टीम ने उनकी तलाश की।

### अलीगढ़ मार्ग पर जल भराव वाहन चालकों के लिए मुसीबत



गांव रुस्तमपुर में तालाब बना अलीगढ़ मार्ग। ● अमृत विचार

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार:** अलीगढ़ मार्ग हल्की सी बारिश में तालाब में बदल जाता है। वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

रविवार की सुबह बारिश होने के कारण अलीगढ़ मार्ग पर ग्राम रुस्तमपुर में सड़क तालाब बन गई। जल भराव का मुख्य कारण मार्ग पर जल निकासी की कोई व्यवस्था न होना है। माही मार्ग पर जल भरा होने के कारण ग्रामीणों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जल भराव के चलते सड़क भी खराब हो रही है। ग्रामीणों द्वारा पूर्व में कई बार संबंधित अधिकारियों से इस समस्या का निस्तारण करने की मांग की गई थी लेकिन अधिकारियों द्वारा ईश्वर कोई ध्यान नहीं दिया जाता।

### मजदूर के घर में नकब लगाकर जेवरात चोरी

**गजरौला, अमृत विचार:** गांव तिगरी धाम निवासी सरफुद्दीन मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। शनिवार की शाम सरफुद्दीन अपने परिवार के साथ जनपद बिजनौर के थाना चांदपुर अपनी रिश्तेदारी में अंतिम संस्कार में गया था। इसी बीच चोरों ने उनके घर पर नकब लगाकर सोने-चांदी के जेवरात समेत आठ हजार रुपये की नगदी चोरी कर ली।

रविवार की सुबह सरफुद्दीन अपने घर पहुंचा तो घर का सामना बिखरा देख उसके होश उड़ गए। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई करने की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मामले में जांच कर जल्द ही चोरी का खुलासा कर दिया जाएगा।

## नौकरी व आवास दिलाने के नाम पर 35 लाख की ठगी, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, ढबारसी

● आदमपुर थाने में तीन लोगों पर दर्ज की गई एफआईआर

**अमृत विचार:** संविदा पर नौकरी दिलाने व आवास बनवाने के नाम पर 100 महिलाओं व 12 युवकों से 35 लाख रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले सीओ हसनपुर के आदेश पर आदमपुर थाने में तीन लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है।

आदमपुर थाना क्षेत्र के बागड़पुर मुजब्ता निवासी सरजीत सिंह ने आरोप लगाया कि 2022 में हसनपुर थाना क्षेत्र के बीझलपुर गांव निवासी अयूब खानलखनऊ घुमाने के लिए ले गया था। लखनऊ में अयूब खान ने हेमंत गंगवार व अमित कुमार सक्सेना निवासी ग्राम लखीमपुर, थाना शीशगढ़ जनपद बरेली तथा नितिन गौड़ पुत्र वासुदेव गौड़ से मिलवाया था। हेमंत गंगवार ने स्वयं को मुख्यमंत्री का नजदीकी बताते हुए कहा कि वह नौकरी लगवा सकता है और आवास दिलवा सकता है। नौकरी के लिए डेढ़ लाख रुपए तथा आवास के लिए 15 हजार रुपए खर्च करने पड़ेंगे। सरजीत सिंह ने 12 लोगों से 18 लाख रुपए तथा आवास के लिए 100 महिलाओं से 15 लाख रुपए समेत 35 लाख रुपए एकत्रित करके तीनों लोगों को दे दिए। इनमें 22 लाख रुपए बैंक खातों में ट्रांसफर किए गए जबकि 13 लाखनगद दिए गए। नौकरी व आवास न मिलने पर हेमंत गंगवार आदि से रुपए वापस मांगे तो इंकार करते हुए जान से मारने की धमकी दी। सीओ हसनपुर दीप कुमार पंत के आदेश पर आदमपुर थाने में तीन लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। थाना प्रभारी कुमरेश त्यागी ने बताया कि सरजीत सिंह की तहरीर पर हेमंत गंगवार, अमित सक्सेना, नितिन गौड़ के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है तथा मामले की विवेचना की जा रही है।

### गणपति की विसर्जन यात्रा में उमड़े श्रद्धालु

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार:** श्रीशनि सेना के संयोजन में रविवार को भगवान गणेश की विसर्जन यात्रा धूमधाम से निकाली गई। तिगरी गंगा में भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन कर दिया गया।

शहर के बुध बाजार में स्थित शनिधाम पर भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना कर पांच दिवसीय पूजन का आयोजन किया गया। रविवार को विसर्जन से पहले शहर में भगवान गणेश की प्रतिमा की यात्रा निकाली गई। जो शनिधाम से शुरू होकर स्टेशन रोड, खाद गुर्जर चौराहा से होते हुए इंदिरा चौक पहुंची। यात्रा में शामिल गणेश भक्तों ने रंग गुलाल उड़ाया। साथ ही भजनों पर जमकर झूमे।

वहां से ट्रैक्टर-ट्राली में रखकर भगवान गणेश की प्रतिमा का तिगरी पहुंचकर विसर्जन कर दिया गया। विसर्जन यात्रा में यात्रा में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरजीत कोहली, संरक्षक सुरेंद्र स्वामी, महेंद्र स्वामी, आकाश शर्मा, राजीव सैनी, पवन पवांर, जीतू सैनी, ललित भारद्वाज, अमित भारद्वाज, परवीन खड़गवंशी, वंश अग्रवाल, प्रेम कुमार, अतुल कुमार, शिव कुमार सैनी, राहुल कुमार पटेल, दिनेश कुमार, मुकेश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

### युवती ने फंदा लगाकर की आत्महत्या की कोशिश

**गजरौला, अमृत विचार:** घर में विवाद के चलते युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। उसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

क्षेत्र के एक गांव में ननद व भाभी में रविवार को बिजली के बिल को लेकर विवाद हो गया। आसपास के लोगों ने दोनों को किसी तरह शांत करा दिया। इसके बाद युवती अपने कमरे मे चली गई। वहां वह फंदा बनाकर लटक गई। परिवार वाले कमरे में पहुंचे तो युवती को फांसी के फंदे पर लटका देख उनके होश उड़ गए। परिवार वाले आनन-फानन में युवती को शहर के एक निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सक ने युवती की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### 19 मंगल दलों को दी खेलकूद सामग्री

संवाददाता, हसनपुर



खेलकूद सामग्री देते विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** रविवार को युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग अमरोहा के तत्वाधान में ब्लॉक सभागार हसनपुर में युवक एवं महिला मंगल दलों को खेलकूद सामग्री वितरण की गई।

मुख्य अतिथि के रूप में विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी ने मंगल दलों को ग्रामीण स्तर पर खेलकूद को बढ़ावा देने हेतु एवं सामाजिक कार्यों में बड़ चढ़कर भाग लेने हेतु प्रेरित किया। कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी जरूरी हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख हसनपुर ममता गुर्जर ने मंगल दलों को खेल सामग्री मिलने पर बधाई दी। कार्यक्रम में विकासखंड हसनपुर और गंगेश्वरी के 19 युवक एवं महिला मंगल दलों को किट वितरित की। इस मौके पर उदित कपासिया जिला सहयोजक वन नेशन वन इलेक्शन, जिला युवा कल्याण अधिकारी ऋषि कुमार, खंड विकास अधिकारी हसनपुर विजय सक्सेना, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी प्रदीप कुमार, अश्वनी कुमार, अंकुर प्रकाश, गौरव कुमार आदि उपस्थित रहे।

● विधायक ने कहा, पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी जरूरी

### पूर्व ब्लाक प्रमुख पति ने किए पौधे गिफ्ट

**रहरा, अमृत विचार :** गंगेश्वरी के पूर्व ब्लाक प्रमुख पति अशोक नागर ने रविवार को रहरा थाना अध्यक्ष अतरवीर सिंह चौहान को 100 पौधे गिफ्ट किये।

उन्होंने रहरा थाने के नए भवन में नवाबपुरा मटीपुरा के ग्राम प्रधान अरुण कपासिया के साथ पौधारोपण भी किया। कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। पेड़ बड़े होकर एक तरफ जहां हमें छाया वहीं दूसरी तरफ फलदार पौधे हमें फल देते हैं। कहा कि पेड़ पौधों से पर्यावरण प्रदूषित होने से बचता है। इस मौके पर थाना अध्यक्ष अतरवीर सिंह चौहान, पारस मालिक, मनीष चौधरी, प्रदीप चौहान, आनंद तोमर व शिवकुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## गणपति के भजनों पर झूमे श्रद्धालु



भजन संध्या के दौरान प्रस्तुति देते कलाकार व बड़ी संख्या में श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, हसनपुर

● श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजन

**अमृत विचार:** श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव सेवा समिति के तत्वाधान में मोहल्ला कायस्थान के गणेश चौक पर स्थापित गणपति की मूर्ति के पंडाल में रविवार की रात भजन संध्या का आयोजन किया गया।

भजन संध्या का शुभारंभ समिति पदाधिकारी द्वारा रिद्धि सिद्धि के दाता गणपति की विधि विधान से पूजन कर किया गया। भजन संध्या में राहुल दीवाना द्वारा बहुत ही सुंदर तरीके से गणेश वंदना, गुरु वंदना, मां शारदा वंदना एवं भगवान शंकर के भजन बहुत ही सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया।

चांदपुर से आए भजन गायक श्रीकांत कोहली द्वारा बहुत ही सुंदर तरीके से गणपति के भजनों को प्रस्तुत किया। देवा हो देवा गणपति देवा, राम जी की सेवा चली आदि भजनों पर श्रद्धालु मुग्ध हो गए। भजन संध्या के अंत में भगवान गणेश की आरती की गई और प्रसाद का वितरण किया गया। नितिन सक्सेना, अंकित यादव, अभिषेक, आयुष, आनंद, सोनू, पंकज, दीपक अग्रवाल, इशांत सैनी, उषा शर्मा, मीरा सक्सेना, डोली शर्मा, रूबी सक्सेना, विजय शर्मा, प्रियांशी अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, आराधना शर्मा, निर्मित अग्रवाल, हितांशी अग्रवाल, युवराज अग्रवाल, हरर्षी अग्रवाल, भूमिजा, मायका शर्मा, मंजुला शर्मा आदि मौजूद रहे।

### श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन महाभारत की कथा सुनाई

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार:** गांव अहरौला अहमद यार खां में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा वाचक राधिका माधव ने महाभारत काल की कथा का वर्णन किया।

हसनपुर नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने व्यास पीठ का विधि विधान के साथ पूजन कर किया गया। कथा व्यास ने कहा कि सत्य निराश हो सकता है मगर अंत में सत्य की ही विजय होती है जिसका उदाहरण महाभारत काल है। कौरव असत्य की राह पर चल रहे थे। पांडव सत्य के मार्ग पर अंत में महाभारत के युद्ध में पांडवों की विजय हुई। उन्होंने बताया कि अनजाने में किए हुए पापों का प्रायश्चित कैसे किया जाए। बंटी चौहान प्रधान, लोकेश सिंह, कुलदीप चौहान, टेकचंद सिंह, कुलदीप सिंह, बंदी चौहान, मूलचंद सिंह, सतीश चौहान, प्रीतम सिंह, चंद्रपाल सिंह, सुखपाल सिंह, प्रेम सिंह, संजय सिंह, दीपक चौहान, आशु चौहान, संतोष देवी, सविता चौहान, पिंकी चौहान, भगवती देवी, सुमरती देवी आदि ग्रामीण मौजूद रहे।



श्रीमद् भागवत कथा में उपस्थित भक्त। ● अमृत विचार

### पशु से टकराकर घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**बुरावली, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव फरोटा के युवक की बाइक 12 दिन पहले पशु से टकरा गई थी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई है।



मृतक अंकुर त्यागी।

क्षेत्र के गांव फरोटा निवासी अंकुर त्यागी (35) पुत्र राजवीर सिंह 18 अगस्त को बाइक से घर आ रहा था। गांव डगरोली के पास रात करीब 10:30 बजे गोवंश पशु अंकुर की बाइक के सामने आ गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पहले सीएचसी में भर्ती कराया फिर हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने रेफर पर कर दिया। 12 दिन से देहरादून के जूली ग्रैंड हिमालय अस्पताल में उपचार चल रहा था। देर रात अंकुर त्यागी की मौत हो गई।

### भाजपाइयों ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात



मन की बात कार्यक्रम सुनते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार:** रविवार को नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी के कैंप कार्यालय पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का 125 वां एपिसोड भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना।

पीएम मोदी ने कहा कि जम्मू कश्मीर ने दो बड़ी उपलब्धियां भी हासिल की हैं। पुलवामा के स्टेडियम में रिकॉर्ड संख्या में लोग इकट्ठा हुए और यहां डे-नाइट क्रिकेट मैच खेला गया। पहले यह होना असंभव था, लेकिन अब मेरा देश बदल रहा है। महेश खड़गवंशी, मुकेश गुप्ता, अतुल गर्ग, सचिन गुप्ता, अर्पण गुप्ता, विक्रांत शर्मा, संजय सहदेव, इशांत सैनी, अमित राणा, राजपाल सैनी, निशु अग्रवाल, पप्पू वाल्मीकि, संजीव सैनी, राकेश सैनी, विजय लोधी, राहुल प्रजापति, अरुण त्यागी, कृष्ण कुमार, सौरभ सैनी, अंकुर प्रजापति, रोहित कुमार, संजीव कुमार सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला ने खाया विषाक्त पदार्थ, हालत गंभीर

**मनोटा, अमृत विचार :** ऐंचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव बाबू खेड़ा निवासी चंद्रावती पत्नी हरिओम का किसी बात को लेकर घर में झगड़ा चल रहा था। वह तनाव में रह रही थी। दोपहर में किसी समय जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जब हालत बिगड़ी तो परिजन महिला को लेकर अमरोहा के निजी अस्पताल में पहुंचे महिला का इलाज चल रहा है।

### पीस कमेटी की बैठक का आयोजन

**संभल, अमृत विचार :** संभल सदर कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक में एसपी राजेश श्रीवास्तव, रायसत्ती थाना इंचार्ज, सदर कोतवाल प्रभारी, धर्मगुरु, मौलाना मुफ्ती नूर आलम रिज़वी समेत पीस कमेटी के कई सदस्य मौजूद थे। जुलूस में शामिल लोगों से अनुशासन बनाए रखने और भाईचारे का संदेश फैलाने की अपील की गई है। नारेबाजी में ऐसी बातों से बचने को कहा गया है जो किसी की भावनाओं को आहत कर सकती हैं।

### मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**बहजोई, अमृत विचार :** रामदयाल मीना मेमोरियल स्कूल में आयोजित सम्मान समारोह का आरंभ मुख्य अतिथि एसडीएम चंदौसी आशुतोष तिवारी ने 10 वीं व 12वीं कक्षा में मेधावी रहे छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। एसडीएम ने कहा कि प्रवासी मीना समाज की सामाजिक व आर्थिक स्थिति अपनी मेहनत व लगन से बनाई गई है। संरक्षक रेवत सिंह मीना, अध्यक्ष जितेंद्र पाल सिंह, फूल सिंह मीना, महिपाल मीना, तेजप्रकाश मीना, बलवीर सिंह मीना, सतीश मीना, बंटी सिंह मीना आदि मौजूद ।सकते हैं।

### युवती की ट्रेन की चपेट में आकर मौत

**बहजोई, अमृत विचार :** बहजोई के गांव लहरावन निवासी रामचंद्र की 18 वर्षीय पुत्री रेखा घर से यह कहकर निकली थी कि वह जंगल में जा रही है। वह चंदौसी बहजोई मार्ग स्थित गांव लहरावन रेलवे ट्रैक पर पहुंची तो चंदौसी की ओर से आ रही अलीगढ़ बरेली पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। पुलिस को बिना सूचना दिए बिना किसी पुलिस कार्रवाई के शव अपने घर ले गए। जहां पर उन्होंने युवती का अंतिम संस्कार कर दिया। कोतवाल हरीश कुमार ने बताया कि अपने घर से निकली एक लड़की की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई है।

# खेत पर तीन किसानों को जानवर ने किया घायल

## ग्रामीणों ने गीदड़ को मार डाला, एक ग्रामीण की हालत गंभीर

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

**अमृत विचार:** असमोली थाना क्षेत्र के गांव इटायला माफ़ी में रविवार दोपहर खेत पर चारा लेने गए किसानों पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया। एक के बाद एक तीन किसानों को यल कर दिया। इनमें एक किसान की हालत गंभीर है। वहीं इकट्ठा होकर जंगल में पहुंचे ग्रामीणों ने एक गीदड़ को मार दिया। कहा गया कि गीदड़ ने ही हमला किया था। हालांकि शाम को यह चर्चाएं भी रहीं कि ग्रामीणों पर तेंदुए के बच्चे ने हमला किया था।

थाना क्षेत्र के गांव इटायला माफ़ी निवासी 45 वर्षीय जुम्मा रविवार दोपहर बारह बजे पशुओं को चारा लेने के लिए खेत पर गया हुआ था। चारा काटते समय अचानक पीछे से एक जंगली जानवर ने जुम्मा पर हमला कर दिया।

जुम्मा ने खुद को बचाने का प्रयास किया लेकिन तब तक जानवर ने उसे बुरी तरह घायल कर दिया। जुम्मा किसी तरह जानवर के चंगुल से छूटकर घायल अवस्था में ही गांव की तरफ भागा। कुछ देर बाद ही खेत पर मौजूद इटायला माफी गांव के ही रहने वाले कलीम अशरफ़ व मुशाहिद पर जानवर ने हमला कर दिया। दोनों ने साहस दिखाते हुए किसी तरह जानवर से अपने आप को बचाया। वे दोनों भी घायल हो गए। जंगली जानवर के हमले में घायल तीनों ग्रामीणों को डाक्टर के पास ले जाया गया। गंभीर रूप से घायल जुम्मा को डाक्टर ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। जुम्मा को मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

### तेंदुए द्वारा हमले की भी हो रही चर्चा

इटायला माफी में दोपहर को किसानों पर हमले के बाद ग्रामीणों ने गीदड़ को मारकर दावा किया कि इसी गीदड़ ने किसानों पर हमला किया था। इसके बाद शाम को क्षेत्र में यह बात फैली कि ग्रामीणों पर तेंदुए के बच्चे ने हमला किया था। यह बात फैलने की वजह यह भी है कि पिछले काफ़ी दिनों से असमोली क्षेत्र के गांव सैदपुर जसकोली, खासपुर, बुकनाला, मंढ़न के आसपास गांवों में ग्रामीणों द्वारा तेंदुआ देखा गया है। कई गांव में ग्रामीणों ने अकेले जंगल में जाना बंद कर दिया है।


घायल जुम्मा।

### ग्रामीणों ने जंगल खंगाला, गीदड़ को मार डाला

इटायला माफी गांव के जंगल में जंगली जानवर ने तीन किसानों पर हमला कर घायल किया तो गांव भर के लोग जंगली जानवर को तलाशने के लिए हाथों में लाठी-डंडे लेकर खेतों की ओर दौड़े। ग्रामीण खेतों में जंगली जानवर को तलाशते रहे। काफी देर बाद वहां एक गीदड़ नजर आया जो स्वभाव से हिंसक और हमलावर नजर आ रहा था। ग्रामीणों ने उसे घेर कर लाठी डंडों से पीटकर मार डाला। ग्रामीणों का कहना है कि गीदड़ ने ही हमला कर तीनों किसानों को घायल किया था। भले ही ग्रामीणों ने गीदड़ को मार दिया हो लेकिन क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

## त्योहार पर न डालें नई परंपरा: सीओ

**सिरसी, अमृत विचार:** हजरत नगर गढ़ी थाना क्षेत्र के सिरसी पुलिस चौकी पर पीस कमेटी की बैठक में त्योहार शांति से मनाने की बात कही।

रविवार की शाम चार बजे ईद ए मिलादुन्नबी को लेकर बैठक में सीओ आलोक कुमार भाटी ने कहा कि जिस रास्ते से जुलूस जाता है उसी रास्ते से होकर जुलूस जाएगा। किसी भी तरह की नई परंपरा नहीं डालें। थाना प्रभारी अनुज कुमार तोमर भीष्म शर्मा, सपा जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी, मुहम्मद वसीम, मकबूल अंसारी, फैय्याज हुसैन, सभासद कयामुद्दीन, फ़िरासत, शराफत हुसैन, अर्जुन सिंह, हाजी बाबू, मुहम्मद जिया, जमील पप्पू, तस्लीम आदि मौजूद रहे।

### धनुपुरा में तैनात रही पुलिस-पीएसी, नहीं हो पाई बैठक

**संभल/कुढफतेहगढ :** रविवार को कुढफतेहगढ थाना क्षेत्र के गांव धनुपुरा में भीम आर्मी द्वारा एक बैठक का कार्यक्रम प्रस्तावित था। गांव में महापुरुषों की मूर्ति लगाने को लेकर चले आ रहे विवाद के चलते पुलिस ने बिना परमिशन के बैठक पर रोक लगा दी और गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पीएसी तैनात कर दी। भीम आर्मी के तहसील अध्यक्ष विकास कुमार व जिला संयोजक राजीव कुमार के साथ अनेकों कार्यकर्ताओं को बनियाठेर पुलिस ने रास्ते में ही रोक लिया।

# शौच का अर्थ है बाह्य और आंतरिक पवित्रता


श्री दिगंबर जैन मंदिर में पूजा अर्चना करता परिवार। ● अमृत विचार

संवाददाता, बहजोई

- **पर्युषण महापर्व के तीसरे दिन उत्तम शौच धर्म की विशेष पूजा**

**अमृत विचार:** श्री दिगंबर जैन मंदिर में चल रहे पर्युषण महापर्व के तीसरे दिन रविवार को उत्तम शौच धर्म की विशेष पूजा-अर्चना की गई। श्रीजी का प्रथम अभिषेक एवं शांति धारा का आयोजन किया गया।

प्रातःकालीन कार्यक्रम में श्री जी का प्रथम अभिषेक एवं शांतिधारा का शुभ सौभाग्य प्रफुल्ल जैन, रीवान जैन एवं सुनील जैन को सपरिवार प्राप्त हुआ। इसके बाद नित्य पूजन एवं दसलक्षण विधान का आयोजन हुआ। चंद्र कुमार जैन शास्त्री ने कहा कि शौच का अर्थ है बाह्य और आंतरिक पवित्रता। बाह्य शौच शरीर की स्वच्छता है, जबकि आंतरिक शौच आत्मा की निर्मलता है। मनुष्य लोभ, मोह और पाप से मुक्त होकर स्वच्छ भावनाओं के साथ जीवन जीता है, तभी वास्तविक शौच धर्म की साधना होती है। सांयकालीन कार्यक्रम में सामूहिक आरती, णमोकार महामंत्र पाठ, प्रवचन एवं प्रश्नमंच का आयोजन हुआ।

इसके साथ ही रात्रि में आयोजित प्रतियोगिता 'अंकों का कमाल' आकर्षण का केंद्र रही। इस प्रतियोगिता में विजेता आचार्य टीम के सदस्यों छाया जैन, रंजना जैन, स्वाति प्रफुल्ल जैन, पूनम जैन, अग्रिम जैन और अंशुल जैन आढ़ती ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। संचालन महामंत्री सम्भव जैन ने किया।

## सामूहिक विवाह में शादी करने वाला युवक पहले से शादीशुदा

**बहजोई, अमृत विचार:** शादीशुदा युवक ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत युवती से दूसरी शादी कर ली। पत्नी को लगातार प्रताड़ित करता रहा। पता चला कि उसका पति पहले से ही शादीशुदा है। पुलिस परामर्श सुलह समझौता केंद्र पर महिला के प्रार्थना पत्र पर रिपोर्ट दर्ज कराने की कार्रवाई शुरू की गई है।

पंवासा विकास खंड क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने शिकायत में बताया कि फरवरी 2024 में उसका विवाह मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत पंवासा ब्लाक परिसर में दिल्ली के अशोक विहार के एक युवक के हुआ था। विवाह के बाद युवक ने घर पर शादी करके विदा कराने की शर्त रखी। बाद में 24 अप्रैल 2024 को घर पर रीति-रिवाज से शादी कराई गई। युवती दो बार ससुराल भी गई लेकिन कुछ समय बाद पति ने उसे रखने से इंकार कर दिया। महिला ने जब इस बेरुखी का कारण जानना चाहा तो खुलासा हुआ कि युवक पहले से शादीशुदा है और उसकी पहली पत्नी जीवित है। युवक ने सामूहिक विवाह योजना में दूसरी शादी की और अब महिला को अपने साथ रखने के लिए तैयार नहीं है। पुलिस परामर्श केंद्र के सदस्यों ने ससुराल पक्ष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की संस्तुति की है।

## जुनावई के दो मंदिरों से पीतल की मूर्ति व घंटे चोरी

कार्यालय संवाददाता, संभल/जुनावई

**अमृत विचार:** जुनावई थाना क्षेत्र के लहरा नगला श्याम गांव में देवी मंदिर से चोर माता की पीतल की मूर्ति व घंटे चोरी कर ले गये। दूसरे मंदिर से भी घंटे व अन्य सामान चोरी किया गया।

लहरा नगला श्याम गांव में स्थित शेरों वाली मां का मंदिर एवं पास में शिव मंदिर स्थित है। जहां से शनिवार रात्रि को चोरों ने शेरों वाली मां की 35 किलो वजन की पीतल की मूर्ति ग्राइंडर मशीन से काट ली और ले गए। वहीं घंटे भी चोरी कर लिये। इसके अलावा पास में स्थित शिव मंदिर के भी घंटे सहित अन्य सामान चोरी हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह पूजा अर्चना आरती के लिए लोग मंदिर पर पहुंचे तो मूर्ति और घंटे गायब थे। पास में शिव मंदिर में भी घंटे नहीं थे। सूचना पाकर पतरिया चौकी इंचार्ज नदीम और थाना प्रभारी उमेश कुमार सोलंकी भी मंदिर पर पहुंचे। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। इस संबंध में पतरिया चौकी प्रभारीने बताया कि चोरों की तलाश की जा रही है।


मंदिर में चोरी की जानकारी देता ग्रामीण।

## कपिल दीवाना बने हिंजामं के पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष

**बहजोई, अमृत विचार:** हिंदू जागरण मंच पश्चिमी उत्तर प्रदेश की बैठक में संगठन को मजबूत करने को लेकर कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी आनंदेश्वर आनंद गिरि महाराज ने बहजोई निवासी कपिल दीवाना को पश्चिमी उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष मनोनीत किया। उन्हें निर्देश देते हुए कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे।


मेरठ में कपिल दीवाना को नियुक्ति पत्र देते कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष।

# नेकपुर को अमरोहा में शामिल कराने की मांग

कार्यालय संवाददाता, संभल


संभल के अखबंदपुर गांव में बैठक को संबोधित करते किसान नेता। ● अमृत विचार

- **13 अक्टूबर को अमरोहा जिला मुख्यालय पर होगा प्रदर्शन**

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने जनपद का मुख्यालय बहजोई में बनाने का फैसला लिया तो नेकपुर न्याय पंचायत के गांवों को अमरोहा जनपद के शामिल करने की मांग फिर शुरू हो गई। आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन की बैठक में आन्दोलन शुरू कर 13 अक्टूबर को अमरोहा जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन की बात तय की गई।

अखबंदपुर में रविवार को बैठक की अध्यक्षता प्रीतम सिंह ने तथा संचालन गंभीर सिंह ने किया। राजेंद्र सिंह एडवोकेट ने कहा कि संभल जिले की नेकपुर न्याय पंचायत के 23 राजस्व गांव लगभग 25 वर्षों से अमरोहा में शामिल कराने की मांग कर कर रहे हैं। उनकी इस बेहद जायज व हर तरह से उचित मांग पर प्रशासन व सरकार ध्यान नहीं दे रही है। प्रभावित गांव व वहां के बाशिंदे अनेक मांगपत्र संभल, अमरोहा के जिलाधिकारी व मुरादाबाद मण्डलायुक्त को दे चुके हैं। विधान परिषद में भी यह मुददा एमएलसी डॉ. हरिसिंह ढिल्लो व डॉ. जयपाल व्यस्त ने उठाया। कहा कि इस मांग को लेकर आंदोलन और तेज किया जायेगा। क्योंकि नेकपुर न्याय पंचायत से अमरोहा जनपद के मुख्यालय की दूरी मात्र 10 से 12 किलोमीटर है जबकि संभल जिला मुख्यालय बहजोई की दूरी 65 से 70 किलोमीटर है। जिला मुख्यालय बहजोई को आने जाने के लिए वाहनों की सुविधा तथा उचित मार्ग भी नहीं है। हर किशोर सिंह ने कहा कि छुट्टा पशुओं, सांडों, आवारा कुत्तों, बंदरों, जंगली जानवरों से किसान मजदूरों की जान-माल के भारी नुकसान को सरकार बहुत हलके में ले रही है। कुशल कुमार, मास्टर कृपाल सिंह, महिपाल सिंह, कमल सिंह, गंभीर सिंह, हेम सिंह, दिगराज सिंह परम सिंह, मास्टर नरेंद्र सिंह, राधेश्याम शर्मा, वीरेंद्र सिंह, सोमवती शर्मा आदि मौजूद रहे।

# श्री राधारानी की शोभायात्रा निकाली

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार:** राधा अष्टमी पर नगर में श्री राधा रानी की शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में श्री राधा रानी की झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही।

श्री संतोषी माता मंदिर से शोभा यात्रा का शुभारंभ नागरिकों ने श्री राधा रानी की पूजा अर्चना कर किया। बाहर से आए कलाकारों ने राधा रानी के स्वरूप में प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर किया। शोभायात्रा में श्रद्धालु राधा रानी के भक्ति भजनों पर झूमते हुए चल रहे थे। शोभा यात्रा संतोषी माता मंदिर से प्रारंभ होकर पुराना बाजार, नया बाजार, सर्राफा बाजार, ब्रह्म बाजार, नारायण टोला, गोलागंज सहित विभिन्न मार्गों पर होती हुई वापस संतोषी माता मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। शोभा यात्रा का स्वागत नगर वासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर किया। अंत में महा आरती का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने श्री राधा रानी का गुणगान किया। प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद पाकर पुण्य लाभ कमाया। इस दौरान चेयरमैन राजेश शंकर राजू, प्रदीप कुमार, ईश्वर पंजाबी, आशुतोष वार्ष्णेय, रूपक वार्ष्णेय, मेहुल वार्ष्णेय आदि व्यवस्था बनाए हुए थे।


शोभायात्रा में श्री राधा रानी की पूजा अर्चना करते नागरिक। ● अमृत विचार

- **शोभायात्रा में शामिल झांकी आकर्षण का केंद्र रही**

## भारत की शक्ति है संस्कृति और संस्कार: इंद्रेश कुमार

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी मंडल के सदस्य, पूर्व अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख इंद्रेश कुमार के नगर आगमन पर भाजपा और सहयोगी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। रविवार को भाजपा नेता दिनेश कौशल के आवास पर पहुंचे इंद्रेश कुमार का तिलक लगाकर और अंगवस्त्र ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया।

इंद्रेश कुमार ने कहा कि भारत की शक्ति उसके संस्कार, संस्कृति और संगठन में निहित है। हमें सेवा, समर्पण और संगठन के मार्ग पर चलकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। कार्यक्रम में जुनावई के ब्लॉक प्रमुख दिव्य प्रकाश, विनोद चौहान, तुषार, पूर्व मंडल अध्यक्ष विनय वार्ष्णेय, भगत सिंह, योगेश गुप्ता, राजीव माहेश्वरी, सोनू वर्मा, अंकित वर्मा, शिव कौशल, राहुल वर्मा सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।


इंद्रेश कुमार को चित्र भेंट कर अभिनंदन करते कार्यकर्ता।

## न्यूज डायरी



### संजय गुप्ता पोली बने व्यापारी सुरक्षा फोरम के जिलाध्यक्ष

**संभल, अमृत विचार :** माथुर वैश्य धर्मशाला में व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान की बैठक में जिला अध्यक्ष के रूप में संजय गुप्ता पोली को नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भुवनेश वार्ष्णेय, प्रदीप गुप्ता, दीपेश गुप्ता, प्रवीण रस्तोगी गोपाल, मुख्य अतिथि अरविंद अरोरा, दीपक गुप्ता, अरविंद गुप्ता, चिंकू, विवेकशील अग्रवाल, गौरव शर्मा, अभिषेक शर्मा, टिंकू टंडन, बिट्टू चाहल, सौरभ त्यागी, अंकित त्यागी, राहुल शर्मा, आकाश रुहेला, श्री ओम चंद्र, राकेश, अरविंद प्रजापति, राजीव गुप्ता, गगन वार्ष्णेय सहित अनेक व्यापारी रहे।



### मंडल टीम में शामिल बहजोई की तीन खिलाड़ियों ने जीते पदक

**बहजोई, अमृत विचार :** सहारनपुर में उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय एवं उत्तर प्रदेश जूडो संघ के समन्वय से आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मुरादाबाद मंडल का प्रतिनिधित्व करते हुए बहजोई की तीन बालिकाओं ने पदक प्राप्त किए। कोच एकांश गुप्ता ने बताया कि डोली राणा ने 70 किलो भारत वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। लेवी ने 48 किलो मार्ग वर्ग में एवं चंचल ने 63 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया। इन तीन पदकों के साथ मुरादाबाद मंडल को उप विजेता ट्रॉफी भी प्राप्त हुई।



### महिलाओं ने किया गणपति का गुणगान

**संभल/चंदौसी, अमृत विचार :** जायंट्स ग्रुप ऑफ महिला नव शक्ति के तत्वाधान में श्री गणपति बप्पा के चरणों में बैठकर महिलाओं ने भजन कीर्तन किया। उसके बाद गणपति को भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। अध्यक्षता नीता सिंह ने जबकि संचालन मीनू वार्ष्णेय ने किया। शुभ्रा शर्मा, माधुरी शर्मा, साधना शर्मा, रश्मि वर्मा, सपना गुप्ता, रचना अग्रवाल, बबीता अग्रवाल, शालिनी, अभिलाषा प्रजापति, काजल अरोड़ा, माधुरी शर्मा, अनीता शर्मा व नीरज चौधरी आदि सदस्य उपस्थित रहीं।



### हवन में दीं आहुतियां, गुरुकुल के बच्चों ने किया मंत्रोच्चार

**संभल, अमृत विचार :** संभल के प्राचीन पातालेश्वर महादेव मंदिर पक्का बाग पर रविवार को हवन में आहुतियां देकर क्षेत्र में सुख समृद्धि के साथ ही भंडारा व झांकी दर्शन कार्यक्रम निर्विघ्न संपन्न होने के लिए प्रार्थना की गई। गुरुकुल के बच्चों ने मंत्रोच्चार किया। इस दौरान मंदिर के महंत जुगल किशोर मिश्रा, मुख्य अतिथि रामाशंकर वार्ष्णेय, निर्दोष आढ़ती, राम केहर आर्य, कमल कौशल वार्ष्णेय, अनिल सैनी, अमित कुमार वार्ष्णेय, मूलचंद भट्टे वाले, राहुल गुप्ता, विजय सिंह, चंद्रेश आर्य, सीमा आर्य, गिरिराज किशोर आढ़ती, सुमित सर्राफ, रामकुमार सैनी आदि मौजूद रहे।

### फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चों ने किया मंत्रमुग्ध



**संभल/चंदौसी, अमृत विचार :** चंदौसी में श्री गणेश मेला परिषद द्वारा प्रीति गुप्ता की स्मृति में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निर्णायक मंडल में पूर्व प्रधानाचार्य साफिया अंजुम, नोएडा से नंदनी वार्ष्णेय, माधवी शर्मा रहीं। उद्घाटन ललित किशोर गुप्ता, सुशांत गुप्ता, भावना गुप्ता एवं प्रसा गुप्ता ने किया। संचालन सर्वेश चीनी, संयोजक विपिन वार्ष्णेय बालाजी व डॉ ओमेन्द्र वार्ष्णेय ने किया। मेला सचिव हरिगोपाल वार्ष्णेय, सुधीर गुप्ता, रविंद्र कुमार रूपी, मनोज गुप्ता मीनू, डॉ. राजीव गुप्ता, विनय सर्राफ, लोकेंद्र शर्मा, प्रजीत लालू, मेजर शशिकांत गुप्ता, सतेन्द्र मामा, मुकेश ब्रेड आदि उपस्थित रहे।

## कल्कि धाम में होंगे विष्णु के सभी 10 अवतारों के गर्भगृह


ऐंचोड़ा कंबोह कल्कि धाम में आचार्य प्रमोद कृष्णम के साथ पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** हिंदू जागृति मंच के कार्यकर्ताओं ने श्री कल्कि धाम निर्माण स्थल के दर्शन किए।

ऐंचोड़ा कंबोह में श्री कल्कि धाम के कार्यकर्ताओं ने हिंदू जागृति मंच के सदस्यों को निर्माणाधीन श्री कल्कि धाम के एक-एक बिंदु को विस्तार से समझाया। श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने बताया कि यह देश का पहला ऐसा मंदिर होगा जिसमें भगवान विष्णु के सभी 10 अवतारों के अलग-अलग गर्भगृह बनाए जाएंगे। सुभाष चंद्र शर्मा, सुभाष चंद्र मोंगिया, शिव शंकर शर्मा, सुबोध कुमार गुप्ता, विकास कुमार वर्मा, सुमन कुमार वर्मा, अमित शुक्ला, राजेंद्र सिंह गुर्जर, अजय कुमार शर्मा, अंकुर रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

# एकजुट हो सपा को मजबूत करें कार्यकर्ता

कार्यालय संवाददाता, संभल/चंदौसी

**अमृत विचार:** चंदौसी विधानसभा क्षेत्र के देवरखेड़ा में पीडीए चौपाल में सपा नेता विमलेश कुमारी ने कहा कि भाजपा दलितों, मुसलमानों और पिछड़ों के हक छीन रही है। सपा कार्यकर्ताओं से पार्टी को मजबूत करने का भी आह्वान किया।

विमलेश ने कहा कि भाजपा द्वारा संविधान में संशोधन कर आरक्षण को समाप्त करने की साजिश रची जा रही है। पुलिस प्रशासन भाजपा के इशारे पर खुलेआम इन समुदायों का उत्पीड़न और शोषण कर रहा है। महिलाओं पर अत्याचार के मामले निरंतर बढ़ते जा रहे हैं। भाजपा हिंदू-मुस्लिम में विवाद पैदा कर जन सरोकारों से जुड़े मुद्दों को दर किनार कर रही है। कहा कि अब समय आ गया है कि एकजुट होकर समाजवादी पार्टी को मजबूत बनाएं। गुलशन राय, ईशांत जाटव, मनीष जाटव, विनीत जाटव, वीरपाल एडवोकेट, भूरे खान, रत्नेश दिवाकर, सुनील कुमार राणा, तुलाराम झा, वसीम सैफी, मुनेशपाल, अकरम कुरैशी तरुण वार्ष्णेय, सतीश यादव, सुरजीत जाटव, राकेश यादव, राजा मालिक, विपिन सागर, विंटु सागर, अरुण जाटव, मोहित कुमार सागर आदि मौजूद रहे।


देवरखेड़ा गांव में कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों के बीच विमलेश कुमारी। ● अमृत विचार

- **गांव देवरखेड़ा में पीडीए चौपाल में विमलेश कुमारी ने कार्यकर्ताओं को किया संबोधित**

## न्यूज ब्रीफ

### प्रयागराज के मेडिकल कॉलेज को मिले 10 करोड़

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रयागराज के राजकीय मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की 50 सीटें बढ़ेंगी। इसके लिए मानक पूरे करने को राज्य सरकार ने 10 करोड़ दो लाख 54 हजार रुपये स्वीकृत किए हैं। साथ ही बीआरडी गोरखपुर के अस्पताल में मरीजों की सुविधाओं में निर्माण कार्य के लिए पांच करोड़ 15 लाख 95 हजार रुपये स्वीकृत हुए हैं। चिकित्सा शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक मनोज कुमार सिंह ने बढ़ी हुई सीटों के मानकनुरूप उपकरणों की खरीद के लिए उक्त बजट चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक, लखनऊ के निर्वतन पर एसएनए खाते में हस्तांरित कर दिया है। इसके अलावा गोरखपुर के बीआरडी संबद्ध नेहरू चिकित्सालय में नवनिर्माण के लिए स्वीकृत बजट में प्रथम किशत को संशोधित करते हुए दो करोड़ 57 लाख रुपये की जारी की गयी है।

### बुद्ध पार्क में दूसरे धर्म के पूजा स्थल का विरोध

**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा प्रमुख मायावती ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट के जरिये कहा कि कानपुरनगर में स्थित बुद्ध पार्क बौद्ध धर्म व आंबेडकर अनुयायियों का आस्था का केंद्र है। पर सरकार की ओर से इस पार्क में दूसरे धर्म के पूजा स्थल का निर्माण प्रस्तावित है, यह कतई भी उचित नहीं है। सरकार इसे तत्काल रोके, वरना यहां लोगों के बीच अशांति फैल सकती है।

### निजीकरण का संज्ञान ले नियामक आयोग

**अमृत विचार, लखनऊ :** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र. ने उड़ीसा की तर्ज पर प्रदेश में राज्य विद्युत नियामक आयोग से स्वत: संज्ञान लेकर निजीकरण की प्रक्रिया रद्द करने की कार्रवाई शुरू करने की मांग की है। संघर्ष समिति ने कहा कि उड़ीसा में बिजली आपूर्ति कर रही निजी कंपनी टाटा पावर की उपभोक्ता सेवा बदहाल है। उड़ीसा के विद्युत नियामक आयोग ने स्वत: संज्ञान लेकर सुनवाई शुरू कर दी है। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने कहा कि वहां के आयोग ने सुनवाई के लिए 10 अक्टूबर की तारीख तय की है। संघर्ष समिति ने घोषणा की कि निजीकरण के विरोध में सितंबर में उपभोक्ताओं और बिजली कर्मियों के सम्मेलन प्रदेशभर में किए जाएंगे।

### परीक्षा घोटाले की जांच की समीक्षा आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार उप्र. लोक सेवा आयोग के परीक्षा घोटाले को लेकर चल रही जांच की सख्ती के साथ समीक्षा करने जा रही है। मुख्य सचिव दीपक कुमार जिम्मेदार अफसरों के साथ सोमवार को बैठक कर सीबीआई जांच की प्रगति समझेंगे। प्रकरण उप्र. लोकसेवा आयोग की अपर निजी सचिव (एपीएस) भर्ती 2010 में धांधली की सीबीआई जांच से जुड़ा है। इस मामले में संयुक्त सचिव उत्तर प्रदेश शासन अशोक कुमार मिश्र की ओर से 29 अगस्त को जारी पत्र में सचिव लोक सेवा आयोग, निदेशक सीबीआई और पुलिस अधीक्षक सीबीआई भ्रष्टाचार निवारण को बुलाया गया है।

### सहकार भारती का राष्ट्रीय अधिवेशन जयपुर में 10 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** अर्बन कोऑपरेटिव बैंकों व ऋण सहकारी समिति का राष्ट्रीय अधिवेशन जयपुर में 10 व 11 सितंबर को होगा। अधिवेशन को लेकर दारूलशफा स्थित सहकार भारती प्रांतीय कार्यालय में बैठक हुई, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष अरूण कुमार सिंह ने अधिवेशन में प्रदेश के अधिक से अधिक प्रतिनिधियों के पहुंचने का आह्वान किया है। अधिवेशन में बैंक क्षेत्र की वर्तमान स्थिति और चुनौतियां, भविष्य की संभावनाएं, जोखिम, साइबर सुरक्षा, नवाचार के प्रयोग जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी।

# योगी सरकार के आने पर रुका संभल में हिंदुओं का पलायन

## संभल हिंसा की रिपोर्ट में खुलासा, आपराधिक तत्वों पर चला डंडा तब हिंदुओं को हुआ भरोसा, रोका जेहादियों का एजेंडा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 68 पौराणिक तीर्थ स्थल और 19 प्राचीन कूप मुक्त कराए
- मस्जिद, मजार, कब्रिस्तान और मदरसों का कब्जा हटा



**अमृत विचार :** योगी सरकार जब 2017 में आई, उसके बाद संभल से हिंदुओं का पलायन रुका। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त रुख से जेहादियों का एजेंडा थमा और अपराधिक तत्वों पर न्याय का डंडा चलना शुरू हुआ। इसके बाद हिंदुओं को संभल में सुरक्षित रहने का भरोसा हुआ। सरकार ने 68 पौराणिक तीर्थ स्थल और 19 प्राचीन कूप को मुसलमानों के अवैध कब्जे से मुक्त कराए। साथ ही मस्जिद, मजार, कब्रिस्तान और मदरसों का अवैध कब्जा भी हटा।

यह बातें संभल हिंसा की जांच करने वाले न्यायिक आयोग की रिपोर्ट में हैं। कहा गया है कि आजादी के बाद से लगातार हिंदुओं को पलायन के लिए विवश किया गया। हिंदुओं के घर दुकान कारोबार पर सत्ता के संरक्षण में अवैध कब्जे हुए। लेकिन मुख्यमंत्री के रूप में गद्दी संभालने के बाद योगी आदित्यनाथ की सरकार ने पहली बार संभल के हिंदुओं के भरोसे को कायम किया। कहा गया है कि 2017 से पहले हिंदुओं का पलायन, दंगों में हिंदुओं की हत्या और उनकी संपतियों को नुकसान पहुंचाना संभल की कड़वी सच्चाई थी। तुष्टिकरण की राजनीति, अवसरवादी नेताओं की जोड़तोड़ और दंगों की साजिशों ने यहां के सामाजिक ताने-बाने को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया था।

लेकिन 2017 के बाद तस्वीर तेजी से बदली है। मुख्यमंत्री ने व्यक्तिगत रूप से स्थिति को गंभीरता से समझा, सर्वे कराया और अराजक तत्वों को जेल भेजा। तुर्क पठान दंगों से हिंदुओं के संहार की योजना को ध्वस्त किया। सख्त कानून व्यवस्था के साथ-साथ विकास योजनाओं का सिलसिला शुरू हुआ, जिसने लोगों के भीतर सुरक्षा और विश्वास की भावना जगाई। इन सब चीजों का नतीजा यह रहा कि संभल से हिंदुओं का पलायन रुका, कानून का इकबाल मजबूत हुआ और दंगाई जेलों में भेजे गए। सुरक्षा को लेकर हिंदुओं का भरोसा जागा।

### सांस्कृतिक धरोहरों के पुनरुद्धार का नया अध्याय

वर्षों से छिन्न-भिन्न सांस्कृतिक धरोहरों का पुनरुद्धार संभल में एक नए अध्याय की शुरुआत माना जा सकता है। संभल के 68 पौराणिक तीर्थस्थलों और 19 प्राचीन कूपों को कब्जा मुक्त कराने की कार्रवाई के साथ कल्कि अवतार मंदिर समेत कई प्राचीन धार्मिक स्थानों पर सर्वे और विकास कार्य चल रहे हैं। तीर्थों को उनके पुराने स्वरूप में लाने के लिए काम हो रहे हैं। संभल में पिछले एक वर्ष के दौरान 68 .942 हेक्टेयर भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई गई। जीरो टॉलरेंस का परिणाम रहा कि कुल 37 अवैध कब्जे हटाए। इसमें मस्जिद से 16, मजार से 12, कब्रिस्तान से 7 और मदरसा से 2 अतिक्रमण शामिल रहे।

### बिजली चोरी रोकने के अभियान से नई पहचान

राज्य सरकार का कहना है कि राजनीतिक, धार्मिक और दबंग लोग ही नहीं, पूरा का पूरा मोहल्ला करोड़ों की बिजली चोरी करते पकड़ा गया। नतीजतन संभल में लाइन लॉस 82% से घटकर 18% पर आ गया और 84 करोड़ रुपये की राजकीय धनराशि की बचत हुई। बीमा माफिया पर हुई ऐतिहासिक कार्रवाई में 100 करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी का खुलासा कर 67 लोगों को जेल भेजा गया। संभल में निर्यात में प्रदेश में 10वें स्थान पर पहुंच गया है और वितीय वर्ष 2024-25 में 2405 करोड़ का निर्यात किया गया है, जिसमें ' 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के तहत मेटेलिक, वुडन और हैंडीक्राफ्ट उत्पादों का विशेष योगदान रहा।

### नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेशवासियों की सुरक्षा का संकल्प लेते हुए योगी सरकार पहली सितंबर से 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' विशेष सड़क सुरक्षा अभियान एक माह तक चलाएगी। सभी पेट्रोल पंप पर निगरानी का नेतृत्व जिलाधिकारियों को सौंपा गया है। परिवहन, पुलिस, राजस्व व जिला प्रशासन के अधिकारी मिलकर मुख्य जिम्मेदारी निभाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि पहले हेलमेट, बाद में ईंधन। कहा कि 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' का उद्देश्य दंडित करना नहीं, बल्कि हर नागरिक को कानून के अनुरूप सुरक्षित व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करना है। योगी ने अभियान की सफलता के लिए प्रदेशवासियों का साथ भी मांगा।

# घुमंतू जातियों के लिए बनेगा बोर्ड

## विमुक्त जाति दिवस समारोह में मुख्यमंत्री योगी ने किया ऐलान | प्रदेश में घुमंतू जातियों के लोगों के लिए बनेंगी कॉलोनियां व मकान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐलान किया कि राज्य सरकार घुमंतू और विमुक्त जातियों के कल्याण के लिए एक विशेष बोर्ड का गठन करेगी। साथ ही इन जातियों के लोगों को कॉलोनी और मकान उपलब्ध कराने की योजना पर भी काम किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी रविवार को भागीदारी भवन में आयोजित विमुक्त जाति दिवस समारोह में बोल रहे थे। विमुक्त जाति दिवस पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उस ऐतिहासिक क्षण की याद दिलाता है, जब इन समुदायों को आजादी के मायने समझ आए। योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार पूरी ईमानदारी से विमुक्त और घुमंतू जातियों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। प्रदेश में शिक्षा और आवास की दिशा में अनेक योजनाएं लागू की गई हैं। 9 जिलों में जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय संचालित हो रहे हैं, दो आवासीय आश्रम पद्धति विद्यालय प्रारंभ हो चुके हैं, जबकि 101 आवासीय विद्यालय पहले से चल रहे हैं। यहां छात्रों को रहने, खाने से लेकर यूनिफॉर्म तक की व्यवस्था है। इसके अलावा 264 राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावासों में विमुक्त जातियों के बच्चों के लिए भी विशेष सुविधा दी जा रही है।



लखनऊ में आयोजित विमुक्त जाति दिवस समारोह के दौरान बिरसा मुंडा की प्रतिमा को नमन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### अंग्रेजों व मुगलों से लड़ी थी लड़ाई

योगी विमुक्त जाति दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नट, बंजारा, बावरिया, सासी, कंजड़, कालबेलिया, सपेरा और जोगी जैसी जातियों ने कभी मुगलों तो कभी अंग्रेजों के खिलाफ अदम्य साहस के साथ लड़ाई लड़ी। अंग्रेजों ने इनके पराक्रम से भयभीत होकर वर्ष 1871 में क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट लागू किया और इन जातियों को जन्म से ही अपराधी घोषित कर दिया। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के प्रयासों से 31 अगस्त 1952 को इन जातियों को इससे मुक्ति मिली।

### मिलेंगे जमीन के पट्टे

योगी ने कहा कि अब विमुक्त और घुमंतू जातियों को भी जमीन के पट्टे और मतदान की सुविधा दी जाएगी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जैसे शामली और वनटांगिया का मॉडल बना, उसी तरह घुमंतू जातियों के लिए भी योजनाएं लागू होंगी।

मुख्यमंत्री ने वनटांगिया समाज का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्हें राजस्व गांव का दर्जा दिया, मताधिकार का अधिकार दिया, उनके लिए घर, स्कूल और अस्पताल बनवाए। इसी तरह मुसहर, कोल, थारू, गौड़, चेरो और सहरिया जैसी जातियों के लिए भी योजनाएं संचालित की गईं। कुम्हार, निषाद और राजभर समाज को भी सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया है।

इस अवसर पर मंत्री संजय निषाद, मंत्री असीम अरुण, नरेन्द्र कश्यप, संजीव गौड़, बैजनाथ रावत, बेचन राम, जीत सिंह खरवार, विश्वनाथ प्रसाद, वाईपी सिंह, भगवान नाथ, डॉ. शोभा चौधरी सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

# नेपाल सीमा से सटे जिलों में मुस्लिम समुदाय की जनसंख्या हुई दोगुनी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गृह मंत्रालय ने योगी सरकार को सख्त निगरानी और कार्रवाई के दिए निर्देश
- डीएम-एसपी को सौंपी गई जिम्मेदारी, देश और समाज के लिए खतरे की घंटी

**अमृत विचार :** यूपी के तीन जिलों श्रावस्ती, बहराइच और बलरामपुर में बीते 10 वर्षों में मुस्लिम समुदाय की जनसंख्या दोगुनी हो चुकी है। गृह मंत्रालय ने खुफिया एजेंसियों से आई रिपोर्ट योगी सरकार को भेजते हुए सख्त निगरानी और कार्रवाई के निर्देश हैं। शासन ने संबंधित डीएम-एसपी को मामले को देश और समाज के लिए खतरे की घंटी बताते हुए सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

देश के कई सीमावर्ती इलाकों खासकर उत्तर प्रदेश, असम और नेपाल से सटे जिलों में डेमोग्राफिक बदलाव को लेकर केंद्र ने चिंता जाहिर की है। हाल ही में संभल हिंसा की न्यायिक जांच रिपोर्ट में 45 फीसदी हिंदू आबादी के घटकर 15 फीसदी होने की रिपोर्ट के बाद नेपाल से सटे जिलों में अचानक और असंतुलित जनसांख्यिकीय (डेमोग्राफिक) बदलाव को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गहरी चिंता से योगी सरकार सतर्क हो गई है। यह सिर्फ यूपी की बात नहीं है। असम में स्थिति और भी गंभीर है। यहां के कम से कम 11 जिलों में हिंदू अब अल्पसंख्यक बन चुके हैं। इसकी वजह बांग्लादेश से अवैध घुसपैठ, ज्यादा जन्म दर और संगठित अतिक्रमण है।

रिपोर्ट में सचेत किया गया है कि ये आंकड़े केवल जनसंख्या बदलाव नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक संतुलन और सांप्रदायिक सौहार्द के लिए खतरे की घंटी हैं। गृह मंत्रालय के निर्देश के बाद राज्य सरकार ने संबंधित जिलों के जिलाधिकारी और पुलिस कप्तानों को सख्त निगरानी और कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। हालांकि तीनों जिलों से पहले ही ऐसी रिपोर्ट डीएम की ओर से भेजी जा चुकी है।

### धर्मांतरण और विदेशी फंडिंग का जाल

जांच में सामने आया है कि सीमावर्ती इलाकों में हो रहे जनसांख्यिकीय और धार्मिक बदलावों के पीछे विदेशी फंडिंग की बड़ी भूमिका है। खासकर बलरामपुर में अवैध धर्मांतरण के आरोपित छांगुर पीर का मामला इस साजिश की गहराई को उजागर करता है। यह भी पाया गया कि क्षेत्र में ईसाई मिशनरियां सक्रिय रूप से दलित और गरीब परिवारों को निशाना बनाकर उनका धर्मांतरण करा रही थीं। इन घटनाओं के बीच एक और गंभीर मामला तब सामने आया, जब पाकिस्तान को 100 करोड़ की टेरर फंडिंग का सुराग मिला।

### स्थानीय लोगों का पलायन, तेजी से बस रहे बाहरी

नेपाल सीमा से सटे संवेदनशील जिलों श्रावस्ती, बहराइच और बलरामपुर में अवैध रूप से धार्मिक स्थलों का निर्माण बढ़ा है। सीमावर्ती क्षेत्रों में तेजी से अतिक्रमण किया जा रहा है। स्थानीय लोग पलायन को मजबूर हो रहे हैं, जबकि बाहरी लोग बड़ी संख्या में यहां बसते जा रहे हैं। इसी के साथ इन क्षेत्रों में मानव तस्करी, अवैध धर्मांतरण और आपराधिक गतिविधियों में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है, जिससे यह इलाका सुरक्षा एजेंसियों के लिए चिंता का विषय बन गया है।

### जीरो पावर्टी अभियान में महज दस माह में 13,32,634 परिवार चिन्हित

**अमृत विचार, लखनऊ :** वर्ष 2027 तक प्रदेश को गरीब मुक्त बनाने को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जीरो पावर्टी अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। अगस्त तक प्रदेश में 13,32,634 परिवारों की पहचान की जा चुकी है। इनमें से 3,72,000 परिवारों को योजना का लाभ भी दिया गया है। अभियान में सबसे अधिक निर्धन परिवारों की पहचान आजमगढ़ में हुई, जहां 42,082 परिवार चिन्हित किए गए। इसके बाद जौनपुर में 39,374 परिवार, सीतापुर में 36,571 परिवार, हरदोई में 30,050 परिवार और प्रयागराज में 28,935 परिवार चिन्हित हुए।

# बिहार में अकेले चुनाव लड़ेगी बसपा : मायावती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- चुनाव की जिम्मेदारी आकाश आनंद व रामजी गौतम को सौंपी



**अमृत विचार :** बसपा बिहार में अकेले अपने दम पर चुनाव लड़ेगी। चुनाव में जीत की जिम्मेदारी राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद व राज्यसभा सदस्य रामजी गौतम को सौंपी गई। बसपा प्रमुख मायावती ने चुनाव की तैयारी को लेकर नई दिल्ली में हुई बैठक में यह फैसला लिया। उन्होंने पार्टी नेताओं को जीत के लिए जुटने का आह्वान किया।

बसपा प्रमुख ने बैठक में पार्टी पदाधिकारियों को कमियों को दूर कर पूरी मुस्तैदी व तन, मन व धन से आगे बढ़ने का निर्देश देते हुए उन्हें अगले महीने के शुरुआत से पार्टी की यात्रा व जनसभा आदि कार्यक्रमों के सम्बंध में विशेष जिम्मेदारी सौंपी। इससे पहले उड़ीसा और तेलंगाना राज्य में भी पार्टी संगठन की तैयारियों व वहां भी जिला से लेकर पोलिंग बूथ स्तर तक कमेटियों के गठन के साथ-साथ पार्टी के जनाधार को बढ़ाने के लक्ष्य की समीक्षा की गई। बसपा प्रमुख ने कहा कि चुनाव के सभी कार्यक्रम उनके निर्देशन में होंगे।

### भाजपाई जुमला है चीनी सामान का बहिष्कार

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रधानमंत्री मोदी के चीन यात्रा पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने तंज कसा है, उन्होंने कहा कि तथाकथित आत्मनिर्भर, स्वदेशी और चीनी सामान के बहिष्कार के भाजपाई जुमलों का सच चिंताजनक है। चीन से आनेवाले सामानों पर भारत की निर्भरता जिस तरह बढ़ती जा रही है, उसका बुरा असर हमारे उद्योगों, और दुकानों पर पड़ा है। इससे बेरोज़गारी भी बढ़ रही है। सपा प्रमुख ने जारी बयान में कहा कि पहले चीन अपना माल भारत के बाजारों में भर देगा, इससे चीन पर निर्भरता इतनी बढ़ जाएगी कि उनकी हर गलत हरकत को नजरअंदाज़ करने के लिए भाजपाई मजबूर हो जाएंगे।



# कई शहर बाढ़ की चपेट में, नदियों में उफान जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मथुरा, प्रयागराज, वाराणसी कानपुर सर्वाधिक प्रभावित

**अमृत विचार :** प्रदेश के कई शहर बीते कई सप्ताह से बाढ़ की चपेट में हैं। इनमें मथुरा, प्रयागराज, कानपुर और वाराणसी की आबादी सर्वाधिक प्रभावित हैं। कई जिलों में जहां यमुना और गंगा का जलस्तर कम हो रहा है। वहीं, अब भी एक-दो जिलों में जलस्तर बढ़ ही रहा है। इसका कारण भारी बारिश और बैराजों से छोड़ा जा रहा पानी है। तटीय इलाकों में रह रहे लोगों को नदी के पास के इलाकों से हटाकर ऊंचे इलाकों पर भेजा गया है।

मथुरा में जहां यमुना का जलस्तर एक बार फिर बढ़ गया है, वहीं प्रयागराज में गंगा-यमुना का जलस्तर घट रहा है। इधर, कानपुर और फर्रुखाबाद में गंगा के जलस्तर में कमी नहीं आ रही और खतरा बरकरार है। फिलहाल बाढ़ प्रभावित जिलों में बलिया, बहराइच, बदायूं, चंदौली, फर्रुखाबाद, गोंडा, गाजीपुर, हरदोई, कानपुर नगर, कासगंज, लखीमपुर खीरी, मेरठ, मीरजापुर, मुजफ्फरनगर, प्रयागराज, शाहजहांपुर, उन्नाव और वाराणसी शामिल हैं।



प्रयागराज में रविवार को उफनाती गंगा नदी में भगवान गणेश की एक भित्तिचित्र के पास मछलियां पकड़ते लोग। ● एजेंसी

### कई जिलों में मूसलाधार बारिश का अलर्ट

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में मानसून के धीमा पड़ जाने से पहले एक बार फिर मूसलाधार बारिश का अलर्ट कई जिलों के लिए जारी किया गया है। इस दौरान लोगों से सावधान रहने की अपील की गई है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मथुरा, आगरा, अलीगढ़, मैनपुरी, इटावा, फिरोजाबाद, जालौन, झांसी, हमीरपुर, ललितपुर, पीलीभीत, मुरादाबाद, बिजनौर, मेरठ, महोबा में भारी बारिश की संभावना है।

**बदलाव** | डाक विभाग ने रजिस्टर्ड डाक का स्पीड पोस्ट सेवा में कर दिया है विलय

# 171 वर्ष बाद आज से रुक जाएगा रजिस्टर्ड डाक का सफर

अमित कुमार पाण्डेय, लखनऊ

- स्पीड पोस्ट, ऑनलाइन ईमेल और मैसेज ने कम की रजिस्टर्ड डाक की उपयोगिता



**अमृत विचारः** देश में एक ऐतिहासिक युग का अंत होने जा रहा है। 171 वर्ष से चल रही रजिस्टर्ड डाक सेवा अब इतिहास बन जाएगी। डाक विभाग ने इस सेवा को बंद करते हुए इसे स्पीड पोस्ट सेवा में विलय कर दिया है। एक सितंबर 2025 यानी आज से देशभर के सभी डाकघरों में रजिस्टर्ड डाक की सेवा पूरी तरह से बंद कर दी जाएगी। केवल स्पीड पोस्ट सेवा ही उपलब्ध होगी। यह बदलाव तकनीकी प्रगति और लोगों की बदलती जरूरतों के मद्देनजर किया गया है।

**महंगी होगी सेवा, लेकिन समय की बचत तय :** रजिस्टर्ड डाक सेवा की तुलना में स्पीड पोस्ट थोड़ा महंगा विकल्प है, लेकिन यह ज्यादा तेज और ट्रैकिंग की सुविधाओं से लैस है। अभी तक रजिस्टर्ड डाक में 17 रुपये रजिस्ट्रेशन शुल्क और 20 ग्राम तक के पत्र के लिए 5 रुपये अतिरिक्त यानी कुल 22 रुपये में सेवा उपलब्ध थी। वहीं, स्पीड पोस्ट में 200 किलोमीटर की दूरी तक 20 से 50 ग्राम वजन वाले पत्र के लिए 41.30 रुपये चुकाने होंगे। जैसे-जैसे वजन और दूरी बढ़ेगी, शुल्क भी उसी अनुपात में बढ़ेगा। बता दें, 1854 में मात्र दो आने में शुरू हुई रजिस्टर्ड डाक सेवा ने कई दशकों तक देश के सामाजिक, प्रशासनिक और कानूनी ढांचे में अहम भूमिका निभाई।

### ऑनलाइन युग में फीकी पड़ी चमक

रजिस्टर्ड डाक सेवा की शुरुआत वर्ष 1854 में ब्रिटिश शासनकाल में हुई थी, जब डाक विभाग ने इसे सरकारी, कानूनी और वित्तीय दस्तावेजों को सुरक्षित रूप से भेजने के लिए शुरू किया था। यह सेवा लगभग 130 वर्षों तक अत्यंत महत्वपूर्ण बनी रही। हालांकि 1986 में स्पीड पोस्ट सेवा की शुरुआत और उसके बाद ईमेल, व्हाट्सऐप, मैसेजिंग ऐप्स और अन्य ऑनलाइन संचार माध्यमों के चलते इसकी उपयोगिता में तेजी से गिरावट आई। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में लगभग 18,355 डाकघर और देशभर में करीब 1.56 लाख डाकघर संचालित हैं। राजधानी जिले में ही लगभग 2220 डाकघर कार्यरत हैं। इन सभी डाकघरों में अब रजिस्टर्ड डाक की जगह स्पीड पोस्ट सेवा ही मिलेगी।

> आमजन की सुविधाओं के लिए विभाग समय-समय पर बदलाव करता है। आज की जरूरत है कि डाक तेजी से अपने गंतव्य तक पहुंचे। यही कारण है कि रजिस्टर्ड डाक को स्पीड पोस्ट में विलय कर दिया गया है।
>
> **-प्रणव कुमार, चीफ पोस्ट मास्टर जनरल, मुख्यालय डाक विभाग, लखनऊ**

# सबरीमाला मंदिर से हिंदुत्व की अलख जगाएंगे योगी आदित्यनाथ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लखनऊ स्थित भगवान अयप्पा मंदिर के प्रबंधकों ने मुख्यमंत्री को भेजा आमंत्रण

**अमृत विचारः** अगले वर्ष केरल में विधानसभा चुनाव है और इससे पहले ऐसे धार्मिक आयोजनों में दिलचस्पी न दिखाने वाला वहां का वामदल 'अयप्पा संगमम' कराने जा रहा है। हालांकि दिलचस्प यह होगा कि इधर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राजधानी लखनऊ में ही सबरीमाला मंदिर की तर्ज पर स्थापित अयप्पा मंदिर से हिंदुत्व की अलख जगा देंगे।

लखनऊ के गोमती नगर, विनीत खंड स्थित अयप्पा मंदिर के प्रबंधकों ने मुख्यमंत्री योगी को सितंबर में होने वाले आयोजन के लिए आमंत्रण पत्र भेजा है। मंदिर प्रबंधक बतौर मुख्य अतिथि योगी से मंदिर के मुख्यद्वार का समर्पण (शुभारंभ) कराना चाहते हैं। आयोजकों को उम्मीद है कि 15 सितंबर के आसपास होने वाले इस आयोजन के लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय से उन्हें एक-दो दिन में सीएम प्रोटोकॉल की सूचना मिल जाएगी।

फिलहाल केरल में वामदल सीपीआई (एम) की सरकार है, जिसे नास्तिक भी माना जाता है। लेकिन, यही दल इस बार भगवान अय्यपा का 'आह्वान' करने जा रही है। 20 सितंबर से होने जा रहे इस तीन दिवसीय आयोजन में केरल के सभी पंथों के हिंदू संतों, उच्च ब्राह्मणों समेत सभी जाति वर्गों को आमंत्रित किया गया है। भगवान अयप्पा के नाम पर इस बार वाम दल की कोशिश उच्च जाति के हिंदुओं को साथ लाने की है। हालांकि इससे पहले भाजपा के स्टार प्रचारक मुख्यमंत्री योगी अयप्पा मंदिर लखनऊ से ही वहां के राजनीतिक विरोधियों को जवाब दे सकते हैं।



ब्रह्मांड की सभी शक्तियां हमारे अंदर हैं। यह हम ही हैं, जिन्होंने अपनी आंखों के सामने हाथ रखा है और रोते हुए कहा कि अंधेरा है।
**–विवेकानंद**, आध्यात्मिक गुरु

# चीन यात्रा के फलितार्थ


ट्रंप की 'टैरिफ टेरर' नीति के बीच प्रधानमंत्री का सात साल बाद शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन दौरा कई निहितार्थ समेटे है और इसके अनेक कूटनीतिक परिणाम सामने आएंगे। चीन पहुंचते ही और वार्ताओं में शामिल होते ही अमेरिका को स्पष्ट संकेत मिल गया है कि भारत विश्व राजनीति में किसी एक सर्वशक्तिमान देश के बजाय बहुध्रुवीय व्यवस्था का पक्षधर है। इस यात्रा के परिणाम ट्रंप प्रशासन पर दबाव बढ़ाएंगे और यह भी स्पष्ट कर देंगे कि भारत की स्वतंत्र विदेश नीति बहुपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने की है, न कि अमेरिका जैसी किसी एक ताकत के आगे झुकने की। यह यात्रा महज दस देशों वाले संगठन के एजेंडे या केवल भारत-चीन संबंधों तक सीमित नहीं है। इसका फलक वैश्विक राजनीति और कूटनीतिक रणनीति के स्तर पर कहीं अधिक व्यापक है। टैरिफ विवाद के बीच यह भारत को पश्चिमी देशों के साथ सहयोग बढ़ाते हुए रूस से संबंधों का संतुलन बनाए रखने और वैश्विक मंच पर अपने कूटनीतिक प्रयास तेज करने का अवसर है। स्वाभाविक है कि भारतीय विदेश नीति का यह दृष्टिकोण अमेरिका के भू-राजनीतिक और आर्थिक लक्ष्यों की प्राप्ति में बाधक सिद्ध होगा। ट्रंप के समक्ष यह भी उजागर हो जाएगा कि वॉशिंगटन की भारत को चीन-विरोधी रणनीति में शामिल करने की कोशिश रंग नहीं लाने वाली, क्योंकि ऐसी नीति भारत की स्वतंत्र विदेश नीति से मेल नहीं खाती, जिस पर वह अडिग है।

यह चीन और भारत के बीच बातचीत व सहयोग का दौर आगे बढ़ाने का समय है। दुनिया की एक-तिहाई से अधिक आबादी वाले इन दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाएं वैश्विक प्रभाव रखती हैं। इनके रिश्ते पूरी दुनिया के लिए अहम हैं। बेहतर होगा कि दोनों देश स्वीकार करें कि वे एक-दूसरे के विकास के अवसर हैं, खतरा नहीं। वे प्रतियोगी नहीं, बल्कि सहयोगी हैं। यह सकारात्मक संकेत है कि सीमावर्ती विवादों और मतभेदों के रहते हुए भी इस यात्रा में द्विपक्षीय संबंधों में नरमी के कई उल्लेखनीय संकेत मिले हैं। दोनों प्राचीन सभ्यताएं, उभरती अर्थव्यवस्थाएं और ग्लोबल साउथ के महत्वपूर्ण सदस्य हैं। उनके हित व्यापक रूप से मेल खाते हैं और उनका रिश्ता अपने ऐतिहासिक तथा आंतरिक तर्क से आगे बढ़ता है।

चीन के अखबारों और कुछ पश्चिमी मीडिया संस्थानों ने इसे अमेरिकी प्रभाव के संतुलन का प्रयास बताया, जबकि कुछ विश्लेषकों ऐसा मानना है कि इसके जरिए भारत, रूस और चीन ट्रंप के खिलाफ विश्व राजनीति की बिसात पर रणनीतिक चाल चल रहे हैं, क्योंकि इसके बाद पुतिन का भारत दौरा भी आसन्न है। समझा जा रहा है कि ब्रिक्स के तीन बड़े भागीदार- भारत, रूस और चीन मिलकर डॉलर के वर्चस्व को चुनौती दे सकते हैं। यही नहीं यह ट्रंप के 'टैरिफ टेरर' का माकूल जवाब भी होगा। साहसिक निर्णयों और अप्रत्याशित चालों के लिए प्रसिद्ध प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह यात्रा भारत को क्षेत्रीय सुरक्षा, आतंकवाद और व्यापार सहयोग जैसे मुद्दों पर अपनी स्पष्ट राय रखने का अवसर भी प्रदान करेगी और भारत–चीन संबंधों में स्थिरता, तनाव में कमी तथा विश्वास बहाली की दिशा में प्रभावी साधन सिद्ध होगी।

## प्रसंगवश

# 50 बरस की 'शोले'




शोले एक क्लासिक और कल्ट फिल्म, जो रमेश सिप्पी द्वारा निर्देशित और सलीम-जावेद द्वारा लिखी गई थी। यह फिल्म 15 अगस्त 1975 को रिलीज हुई। आरडी बर्मन के संगीत से सजी यह फिल्म इस साल 50 वर्ष पूरे कर चुकी है। फिल्म को बनाने के लिए शुरू में बजट एक करोड़ रुपये का रखा गया था, लेकिन फिल्म बनते-बनते तीन करोड़ रुपये खर्च हो गए। रिलीज होने के एक हफ्ते तक इस फिल्म को बहुत ही कम दर्शक मिले और लगने लगा कि यह फिल्म पिट गई है, लेकिन फिर धीरे-धीरे इसने रफ्तार पकड़ी और एक अनुमान के मुताबिक इसने उस दौर में 35 करोड़ की कमाई की। शोले भारतीय फिल्म इतिहास की पहली ऐसी फिल्म है, जिसके संवादों के कैसेट्स बेचकर HMV ने लाखों रुपये की कमाई की थी।



दीपक नौगांई
लेखक

शोले बंबई (अब मुंबई) के मिनर्वा थियेटर में पांच साल तक चली और हर शो हाउसफुल जाता था। थिएटर के नजदीक के बस स्टॉप का नाम ही शोले कर दिया गया था। फिल्म के टिकट खूब ब्लैक किए जाते थे। बाद में मिनर्वा से यह फिल्म इसलिए उतरी, क्योंकि रमेश सिप्पी की दूसरी फिल्म 'शान' रिलीज को तैयार थी। शोले, जय और वीरू से ज्यादा गब्बर सिंह के लिए जानी जाती है। जहां जय और वीरू, लेखक सलीम के कॉलेज के दोस्तों के नाम थे, वहीं ग्वालियर में गब्बर सिंह नाम का एक डाकू हुआ करता था। सूरमा भोपाली का नाम भी भोपाल के एक रियल करैक्टर से लिया गया था। शोले की शूटिंग बेंगलुरु से सात किलोमीटर दूर रामनगरम गांव में की गई थी और फिल्म में गांव का नाम रामगढ़ रखा गया था।

शोले भारतीय फिल्म इतिहास की सबसे सफल और यादगार फिल्मों में से एक है। इस फिल्म को देखें तो 50 साल बाद भी ठाकुर का उद्देश्य प्रासंगिक लगता है। जय और वीरू की दोस्ती आज भी कायम है, तो बसंती आज भी चुलबुली दिखाई देती है। राधा के भाग्य के आंसू आज भी बह रहे हैं, वहीं गब्बर सिंह आज भी अज्ञात भय को जगाता है। फिल्म में एक और अहम चीज है। ठाकुर और बसंती दोनों एक ही गांव में रहते हैं, लेकिन दोनों के बीच कोई संवाद या सीन नहीं है। बताते हैं कि उन दिनों संजीव कुमार और हेमा मालिनी में बोलचाल नहीं थी। इस वजह से ऐसा कोई सीन शूट ही नहीं किया जा सका।

फिल्म के डायलॉग- कितने आदमी थे, मैंने आपका नमक खाया है, तुम्हारा नाम क्या है बसंती, यूं तो मुझे ज्यादा बोलने की आदत तो है नहीं, घोड़ा घास से दोस्ती कर ले तो खाएगा क्या, इतना सन्नाटा क्यों है भाई आदि आज भी गूंजते हैं। जहां खैनी मलते हुए गब्बर सिंह का अंदाज आज भी लोग नहीं भूले हैं, वहीं इस फिल्म के सहायक कलाकारों सूरमा भोपाली, अंग्रेजों के जमाने के जेलर, सांबा और कालिया को भी घर-घर में जाना-पहचाना नाम बना दिया। शोले डकैती, बदला, दोस्ती जैसे विषयों को सामने लाने वाली पहली फिल्म नहीं थी, लेकिन जिस अंदाज से पटकथा को पेश किया गया, वह एक मिसाल बन गया।

# डिजिटल तानाशाही और नागरिक अधिकार के प्रश्न





अनिल यादव
वरिष्ठ पत्रकार

व्यापार, तकनीकी प्रशिक्षण, सस्ते सामानों की खरीदारी और पर्यटन के लिए बीते वर्षों की तुलना में अपने यहां से काफी अधिक लोग चीन जाने लगे हैं। वे स्थानीय लोगों से किसी जगह का रास्ता पूछते हैं, तो असामान्य विनम्रता से न सिर्फ रास्ता बताया जाता है, बल्कि गंतव्य निकट हुआ तो भाषा या संकेतों को न समझ पाने से होने वाली स्वाभाविक उलझन की स्थिति में रास्ता बताने वाला खुद आगे बढ़कर वहां तक पहुंचा भी आता है। ऐसा नहीं है कि पहले चीन के नागरिक भारतीयों के साथ दुर्व्यवहार करते थे या रास्ता पूछने पर गुमराह करते थे। लोक व्यवहार के इस मामले में नई बात असामान्य विनम्रता और परिश्रम है, जिसका कारण नागरिकों की स्वेच्छा नहीं, बल्कि चीन की सरकार द्वारा लागू किया गया 'सोशल क्रेडिट स्कोर सिस्टम' है।

इसके तहत सार्वजनिक स्थानों पर लगे कैमरों से चीनी नागरिकों के सामाजिक व्यवहार का विश्लेषण किया जाता है। क्रेडिट स्कोर, निर्धारित से कम होने पर नागरिक को खास वेतनमान की नौकरी, खास इलाकों में रिहाइश और खास स्कूलों में दाखिला समेत तमाम सुविधाओं से वंचित किया जा सकता है। यहां अच्छे व्यवहार का कारण स्वेच्छा नहीं भय है, जिसे सतत् डिजिटल निगरानी से पैदा किया गया है। इस भय का उपयोग-दुरुपयोग कई दिशाओं में हो सकता है।

अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, समेत सभी विकसित कहे जाने वाले देशों में सरकार विरोधी या अन्य मुद्दों पर आवाज उठाने वाले प्रदर्शनकारियों को कैमरों के नेटवर्क के जरिए ट्रैक किया जाता है। वहां के निजता के अधिकार के पक्ष में और एक हद से अधिक नागरिक के जीवन में दखलअंदाजी के विरोध में आवाजें उठने लगी हैं। भारत में अपराधियों का सुराग लगाने और उन्हें पकड़ने के पुराने तरीके लगभग चलन से बाहर हो चुके हैं, क्योंकि पुलिस के लिए डिटिजल सर्विलांस आसान और अचूक तरीका बन गया है। व्यापारिक कंपनियां और सरकारें दोनों इस सर्विलांस का दुरुपयोग नागरिकों की आजादी को सीमित करने, व्यवहार को नियंत्रित करने, किसी मसले पर उनकी राय को मनमाफिक बदलने और चुनावों को प्रभावित करने में कर रही हैं।

> व्यापारिक कंपनियां और सरकारें डिजिटल सर्विलांस का दुरुपयोग नागरिकों की आजादी को सीमित करने और चुनावों को प्रभावित करने में कर रही हैं।

टेलिकॉम कंपनियां और इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर लोगों के कॉल, मैसेज, ब्राउजिंग हिस्ट्री के मेटाडेटा को स्टोर करते हैं, जो व्यापारिक कंपनियों के पास पहुंच जाता है। कंपनियों के विशेषज्ञ लोगों के डिजिटल पेमेंट के डेटा से उनके खर्च की प्राथमिकताओं और आदतों का खाका बनाते हैं, सोशल मीडिया के डेटा से पारिवारिक पृष्ठभूमि, राजनीतिक विचार और सामाजिक व्यवहार का विश्लेषण करते हैं। इन सब तरह के डेटा से विश्लेषित सूचनाओं को आपस में मिला देने पर जो निष्कर्ष निकाले जाते हैं उनके आधार पर किसी के भी उपभोक्ता-व्यवहार की भविष्यवाणी की जा सकती है। अकसर लोग कहते मिल जाते हैं कि वे किसी खास चीज के बारे चर्चा कर रहे थे और थोड़ी देर बाद फोन पर उसके विज्ञापन दिखाई देने लगे, यह कारनामा डिजिटल सर्विलांस या जासूसी के जरिए संभव किया जाता है।

हमारे यहां फेशियल रिकग्निशन तकनीक तेजी से निगरानी के औजार के रूप में उभरी है, जिसे हाउसिंग सोसाइटी, स्कूल, रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डों पर इस्तेमाल होते देखा जा सकता है। इस तकनीक को सुरक्षा और सुविधा के नाम पर बेचा जाता है। इससे किसी की भी गतिविधियों का स्थायी रिकार्ड बनाकर किसी भी एजेंसी के साथ साझा किया जा सकता है। नेशनल ऑटोमेटेड फेशियल रिकग्निशन सिस्टम (एनएएफआरएस) देश भर के सीसीटीवी फुटेज, आधार, पासपोर्ट और अपराधों के रिकार्ड को एकीकृत करने के प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है। कुछ ही दिनों में कंप्यूटर पर किसी का चेहरा स्कैन होते ही उसका आधार, बैंक खाता, सोशल मीडिया प्रोफाइल सब एक साथ सामने आने लगेगा। ड्रोन सर्विलांस भी है, जो पहले से फेशियल रिकग्निशन तकनीक से लैस है। पहले ऐसे चमत्कार हॉलीवुड फिल्मों में दिखते थे जो अब सच्चाई में बदल चुके हैं।

भारत में डेटा सुरक्षा कानून सरकार को व्यापक अधिकार देता है, जिससे बिना न्यायिक समीक्षा के डेटा को बदला और मिटाया जा सकता है। उदाहरण के लिए बिहार में बिना किसी पूर्व सूचना और स्पष्ट कारण के लाखों लोग मतदाता सूची से हटा दिए गए, इनमें से बहुत बड़ी आबादी ऐसी है जो भौतिक रूप में मौजूद है, लेकिन डेटाबेस में मृत हैं या उसकी उपस्थिति संदिग्ध है। अगर सुप्रीम कोर्ट हस्तक्षेप न करता तो दोबारा मतदाता सूची में शामिल होने का आवेदन करने का भी मौका न मिलता। यहां ध्यान दिया जाना चाहिए कि अब डिजिटल अस्तित्व वास्तविक अस्तित्व से अधिक महत्वपूर्ण हो चुका है, किसी का भी अस्तित्व एक झटके में बैंक, अस्पताल, पेंशन-बीमा कार्यालय से समाप्त किया जा सकता है।

दरअसल हम एक डिजिटल तानाशाही के दौर में प्रवेश कर चुके हैं, जिसके बारे में जागरूकता जरूरी है। नागरिक को पता होना चाहिए कि उसके बारे में कौन सा डेटा और किस मकसद से इकट्ठा किया जा रहा है। अपने डेटा के बारे में जानकारी रखना उसका संवैधानिक अधिकार होना चाहिए। डेटा को मिटाने, जोड़ने और अपडेट करने का एक सार्वजनिक न्यायिक औचित्य होना चाहिए, इसे सुनिश्चित किए बिना इसका दुरुपयोग रोकना कठिन होगा।

## आमने सामने



अखिलेश यादव कभी अकेले मुख्यमंत्री नहीं रहे। जब वे मुख्यमंत्री थे, तब मुलायम सिंह यादव, रामगोपाल यादव और शिवपाल यादव 'सुपर मुख्यमंत्री' थे। अब तो कुनबा और भी बड़ा हो गया है।
**–सम्राट चौधरी**
उपमुख्यमंत्री, बिहार

एक सलाह: उप रहें, चुप रहें! पहले अपने राज्य में विकास की ठप पड़ी सड़कें बनवाएं। तब देश के सबसे अच्छे और सबसे तेजी से विश्वस्तरीय एक्सप्रेसवे बनवाने वालों के बारे में बोलें और उनसे मेट्रो बनवाने की सलाह लें।
**–अखिलेश यादव**
अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी



# तेजस्वी को मुख्यमंत्री का चेहरा बनाने का संकोच



अजय कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की वोटर अधिकार यात्रा इन दिनों बिहार की सड़कों पर धूम मचा रही है। कन्याकुमारी से कश्मीर तक की भारत जोड़ो यात्रा की तरह ही राहुल गांधी यहां भी पूरे जोश के साथ डटे हुए हैं। यात्रा में मजा आना जरूरी है, जैसा कि राहुल खुद कहते हैं और लगता है कि उन्हें तेजस्वी यादव के साथ यह सफर खूब रास आ रहा है, लेकिन इस मजेदार सफर के बीच एक सवाल बार-बार उछल रहा है- क्या राहुल गांधी तेजस्वी यादव को बिहार के मुख्यमंत्री पद का चेहरा मानने से कतरा रहे हैं? तेजस्वी तो राहुल को प्रधानमंत्री बनाने की बात खुलकर कर रहे हैं, लेकिन राहुल की तरफ से वैसी ही निष्ठा क्यों नहीं दिख रही? यह सवाल बिहार की राजनीति में तूफान खड़ा कर रहा है, खासकर जब 2025 के विधानसभा चुनाव नजदीक हैं।

यात्रा की शुरुआत सासाराम से हुई, जहां राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने मिलकर चुनाव आयोग पर वोट चोरी का आरोप लगाया। राहुल ने कहा कि चुनाव आयोग भाजपा के साथ मिलकर वोटर लिस्ट से नाम काट रहा है और इसे 'एसआईआर' (सिस्टेमेटिक इलेक्टोरल रोल) का नाम देकर संस्थागत चोरी कर रहा है। यात्रा में बुलेट बाइक पर सवार होकर दोनों नेता जनता के बीच पहुंचे, जो एक आकर्षक दृश्य था। तेजस्वी यादव राहुल को 'बड़े भाई' कहकर संबोधित कर रहे हैं और उनकी हर बात में सम्मान झलकता है।

एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब चिराग पासवान पर सवाल उठा, तो तेजस्वी ने उन्हें 'बड़े भाई' बताते हुए शादी करने की सलाह दी। राहुल हंस पड़े और बोले, 'यह मेरे लिए भी लागू होता है।' तेजस्वी ने तुरंत जवाब दिया कि पापा (लालू यादव) ने आपको यह सलाह पहले ही दे दी है। याद कीजिए, लोकसभा चुनाव से पहले पटना की इंडिया ब्लॉक मीटिंग में लालू यादव ने राहुल से कहा था, 'आप दूल्हा बनिए, हम बाराती बनने को तैयार हैं।' अब तेजस्वी भी यही बात दोहरा रहे हैं कि राहुल देश के प्रधानमंत्री बनें, लेकिन राहुल तेजस्वी को बिहार का सीएम फेस घोषित करने से क्यों बच रहे हैं?

> क्या राहुल तेजस्वी को सीएम बनने से रोक रहे हैं? लालू का सोनिया गांधी को समर्थन वैसा ही था, जैसा अब तेजस्वी का है, लेकिन राहुल का रुख अलग है।

यह सवाल मीडिया ने राहुल से कई बार पूछा। अररिया में एक संवाददाता सम्मेलन में जब पूछा गया कि तेजस्वी आपको पीएम बनाने की बात कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस तेजस्वी को सीएम फेस क्यों नहीं मान रही? राहुल ने जवाब दिया, "हमारी पार्टनरशिप बहुत अच्छी है, कोई टेंशन नहीं, म्यूचुअल रिस्पेक्ट है, हम एक-दूसरे की मदद कर रहे हैं, मजा आ रहा है। राजनीतिक और वैचारिक रूप से हम जुड़े हुए हैं, अच्छा रिजल्ट आएगा।" उन्होंने सीधा जवाब नहीं दिया। बिहार कांग्रेस के नेता जैसे कृष्णा अल्लावरु या राजेश कुमार भी यही सवाल टालते रहे हैं। वे कहते हैं कि यह फैसला आरजेडी का है, या फिर तेजस्वी चुनाव अभियान समिति के प्रमुख हैं, लेकिन सच्चाई यह लगती है कि कांग्रेस की हरी झंडी का इंतजार है।

लालू यादव ने नीतीश कुमार को भी पीएम बनाने पर हामी भरी थी, लेकिन वह सिर्फ दिखावा था, क्योंकि वे नीतीश को सीएम भी नहीं रहने देना चाहते थे, लेकिन तेजस्वी के मामले में राहुल का डर क्या है? तेजस्वी तो ममता बनर्जी या अरविंद केजरीवाल की तरह चुनौती नहीं दे रहे। 2024 के लोकसभा चुनाव में आरजेडी ने चार सीटें जीतीं, कांग्रेस ने तीन। 2020 के विधानसभा चुनाव में आरजेडी सबसे बड़ी पार्टी बनी थी 71 सीटों के साथ, लेकिन कांग्रेस जूनियर पार्टनर की भूमिका से बाहर निकलना चाहती है। राहुल की बिहार यात्राएं दलितों और युवाओं पर फोकस कर रही हैं, जो आरजेडी के वोट बैंक को प्रभावित कर सकती हैं। कांग्रेस को लगता है कि आरजेडी की जाति-आधारित राजनीति से अलग, वे रोजगार, शिक्षा और सेकुलरिज्म पर लड़ेगी, लेकिन इससे आरजेडी चिंतित है। वाम दल भी चुप हैं, लेकिन वे तेजस्वी को सीएम मानने में कोई दिक्कत नहीं देखते। क्या राहुल बिहार में कांग्रेस को मजबूत करना चाहते हैं, या तेजस्वी को सीएम बनने से रोक रहे हैं? लालू का सोनिया गांधी को समर्थन वैसा ही था, जैसा अब तेजस्वी का है, लेकिन राहुल का रुख अलग है। अगर महागठबंधन जीतता है, तो सीएम कौन बनेगा?

तेजस्वी की मेहनत और राहुल की लोकप्रियता मिलकर नीतीश को चुनौती दे सकती है, लेकिन भरोसे की कमी से हार भी हो सकती है। यात्रा में मजा आ रहा है, लेकिन सवाल बाकी हैं- क्या राहुल तेजस्वी को 'दूल्हा' बनने देंगे, या 'फूफा' बनकर रूठे रहेंगे? बिहार की जनता देख रही है और चुनाव बताएंगे कि यह पार्टनरशिप कितनी मजबूत है।

यह यात्रा सिर्फ वोटर अधिकारों की नहीं, बल्कि नेतृत्व की जंग भी है। लालू यादव की पुरानी बातें याद आती हैं, जब उन्होंने नीतीश को 'जहर पीकर' सीएम बनाया था, लेकिन अब मकसद तेजस्वी को सीएम बनाना है और राहुल रास्ते में रोड़ा नहीं बन सकते, क्योंकि वे खुद बिहार के सीएम नहीं बनने वाले। सोशल मीडिया पर बहस छिड़ी है। लोग कहते हैं कि राहुल की यात्रा महागठबंधन को मजबूत कर रही है, लेकिन कुछ इसे राहुल का हाईजैक मानते हैं। तेजस्वी की तरफ से पूरा समर्थन है, लेकिन राहुल वैसा क्यों नहीं कर रहे? क्या यह रणनीति है, या भरोसे की कमी? चुनाव नजदीक हैं और यह सवाल, जवाब मांग रहे हैं। महागठबंधन की एकता पर निर्भर करेगा बिहार का भविष्य। राहुल और तेजस्वी का यह सफर मजेदार है, लेकिन राजनीतिक रूप से चुनौतीपूर्ण भी। जनता की नजरें टिकी हैं कि क्या यह जोड़ी नीतीश-मोदी को हरा पाएगी, या आंतरिक मतभेद सब बिगाड़ देंगे।

## सोशल फोरम

# चैट बॉट से क्रिएट हो रहा है इमोशनल वैक्यूम

कैलिफोर्निया में रहने वाला जीवन से भरपूर सोलह साल का एडम सुसाइड कर लेता है। उसे इरिटेबल बोवेल सिंड्रोम की दिक्कत थी। इस सिंड्रोम में पेट में दर्द, ऐंठन, सूजन, दस्त और कब्ज की समस्या लगातार बनी रहती है। इससे तंग आकर एडम ने ऑनलाइन स्कूल जॉइन कर लिया। इसके साथ ही पढ़ाई में मदद के लिए उसने चैटजीपीटी का इस्तेमाल शुरू किया। बाद में एडम चैटजीपीटी के साथ व्यक्तिगत बातें करने लगा। वह उससे अपना एकाकीपन बांटने लगा। चैटजीपीटी उससे सहानुभूति जताता है।



प्रियंका ओम
लेखिका

एडम ने एक कदम आगे बढ़कर चैटजीपीटी से सुसाइड के नुस्खे पूछे। बॉट ने उसे इस बारे में बताया, हालांकि चैटजीपीटी को उसके मानसिक असंतुलन की भनक लगी, तो उसने एडम को हेल्प लाइन प्रोवाइड की, लेकिन एडम ने कहा कि वह मात्र रिसर्च कर रहा था और फिर एक दिन बिना किसी चिट्ठी के, बिना किसी चेतावनी के वह आत्महत्या कर लेता है।

यह पहली घटना नहीं है। पिछले वर्ष फ्लोरिडा के एक युवा ने AI की मदद से आत्महत्या कर ली। इसके पहले बेल्जियम में ठीक ऐसी ही घटना नोट की गई थी। दुर्भाग्य से ऐसे मामले तेजी से आम होते जा रहे हैं। AI ने ऐसे हजारों चैटबॉक्स मुहैया कराए हैं, जो आपके लिए टाइप कर सकते हैं। आपसे बातें कर सकते हैं। आपको सुन सकते हैं। आज चैटजीपीटी के पास हफ्ते के सात सौ मिलियन यूजर्स हैं। आप इनसे कुछ भी पूछिए, मिनटों में जवाब हाजिर। गूगल बेशक आपको एक्यूरेट जवाब न दे सके, लेकिन बॉट देता है।

बात यहां तक सिमट कर रह जाती, तो फिर भी ठीक था। अकेलेपन की हद तो देखिए, यूजर्स बॉट पर इमोशनली लीन होते जा रहे हैं। फ्रेंडली कंपेनियन ढूंढने लगे हैं। युवा वहां पर रोमांटिक पार्टनर्स तलाशते हैं। यहां तक कि थेरेपिस्ट खोजते हैं। जनसंख्या विस्फोट के बावजूद लोगों के पास कोई बात करने वाला नहीं है। कोई सुनने वाला नहीं है। ऐसे में बॉट से बातें कर यूजर्स अच्छा महसूस करते हैं। यह जुड़ाव इतना स्वाभाविक है, जिसे समझना कतई मुश्किल नहीं, जबकि रिसर्च का कहना है कि आप जितना अधिक बॉट से जुड़ते हैं, उतने ही अधिक दुनिया से कटते जाते हैं। इमोशनली वैक्यूम होते जाते हैं और अंततः हिंसा का जन्म होता है। यह किसी भी रूप में हो सकता है, आत्महत्या भी।

**–फेसबुक वाल से**

## सामयिकी

# 'कमाने की मशीन' बने रहने की मजबूरी

भारतीय समाज में सदियों से पुरुष की पहचान उसकी कमाई और आर्थिक जिम्मेदारी से जोड़ी जाती रही है। बचपन से ही लड़कों को यह सिखाया जाता है कि वे परिवार की रीढ़ हैं और उनका असली कर्तव्य पैसा कमाना है। 'रोना मत, मजबूत बनो' और 'घर चलाना तुम्हारा काम होगा' जैसी बातें मर्दानगी की परिभाषा गढ़ती हैं। यही कारण है कि हमारे समाज में पौरुष का मानदंड संवेदनशीलता या देखभाल नहीं, बल्कि आय और नौकरी से तय होता है। समाजशास्त्री पियरे बोरदियू ने अपनी किताब Masculine Domination में लिखा था कि मर्दानगी को लगातार एक 'डॉमिनेशन प्रोजेक्ट' के रूप में दोहराया जाता है, जहां पुरुष की शक्ति और इज्जत उसकी आर्थिक भूमिका से मापी जाती है।

भारत में औद्योगिक क्रांति के बाद यह दबाव और गहरा हुआ, जब नौकरी और वेतन को सामाजिक प्रतिष्ठा से जोड़ा गया। परिवार की परंपरागत संरचना में भी यही नियम रहा। महिलाएं देखभाल करेंगी और पुरुष कमाई करेंगे, लेकिन इस बंटवारे ने पुरुषों पर एक ऐसा बोझ डाल दिया जो उन्हें लगातार 'कमाने की मशीन' बने रहने को मजबूर करता है। आईएलओ (International Labour Organization) के एक अध्ययन के मुताबिक, एशियाई देशों में 75% पुरुष मानते हैं कि परिवार की प्राथमिक आर्थिक जिम्मेदारी सिर्फ उन्हीं पर है। यानी यह बोझ केवल सांस्कृतिक धरोहर नहीं, बल्कि आज भी जीवित सच्चाई है। यही दबाव धीरे-धीरे पुरुषों के मानसिक और भावनात्मक जीवन को खोखला करने लगता है।



वीरेंद्र कुमार
लेखक

लगातार 'कमाने की मशीन' बने रहने का दबाव पुरुषों के मानसिक और सामाजिक जीवन पर गहरी चोट करता है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (2022) के आंकड़े बताते हैं कि आत्महत्या करने वाले पुरुषों की संख्या महिलाओं से लगभग तीन गुना अधिक है। विशेषज्ञ मानते हैं कि इसके पीछे बड़ा कारण आर्थिक दबाव और सामाजिक अपेक्षाएं हैं। एक तरफ पुरुष से यह उम्मीद की जाती है कि वह घर का खर्च बिना डगमगाए उठाए, वहीं उससे भावनाएं व्यक्त करने या मदद मांगने का हक लगभग छीन लिया जाता है।

अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन की 2019 की रिपोर्ट कहती है कि पुरुष अवसाद और तनाव के लक्षण दिखाने के बावजूद पेशेवर मदद लेने में 50% कम सक्रिय होते हैं, क्योंकि उन्हें डर होता है कि समाज उन्हें 'कमज़ोर' समझेगा। यही दबाव उनके भीतर एक खामोशी और अकेलापन पैदा करता है। प्रसिद्ध समाजशास्त्री माइकल किमेल ने अपनी किताब The Gendered Society में लिखा है कि आधुनिक समय का सबसे बड़ा संकट यह है कि पुरुष अपनी असली पहचान से ज़्यादा उस पहचान में जीने को मजबूर हैं, जो समाज ने उनके लिए गढ़ दी है- यानी कमाने वाले की।

हमें स्वीकार करना होगा कि पुरुष केवल 'कमाने की मशीन' नहीं, बल्कि संवेदनशील इंसान है, जिन्हें भावनात्मक सहारे और जीवन की संतुलित भूमिका की जरूरत होती है। परिवारों में साझा जिम्मेदारी की संस्कृति विकसित करनी होगी, जहां महिलाएं भी आर्थिक जिम्मेदारियां निभाएं और पुरुष भी देखभाल और घरेलू कार्यों में बराबर हिस्सेदारी करें। नीतिगत स्तर पर भी बदलाव जरूरी हैं। पितृत्व अवकाश, लचीली कार्य प्रणाली और मानसिक स्वास्थ्य सहायता जैसी सुविधाएं पुरुषों पर वित्तीय दबाव को कम कर सकती हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

### डेढ़ से तीन सेकेंड के भीतर पकड़ लेतीं 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार

# रफ्तार की तूफान ये बाइक बुलेट ट्रेन को भी देतीं मात



दुनिया भर में स्पीड के दीवाने बाइक प्रेमी हमेशा सबसे तेज सुपर बाइक की तलाश में रहते हैं। उनके लिए हवा से बातें करने वाली बाइक चलाने का मजा और रोमांच कुछ और ही होता है। अधिकतर युवाओं की इस चाहत को भांपते हुए ही बाइक निर्माता बेहतर एयरोडायनामिक्स, हल्के वजन की संरचना और उच्च-प्रदर्शन वाले इंजनों के जरिए सबसे शक्तिशाली बाइक विकसित करने के लिए लगातार नवाचार के साथ नई तकनीक पर शोध और अनुसंधान करते रहते हैं।



## डॉज टॉमहॉक की अधिकतम रफ्तार 650 किमी प्रति घंटा

- डॉज टॉमहॉक को भी दुनिया की सबसे तेज रफ्तार बाइक में गिना जाता है। अमेरिका की वाहन निर्माता कंपनी डॉजे ने इस बाइक में 8277 सीसी क्षमता का इंजन लगाया है। इस बाइक की अधिकतम गति 650 किमी प्रति घंटा तक रिकार्ड की गई है। डॉज टॉमहॉक को सड़क पर चलाने की अनुमति नहीं है। इस की बड़ी वजह यह है कि यह 1.7 सेकेंड के भीतर 100 किमी की गति पकड़ लेती है। हालांकि इस असाधारण बाइक में चार पहिये हैं, जो इसे एक पारंपरिक सवारी से कहीं ज्यादा इंजीनियरिंग का नमूना बनाते हैं। डॉज टॉमहॉक वी10 सुपरबाइक की कीमत करोड़ों में बताई जाती है।

## ढाई सेकेंड में 100 किमी की गति, एमटीटी वाई2 के

- अमेरिकी कंपनी एमटीटी टरबाइन टेक्नॉलाजी द्वारा निर्मित एमटीटी वाई2के सुपरबाइक की रफ्तार 365 किमी प्रति घंटा तक नापी गई है। इस बाइक में रोल्स-रॉयस एलिसन मॉडल 250 गैस टर्बाइन इंजन लगा है। ये बाइक सिर्फ 2.5 सेकेंड में 100 किमी की रफ्तार पकड़ लेती है। इसे सबसे महंगी प्रोडक्शन बाइक का खिताब भी मिला हुआ है। यह बाइक एक जेट इंजन जैसा अनुभव प्रदान करती है।

## कावासाकी निंजा H2R 400 किमी प्रति घंटा की स्पीड

दुनिया की सबसे तेज रफ्तार और ताकतवर बाइकों में कावासाकी निंजा H2R को शुमार किया जाता है। इसकी अधिकतम गति 400 किमी प्रति घंटा है, जो इसे रेसिंग के लिए मजबूत और दमदार बाइक बनाती है। कावासाकी निंजा H2R सिर्फ ट्रैक पर चलने वाली बाइक है। इंजन से 310 bhp की पॉवर और 998 सीसी सुपरचार्ज्ड इंजन के साथ, यह बाइक आटो इंजीनियरिंग का बेहतरीन नमूना है। एयरोडायनामिक कार्बन फाइबर फेयरिंग से लैस, कावासाकी निंजा H2R बाइक की कीमत भारत में 90 लाख रुपये के आसपास है। कावासाकी निंजा H2R का सड़क पर चलने वाले भाई जैसा वर्जन है, कावासाकी निंजा एच2। इसे पूरी तरह सड़क पर इस्तेमाल के लिए ट्यून किया गया है। इसकी भी अधिकतम गति 400 किमी प्रति घंटा है।

## पलक झपकते हवा से बातें करती डुकाटी पैनिगेल V4 R

- डुकाटी पैनिगेल V4 R रेसिंग बाइक है, जिसमें 1,103 सीसी डेस्मोसेडिसी स्ट्राडेल R इंजन लगा है। 212.5 बीएचपी और 123.6 एनएम टॉर्क देने वाली यह बाइक रेस ट्रैक के लिए ही बनाई गई है, लेकिन एड्रेनालाईन के दीवानों के लिए इसका एक स्ट्रीट लीगल वर्जन भी उपलब्ध है। इसकी अधिकतम गति 299 किमी प्रति घंटा है।

## Honda CBR 1100 XX टॉप स्पीड 305 किमी प्रतिघंटा

- जापानी दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी होंडा की सुपरबाइक Honda CBR 1100 XX Blackbird में 1137 सीसी की क्षमता का लिक्विड कूल्ड इनलाइन 4 सिलेंडर युक्त इंजन प्रयोग किया गया है। यह बाइक को 153 HP की पॉवर देता है। ये बाइक महज 2.8 सेकेंड में 100 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार पकड़ने में सक्षम है। इस बाइक की टॉप स्पीड 305 किलोमीटर प्रतिघंटा है।

## भारत में उपलब्ध सबसे तेज बाइक्स और कीमत

- Kawasaki Ninja H2
कीमत : 79 से 82 लाख (एक्स-शोरूम)
- Ducati Panigale V4 R
कीमत : 70 से 75 लाख रुपये
- BMW M 1000 RR
कीमत : 48 से 55 लाख रुपये
- Suzuki Hayabusa (Gen 3)
कीमत : 17 से 18 लाख रुपये
- Kawasaki Ninja ZX-10R
कीमत : 16 से 17 लाख रुपये

## टीवीएस का किफायती इलेक्ट्रिक स्कूटर ऑर्बिटर



- टीवीएस मोटर ने अपना नया किफायती इलेक्ट्रिक स्कूटर ऑर्बिटर लॉन्च किया है। यह छह रंगों में उपलब्ध होगा। आईक्यूब और टीवीएस X के बाद भारत में कंपनी का यह तीसरा ई-स्कूटर है। कंपनी का दावा है कि उसका नया स्कूटर एक बार फुल चार्ज करने पर 158 किमी तक चलेगा। इसकी एक्स-शोरूम कीमत 99,900 रुपये रखी गई है। ऑर्बिटर की ऑनलाइन बुकिंग कराई जा सकती है। टीवीएस ऑर्बिटर पर 3 साल और 50 हजार किमी की वारंटी मिलेगी।

## नई G1 Cargo ई-साइकिल



- इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की डिमांड काफी बढ़ रही है। इसे देखते हुए कंपनियां अब तेजी से इलेक्ट्रिक साइकिल भी उतार रही हैं। पुणे की कंपनी EMotorad ने अपनी नई G1 Cargo ई-साइकिल लॉन्च की है। ये साइकिल 100 किलोमीटर का रेंज देती है। इसकी कीमत रुपये 49,999 रखी गई है। इस साइकिल को कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट, डीलर नेटवर्क और चुनिंदा ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से खरीदा जा सकता है।

## एडवांस्ड फीचर्स लेकर आई 9 सीटर टाटा विंगर प्लस



- देश की प्रमुख कॉमर्शियल वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने अपनी नई 9-सीटर टाटा विंगर प्लस लॉन्च कर दी है। कंपनी का दावा है कि यह वैन अपने सेगमेंट में बेस्ट इन क्लास है। इसकी एक्स शोरूम कीमत 20.60 लाख रुपये रखी गई है। यह नई वैन पारिवारिक पर्यटन, आफिस स्टाफ तथा फ्लीट ऑपरेशन के लिए काफी उपयोगी है। इसका केबिन चौड़ा है और सामान रखने के लिए भी पर्याप्त जगह दी गई है। कंपनी का कहना है कि प्रीमियम सीटिंग, एडवांस्ड फीचर्स इस वैन को सुविधाजनक और बहुउपयोगी बनाते हैं।

# कार रहेगी हमेशा फिट फॉलो करें ये आसान टिप्स


*किसी भी वाहन के इंजन को उसका दिल कहा जाता है। इंजन ही वाहन की रफ्तार को पॉवर देता है। ऐसे में वाहन सही तरीके से चले, इसलिए इंजन की नियमित रूप से फिटनेस जांच करानी चाहिए।*



- हर 1500 किमी पर ऑयल का लेवल और रंग चेक करते रहना चाहिए। काला या गाढ़ा ऑयल बदलवाना ही सही फैसला है।
- बेहतर परफॉर्मेंस और इंजन में सही एयर फ्लो सुनिश्चित करने के लिए हर 5000 किमी में एयर फिल्टर चेक कराएं। गंदा फिल्टर इंजन पर दबाव डालता है और माइलेज घटाता है।
- रेडिएटर में कूलेंट और ब्रेक सिस्टम में ब्रेक ऑयल जरूरी होता है। इन्हें हर सर्विस या लंबी यात्रा से पहले जरूर चेक कर लें।
- बरसात में सबसे ज्यादा काम वाइपर्स करते हैं। इसलिए मॉनसून खत्म होते ही देखें कि वाइपर्स सही से काम कर रहे हैं या नहीं। अगर रबर ब्लेड घिस गए हों या फट गए हैं, तो तुरंत बदलें।
- जलभराव या बारिश का पानी ब्रेक पैड्स पर बुरा असर डाल सकते हैं। इसलिए मॉनसून के बाद कार की सर्विस कराते समय ब्रेक पैड्स और ब्रेक सिस्टम की अच्छी तरह से जांच करने को कहें।
- स्पंजी या हल्की ब्रेक पैडल जैसे चेतावनी संकेतों पर ध्यान देना जरूरी है। कम ब्रेकिंग पावर और ब्रेक फेल से बचने के लिए ब्रेक सिस्टम रखरखाव महत्वपूर्ण है।
- सस्पेंशन वाहन का महत्वपूर्ण हिस्सा है जो इसे स्थिर रखता है, ताकि यह असमान सड़कों को संभाल सके। सस्पेंशन के निरीक्षण में शोर, राइड कंफर्ट और टायर की घिसावट को देखना चाहिए।
- सड़क पर सुरक्षित तरीके से चलने के लिए उचित अलइनमेंट भी महत्वपूर्ण है।
- कार सेकंड हैंड खरीदी है, तो इससे पहले कि बैटरी अपनी पावर स्टोर करने की क्षमता खो दे, समय रहते उसे बदलना जरूरी है।
- कार में टायर भी एक अहम हिस्सा है। अगर टायर ज्यादा घिस गया है और उसका प्रेशर सही नहीं है तो कार को इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है।

# सड़क सुरक्षा की अनदेखी से जीवन को बढ़ता खतरा

सड़क दुर्घटना में मृत्यु का सबसे बड़ा कारण हेड इंजरी (सिर में घातक चोट) होता है। दोपहिया वाहन पर हेलमेट पहनना इसीलिए जरूरी है। आप बाइक चला रहे हैं या पीछे बैठे हैं तो हेलमेट जरूर लगाएं। हेलमेट इस तरह बांधें कि फीते की क्लिप और गले के बीच तीन अंगुलियां जाने लायक फासला ही रहे। इसी तरह कार में सीट बेल्ट पहनना भी अनिवार्य है, चाहे आप ड्राइवर हों या पैसेंजर।





लेखक
विमल पांडे
संभागीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) पौड़ी (उत्तराखंड)

- ट्रैफिक सिग्नल्स और रोड साइन के साथ स्पीड लिमिट का ध्यान रखें और निर्धारित गति में ही गाड़ी चलाएं।
- हमेशा अपने आगे और पीछे की गाड़ियों का ध्यान रखें। सामने वाले वाहन से 12 से 15 फीट की दूरी बनाये रखें। सड़क पर अचानक ब्रेक लगाने से बचें।
- सड़क के मोड़ पर इंडिकेटर का प्रयोग अवश्य करें।
- ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग न करें। जरूरी होने पर हैंड्स-फ्री डिवाइस का इस्तेमाल करें।
- ड्राइविंग के दौरान खाना खाने या अन्य गतिविधियों से बचें।
- बारिश, धुंध या बर्फबारी के दौरान अतिरिक्त सावधानी बरतें।
- लंबी ड्राइव के दौरान नियमित ब्रेक लें और आराम करें।
- अगर आपको नींद आ रही है तो गाड़ी रोककर थोड़ी देर आराम करें या किसी अन्य व्यक्ति को ड्राइविंग करने दें। नशीली दवाओं और शराब से बचें।
- आपातकालीन स्थिति के लिए टूल किट और प्राथमिक चिकित्सा किट हमेशा वाहन में रखें।
- आपात स्थिति में संपर्क करने के लिए महत्वपूर्ण नंबर जैसे कि इमरजेंसी सर्विस

# नई लॉचिंग



## सिट्रॉएन बेसाल्ट X की लॉचिंग

- सिट्रॉएन द्वारा देश में हैचबैक से लेकर एसयूवी सेगमेंट में कारों की बिक्री की जाती है। कंपनी ने कूप एसयूवी के तौर पर बेसाल्ट के नए वर्जन एक्स को पांच सितंबर को लॉन्च करने की तैयारी की है। इस कार की कीमत 14 लाख के आसपास रहने की उम्मीद है।



## विनफास्ट की दो इलेक्ट्रिक एसयूवी

- इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता विनफास्ट की ओर से भी सितंबर के पहले हफ्ते में दो नई एसयूवी को इलेक्ट्रिक सेगमेंट में लॉन्च किया जाएगा। विनफास्ट VF6 और VF7 इन दोनों ही एसयूवी में कई बेहतरीन फीचर्स को ऑफर किया जाएगा। विनफास्ट VF6 की कीमत करीब 25 लाख और विनफास्ट VF 7 की कीमत 50 लाख के आसपास होगी।

## तीन डोर वाली महिंद्रा थॉर फेस लिफ्ट

- महिंद्रा की ओर से ऑफर की जाने वाली तीन दरवाजों वाली थॉर के फेसलिफ्ट को भी सितंबर महीने में लॉन्च किया जाएगा। हालांकि अभी इस एसयूवी की लॉचिंग की तारीख तय नहीं हुई है। इसके फेसलिफ्ट में थार रॉक्स की तरह डिजाइन और फीचर्स को अपडेट किया जाएगा। इसकी आरंभिक कीमत 10 लाख रुपये से अधिक रहेगी।





## वॉल्वो EX30 भी इसी माह उतरेगी बाजार में

- वॉल्वो की ओर से भी कई सेगमेंट में वाहनों की बिक्री की जाती है। कंपनी सितंबर महीने में सबसे सस्ती इलेक्ट्रिक एसयूवी के तौर पर Volvo EX30 को लॉन्च करने की तैयारी कर रही है। देश में इसकी कीमत 40 लाख से शुरू होगी।

## मारुति Escudo इसी हफ्ते आएगी

देश की प्रमुख वाहन निर्माता मारुति सुजुकी मारुति Escudo इसी हफ्ते लॉन्च करेगी। इस नई एसयूवी को लॉचिंग तैयारी पूरी कर ली गई है। यह एसयूवी मिड साइज एसयूवी सेगमेंट में ऑफर की जाएगी। इसे मारुति अपने एरीना डीलरशिप नेटवर्क से ग्राहकों को करीब 12 लाख रुपये की शुरुआती कीमत में उपलब्ध कराएगी।



## उद्योग को अब 75 दिन में मिलती है पर्यावरणीय मंजूरी : यादव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि पिछले 11 साल में सरकार ने व्यापार को आसान बनाने की दिशा में काफी काम किया है और किसी उद्योग के लिए पर्यावरणीय मंजूरी मिलने में मात्र 75 दिन का समय लगता है। भारत ग्लोबल इंडस्ट्रीज फोरम द्वारा आयोजित एक अधिवेशन को संबोधित करते हुए यादव ने कहा कि सत्ता में आने के बाद प्रधानमंत्री ने कारोबार की आसानी की जो बात कही थी वो साकार हो चुकी है।

अमृत विचार
मुरादाबाद, सोमवार, 1 सितंबर 2025
www.amritvichar.com



### बिजनेस ब्रीफ

### देश में 56 करोड़ जन धन खातों में 13 करोड़ निष्क्रिय

**नई दिल्ली।** देश में पिछले 11 साल में खोले गये 56 करोड़ जन धन खातों में से 13 करोड़ निष्क्रिय हो गये हैं यानी उनमें दो साल या उससे अधिक समय से कोई लेनदेन नहीं हुआ है। केंद्रीय वित मंत्रालय की ओर से संसद के हाल में समाप्त सत्र में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी गयी है। इसे देखते हुए इन निष्क्रिय खातों की पुनः केवाईसी (अपने ग्राहक को जानो) प्रक्रिया पूरी करने के लिए सरकार ने 01 जुलाई से ग्राम पंचायत स्तर पर संतृप्ति अभियान शुरू किया गया है जो 30 सितंबर तक चलेगा। इस साल 31 जुलाई तक देश में जन धन खातों की संख्या 56,03,84,490 थी जिनमें 13,04,52,845 खाते निष्क्रिय थे। यह कुल खातों के 23 प्रतिशत से अधिक है। उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 9,98,47,121 जन धन खाते खोले गये हैं और वहां निष्क्रिय खातों की संख्या 2,75,04,107 (27 प्रतिशत से अधिक) है। इसके बाद बिहार में 6,47,91,296 जन धन खातों में से 1,39,00,934 निष्क्रिय हैं।

### वाटर प्यूरिफायर को पांच प्रतिशत के स्लैब में लाने की मांग

**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की बैठक से पहले वाटर प्यूरिफायर, फिल्टर और इनसे संबंधित सेवाओं को पांच प्रतिशत के स्लैब में लाने की मांग की गयी है। वाटर प्यूरिफायर और फिल्टर बनाने वाली कंपनियों, इनके डीलरों और कलपुर्जों की आपूर्ति करने वाली कंपनियों के अलाभकारी संगठन वाटर क्वालिटी इंडिया एसोसिएशन ने इस संबंध में केंद्रीय राजस्व सचिव को एक पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि स्वच्छ पेय जल तक पहुंच एक मूलभूत आवश्यकता है। केंद्रीय भूजल बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, देश के कई हिस्सों में भूजल पीने लायक नहीं है और इसलिए लोग मजबूरी में वाटर प्यूरिफायर और फिल्टर इस्तेमाल करते हैं। इसके बावजूद देश की सिर्फ छह प्रतिशत आबादी वाटर प्योरिफियर का इस्तेमाल करती है जबकि अन्य विकासशील देशों में यह आंकड़ा करीब 20 प्रतिशत है।

# बाजार पर दिखेगा जीडीपी के आंकड़ों का असर

## जीएसटी परिषद की बैठक, आंकड़ों से बाजार को मिलेगी नई दिशा

नई दिल्ली, एजेंसी



इस सप्ताह शेयर बाजार जीएसटी परिषद की बैठक, व्यापक आर्थिक आंकड़ों और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों से प्रभावित होगा। विश्लेषकों ने यह राय जताई। इसके अलावा शुल्क वार्ता, वैश्विक बाजार के रुझान और वाहन बिक्री के आंकड़े भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित करेंगे।

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, सरकारी खर्च और नीतिगत उपायों से प्रेरित पहली तिमाही के मजबूत जीडीपी आंकड़ों से समर्थित भारत की लचीली अर्थव्यवस्था बाहरी चुनौतियों से निपटने में सक्षम है। हालांकि, राजकोषीय चिंताएं बनी हुई हैं। शुल्क विवाद का समाधान बाजार की धारणा के लिए एक प्रमुख उत्प्रेरक बन सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उच्च शुल्क लगाने से पहले भारत की अर्थव्यवस्था अप्रैल-जून में अपेक्षा से अधिक 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी। यह पिछली पांच तिमाहियों में सबसे तेज गति थी। अब शुल्क लगाने से कपड़ा जैसे प्रमुख निर्यातों पर खतरा मंडरा रहा है। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (अनुसंधान) अजीत मिश्रा ने कहा, यह सप्ताह घटनाओं से भरा रहेगा, और एक नए महीने की शुरुआत होगी। निवेशक एचएसबीसी के विनिर्माण, सेवाओं और समग्र पीएमआई के साथ ही वाहन बिक्री के आंकड़ों पर भी नजर रखेंगे। विशेषज्ञों ने बताया कि रुपया-डॉलर विनिमय दर और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव पर भी बाजार की नजर रहेगी। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, प्रस्तावित जीएसटी सुधारों पर चर्चा के लिए 3-4 सितंबर को होने वाली जीएसटी परिषद की बैठक पर बाजार की नजर रहेगी। सोमवार को बाजार भारत के जीडीपी आंकड़ों पर भी प्रतिक्रिया देंगे। पिछले हफ्ते, बीएसई सेंसेक्स 1,497.2 अंक या 1.84 प्रतिशत गिरा, और एनएसई निफ्टी 443.25 अंक या 1.78 प्रतिशत टूट गया।

### एफपीआई ने अगस्त में निकाले 35,000 करोड़, छह महीनों में सबसे बड़ी बिकवाली

**नई दिल्ली।** विदेशी निवेशकों ने अगस्त में भारतीय शेयर बाजारों से 34,993 करोड़ रुपये निकाले, जो पिछले छह महीनों में सबसे तेज बिकवाली थी। यह बिकवाली भारतीय निर्यात पर अमेरिकी शुल्क और महंगे घरेलू मूल्यांकन के कारण हुई। यह आंकड़ा जुलाई में हुई 17,741 करोड़ रुपये की बिकवाली से लगभग दोगुना था। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक 2025 तक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इक्विटी में कुल 1.3 लाख करोड़ रुपये की बिकवाली की है। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि यह बिकवाली वैश्विक और घरेलू कारकों, दोनों कारणों से हुई। अगस्त की बिकवाली फरवरी के बाद सबसे तेज थी, जब एफपीआई ने 34,574 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट के संयुक्त निदेशक हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय निर्यात पर 50 प्रतिशत तक के अमेरिकी शुल्क ने बाजार की धारणा को प्रभावित किया। उन्होंने आगे कहा कि जून तिमाही में कुछ प्रमुख क्षेत्रों की कंपनियों की आय उम्मीदों से कम रही, जिससे बिकवाली को बल मिला।

### लग्जरी कार विनिर्माता बोले- जीएसटी दरों पर जल्द स्पष्टता से त्योहारी बिक्री को मिलेगा समर्थन

**नई दिल्ली।** नई जीएसटी दरों के बारे में जल्द से जल्द स्पष्ट तस्वीर सामने आने से लग्जरी कार खंड सहित पूरे वाहन उद्योग को चालू तिमाही के दौरान अच्छा कारोबार करने में मदद मिलेगी। लग्जरी कार विनिर्माताओं ने यह उम्मीद जताई। वित्त मंत्रीसीतारमण की अध्यक्षता वाली जीएसटी परिषद 3-4 सितंबर को दो स्तरीय कराधान व्यवस्था लागू करने पर चर्चा करेगी। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष और सीईओ हरदीप सिंह बरार ने कहा कि जीएसटी दरों में बदलाव को लेकर हालिया अटकलों ने उपभोक्ताओं के मन में अनिश्चितता पैदा कर दी है। उपभोक्ताओं की रुचि और मांग मजबूत है, लेकिन उन्होंने इंतजार करने का रुख अपनाया है, और इस देरी का असर वाहनों की बिक्री पर पड़ रहा है। बरार ने कहा, गति को वापस लाने और इस तिमाही के दौरान आर्थिक वृद्धि में ऑटो क्षेत्र का योगदान मजबूत बनाए रखने के लिए जीएसटी दरों पर स्पष्टता लाना जरूरी है।

# चीन अक्टूबर से विशेष उर्वरक निर्यात पर फिर लगाएगा प्रतिबंध

- भारत का उर्वरक उद्योग आपूर्ति संबंधी नई चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार : चक्रवर्ती

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत का विशेष उर्वरक उद्योग आपूर्ति संबंधी नई चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार है, क्योंकि चीन अक्टूबर से निर्यात प्रतिबंध फिर से लगाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। एक वरिष्ठ उद्योग अधिकारी ने शनिवार को कहा कि ऐसे में कीमतें बढ़ सकती हैं, जिसका सीधा असर किसानों पर पड़ेगा।

चीन से विशेष उर्वरक निर्यात की अस्थायी बहाली के चलते राहत मिली है, लेकिन यह राहत अल्पकालिक होगी, क्योंकि बीजिंग अगले महीने से निरीक्षण बढ़ाकर और खेप में देरी करके निर्यात नियंत्रण कड़ा करने की योजना बना रहा है। घुलनशील उर्वरक उद्योग संघ (एसएफआईए) के अध्यक्ष राजीब चक्रवर्ती ने एक साक्षात्कार में कहा, यह एक अस्थायी समाधान है, क्योंकि चीन अक्टूबर से निर्यात खिड़की बंद कर रहा है। वे इसे केवल भारत के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व बाजार के लिए बंद कर देंगे।

#### स्वदेशी आपूर्ति हो उपलब्ध

राजीब चक्रवर्ती ने कहा, एक बार जब वे आपूर्ति रोक देते हैं या उस पर प्रतिबंध लगाना शुरू कर देते हैं, तो वे इसे पूरी तरह से नहीं रोकते। वे निरीक्षण लगाकर और खेपों में देरी करके इसे सीमित कर देते हैं। भारतीय विशेष उर्वरक कंपनियां मौजूदा एक महीने के दौरान पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संघर्ष कर रही हैं। वैश्विक सोर्सिंग कंपनियां प्रतिबंध लागू होने से पहले अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए अतिरिक्त समय तक काम कर रही हैं। उद्योग को उम्मीद है कि मध्य सत्र तक स्वदेशी आपूर्ति उपलब्ध हो जाएगी, जिससे आपूर्ति की कुछ बाधाओं को दूर करने में मदद मिल सकती है।

# निजी पूंजीगत व्यय 21.5% बढ़कर 2.67 लाख करोड़ होने की संभावना

मुंबई, एजेंसी




- आरबीआई के बुलेटिन में प्रकाशित लेख में दी गई जानकारी

मजबूत घरेलू आर्थिक स्थिति और ब्याज दरों में एक प्रतिशत की कटौती से वित्त वर्ष 2025-26 में निजी क्षेत्र का पूंजी निवेश 21.5 प्रतिशत बढ़कर 2.67 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। आरबीआई के अगस्त बुलेटिन में प्रकाशित एक लेख में यह बात कही गई।

निजी कॉरपोरेट निवेशः 2024-25 में वृद्धि एवं 2025-26 के लिए संभावनाएं शीर्षक वाले इस लेख में कहा गया कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद, भारतीय कंपनियों ने वित्त वर्ष 2025-26 की शुरुआत मजबूत बहीखाते, बेहतर नकदी भंडार, बढ़ी हुई लाभप्रदता और वित्तपोषण के विविध स्रोतों तक बेहतर पहुंच के साथ की है। लेख में यह भी बताया गया कि सरकार की ओर से बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने वाली नीतियां, लगातार घटती महंगाई, कम ब्याज दरें, बाजार में पर्याप्त नकदी की उपलब्धता और उद्योगों द्वारा क्षमता उपयोग में वृद्धि जैसे कारक देश में निजी निवेश के लिए अनुकूल माहौल बना रहे हैं।

यह लेख निजी कंपनियों द्वारा घोषित पूंजीगत व्यय योजनाओं के चरणबद्ध आंकड़ों का विश्लेषण करता है।

### चावल निर्यात बढ़ाने को फिलीपींस जाएगा भारतीय प्रतिनिधिमंडल

**नई दिल्ली।** भारत दुनिया के सबसे बड़े चावल आयातक फिलीपींस को चावल निर्यात बढ़ा रहा है और इस अवसर का लाभ उठाने के लिए प्रमुख निर्यातकों का एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल अगले महीने इस दक्षिण पूर्व एशियाई देश का दौरा करेगा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। कृषि उत्पादों के निर्यात में फिलीपींस भारत के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है।

फिलीपींस ने 2024 में लगभग 20 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के कृषि उत्पादों का आयात किया था। इसके प्रमुख आयातों में चावल, गेहूं, खली, खाद्य उत्पाद और ताड़ का तेल शामिल हैं। अधिकारी ने कहा, ''फिलीपींस दुनिया में चावल का सबसे बड़ा आयातक है, जिसका 2024 में आयात 2.52 अरब अमेरिकी डॉलर का था। फिलीपींस में भारत के चावल निर्यात को बढ़ाने की संभावनाएं हैं, क्योंकि भारत दुनिया का सबसे बड़ा चावल निर्यातक होने के बावजूद फिलीपींस को बहुत कम चावल निर्यात करता है।

# ऑस्ट्रेलिया में 10 लाख घर बनाने का लक्ष्य

मुंबई, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत ऑस्ट्रेलिया में 10 लाख घर बनाने के लिए बातचीत कर रहा है और इसके लिए यूएई से वित्तीय मदद मांगी है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय संभाल रहे गोयल ने इस परियोजना को 500 अरब डॉलर का अवसर बताया।

उन्होंने कहा, मैं ऑस्ट्रेलिया में अपने समकक्ष के साथ 10 लाख घर बनाने के लिए बातचीत कर रहा हूं। 10 लाख घर। कोई हिसाब लगाना चाहता है? ऑस्ट्रेलिया में 10 लाख घर बनाना कम से कम 500 अरब डॉलर का मौका है। गोयल ने इस परियोजना के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी, जैसे कि ऑस्ट्रेलिया में यह घर कहां बनेंगे, ऑस्ट्रेलिया सरकार इस पर कितना पैसा खर्च करेगी, या इस पूरे काम में भारत की क्या भूमिका होगी। गोयल ने बताया कि भारत सरकार का प्रस्ताव है कि भारतीय कामगारों को ऑस्ट्रेलिया भेजा जाए, जहां उन्हें घर बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे वे वहां के नियमों के अनुसार घर बना सकेंगे। कुछ रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया में घरों की मांग ज्यादा है जबकि आपूर्ति कम है।



- केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने परियोजना को 500 अरब डॉलर का अवसर बताया

इसी वजह से वहां घरों की कीमतें बहुत बढ़ गई हैं। हाल में हुए चुनावों में भी आवास एक अहम मुद्दा था। इस बड़े मौके (10 लाख घर बनाने) को 500 अरब डॉलर का बताते हुए, गोयल ने कहा कि उन्होंने वित्तीय मोर्चे पर मदद के लिए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से संपर्क किया है, जो भारतीय रियल एस्टेट में एक महत्वपूर्ण निवेशक है।



# सार्वजनिक स्थलों पर गाड़ी न चलाने पर नहीं लगेगा टैक्स

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- मोटर वाहन कर की प्रकृति प्रतिपूरक, आंध्र प्रदेश सरकार को झटका

नई दिल्ली, एजेंसी



उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि मोटर वाहन कर की प्रकृति प्रतिपूरक है और अगर किसी वाहन का उपयोग नहीं किया जाता है या 'सार्वजनिक स्थान' पर इसका इस्तेमाल नहीं हो रहा है, तो उसके मालिक पर मोटर वाहन कर का बोझ नहीं डाला जाना चाहिए। न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के दिसंबर 2024 के फैसले को चुनौती देने वाली अपील पर अपना फैसला सुनाया।

न्यायालय ने कहा, मोटर वाहन कर की प्रकृति प्रतिपूरक है। इसका उपयोग से सीधा संबंध है। मोटर वाहन कर लगाने का तर्क यह है कि जो व्यक्ति सार्वजनिक अवसंरचना, जैसे सड़क, राजमार्ग आदि का उपयोग कर रहा है, उसे ऐसे उपयोग के लिए भुगतान करना होगा। आंध्र प्रदेश मोटर वाहन कराधान अधिनियम, 1963 की धारा 3 का हवाला देते हुए पीठ ने कहा कि विधायिका ने इस प्रावधान में जानबूझकर सार्वजनिक स्थान' शब्द का उपयोग किया है। अधिनियम की धारा 3 मोटर वाहनों पर कर लगाने से संबंधित है। शीर्ष अदालत ने 29 अगस्त को दिए अपने फैसले में कहा, यदि किसी मोटर वाहन का उपयोग 'सार्वजनिक स्थान' पर नहीं किया जाता है तो संबंधित व्यक्ति को सार्वजनिक बुनियादी ढांचे से लाभ नहीं मिल रहा है, इसलिए उस पर ऐसी अवधि के लिए मोटर वाहन कर का बोझ नहीं डाला जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस मामले में अपीलकर्ता कंपनी के मोटर वाहन राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) परिसर के अंदर उपयोग के लिए सीमित थे, जो एक बंद क्षेत्र है, ऐसे में वाहनों को 'सार्वजनिक स्थान' पर इस्तेमाल किए जाने का सवाल ही नहीं उठता।

### एसआईआर मामले में आज सुप्रीम सुनवाई

**नई दिल्ली।** बिहार में मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने की मांग को लेकर आवेदन दायर करने के लिए निर्धारित एक महीने की अवधि सोमवार को खत्म हो रही है। राज्य में अब तक दो लाख से अधिक लोगों ने मतदाता सूची से नाम हटाने और 33,000 से ज्यादा लोगों ने सूची में नाम जोड़ने के लिए आवेदन दायर किया है। वहीं, सोमवार को सुप्रीम कोर्ट राजद और अन्य की ओर से दायर उस याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें निर्वाचन आयोग को उन लोगों के संबंध में दावा दायर करने की समय सीमा बढ़ाने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है, जिन्हें बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान मसौदा सूची में शामिल नहीं किया गया है। ईसी के मुताबिक, राज्य के 7.24 करोड़ मतदाताओं में से अब तक 99.11 फीसदी ने सत्यापन के लिए दस्तावेज जमा कर दिए हैं।

### राजनीतिक दलों के पंजीकरण, विनियमन के नियम को लेकर याचिका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है जिसमें निर्वाचन आयोग को राजनीतिक दलों के पंजीकरण और उनके विनियमन के लिए नियम बनाने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है, ताकि धर्मनिरपेक्षता, पारदर्शिता और राजनीतिक न्याय को बढ़ावा दिया जा सके। याचिका में आरोप है कि फर्जी राजनीतिक दल न केवल लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहे हैं, बल्कि कट्टर अपराधियों, अपहरणकर्ताओं, मादक पदार्थों के तस्करों और धन शोधन करने वालों से भारी मात्रा में धन लेकर उन्हें राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर पदाधिकारी नियुक्त करके देश की छवि भी खराब कर रहे हैं।

### मूर्ति विसर्जन



चेन्नई के मरीना बीच पर रविवार को लोगों ने भगवान गणेश की मूर्ति को समुद्र में विसर्जित किया। एजेंसी

### अमेरिका के लिए सभी डाक बुकिंग निलंबित

**नई दिल्ली।** भारतीय डाक ने अमेरिकी सीमा शुल्क विभाग द्वारा जारी नए नियमों में स्पष्टता के अभाव में अमेरिका जाने वाले सभी प्रकार की डाक बुकिंग सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित कर दी हैं। एक आधिकारिक बयान में रविवार को यह जानकारी दी गई। इससे पहले, अमेरिकी सरकार द्वारा जारी किए गए नए सीमा शुल्क नियमों के कारण देश के डाक विभाग ने 100 अमेरिकी डॉलर से अधिक मूल्य के उपहारों के लिए डाक सेवाओं को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया था। बयान में कहा गया है, 22 अगस्त, 2025 के सार्वजनिक नोटिस के क्रम में, डाक विभाग ने अमेरिका के लिए डाक बुकिंग पर लगे निलंबन की समीक्षा की है। चूंकि अमेरिका जाने वाली डाक को ले जाने वाले वाहक अब भी उपलब्ध नहीं हैं और नियामक प्रक्रियाओं को लेकर अब भी स्पष्टता नहीं है, इसलिए यह निर्णय लिया गया है।

# जरांगे ने आज से पानी न पीने की दी धमकी

**मराठा आरक्षण आंदोलन**

- मुंबई में मनोज जरांगे के नेतृत्व में तीसरे दिन भी आंदोलन जारी

मुंबई, एजेसी

मुंबई के आजाद मैदान में मनोज जरांगे के नेतृत्व में रविवार को तीसरे दिन भी मराठा आरक्षण आंदोलन जारी रहा। इस दौरान कार्यकर्ता ने अपना रुख कड़ा करते हुए कहा कि उनकी मांग संवैधानिक रूप से वैध है। वहीं, महाराष्ट्र के भाजपा के कुछ मंत्रियों ने कहा कि समुदाय को मौजूदा ईडब्ल्यूएस कोटे का लाभ उठाना चाहिए।

जरांगे मराठा समुदाय के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर शुक्रवार से दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में भूख हड़ताल पर हैं। वह चाहते हैं कि मराठाओं को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) में शामिल कृषक जाति कुनबी के रूप में मान्यता दी जाए, ताकि उन्हें सरकारी नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण मिल सके, हालांकि ओबीसी नेता इसका विरोध कर रहे हैं। जरांगे ने अपनी मांगें पूरी न होने तक मुंबई न छोड़ने का संकल्प दोहराते हुए कहा, सरकार के पास 58 लाख मराठाओं के कुनबी होने का रिकॉर्ड है। हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश संदीप शिंदे के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद भी जरांगे के रुख में कोई नरमी नहीं आई है। जरांगे ने कहा, कल से मैं पानी पीना बंद कर दूंगा क्योंकि सरकार मेरी मांगें नहीं मान रही है। मैं वापस नहीं जाऊंगा। चाहे कुछ भी हो जाए, हम ओबीसी श्रेणी के तहत मराठाओं को आरक्षण दिलाकर रहेंगे। इस बीच, महाराष्ट्र के मंत्री व भाजपा नेताओं चंद्रकांत पाटिल और नितेश राणे ने कहा है कि मराठा समुदाय को ओबीसी के रूप में वर्गीकृत करने के बजाय मौजूदा ईडब्ल्यूएस कोटे का लाभ मिलना चाहिए।



मुंबई में मराठा आरक्षण को लेकर प्रदर्शन करते लोग।

### सेंथिल अस्पताल में भर्ती, अनशन जारी

**चेन्नई।** समग्र शिक्षा अभियान (एसएसए) योजना के तहत केंद्र द्वारा धनराशि रोके जाने के खिलाफ 29 अगस्त से अनिश्चितकालीन अनशन कर रहे कांग्रेस सांसद शशिकांत सेंथिल को स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो गई हैं और वह शनिवार रात से अस्पताल में भर्ती हैं। नेता ने रविवार को यह जानकारी दी। हालांकि, 46 वर्षीय सेंथिल ने कहा कि वह चेन्नई के राजीव गांधी सरकारी जनरल अस्पताल में अपना विरोध तब तक जारी रखेंगे, जब तक कि राज्य को एसएसए योजना के तहत धनराशि जारी नहीं कर दी जाती। पूर्व आईएएस अधिकारी सेंथिल ने कहा, अपने अनशन के तीसरे दिन, मुझे उच्च रक्तचाप के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों की सलाह पर, मुझे अब तिरुवल्लूर सरकारी अस्पताल से चेन्नई के राजीव गांधी सरकारी सामान्य अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है।

# सितंबर में सामान्य से अधिक बारिश का अनुमान आईएमडी ने बाढ़ और भूस्खलन की दी चेतावनी

- उत्तराखंड में भूस्खलन और अचानक आ सकती है बाढ़

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में सितंबर में सामान्य से अधिक बारिश होने का अनुमान है। इस मानसून मौसम में देश के कई हिस्सों में पहले ही भारी बारिश की वजह से आपदाएं आ चुकी हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को यह जानकारी दी। आईएमडी ने रविवार को कहा कि सितंबर 2025 के लिए मासिक औसत वर्षा 167.9 मिलीमीटर के दीर्घकालिक औसत के 109 प्रतिशत से अधिक होने का अनुमान है।

हालांकि, पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत के कुछ क्षेत्रों, साथ ही सुदूर दक्षिणी प्रायद्वीपीय भारत के कई हिस्सों और उत्तर-पश्चिमी भारत के हिस्सों में सामान्य से कम वर्षा होने का अनुमान है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने चेतावनी दी कि भारी वर्षा से सितंबर में उत्तराखंड में भूस्खलन और अचानक बाढ़ आ सकती है और दक्षिणी हरियाणा, दिल्ली और उत्तरी राजस्थान में सामान्य जनजीवन बाधित हो सकता है। उन्होंने कहा, उत्तराखंड से कई नदियां निकलती हैं, इसलिए, भारी बारिश का मतलब है कि कई नदियां उफान पर होंगी और इसका असर निचले इलाकों के शहरों और कस्बों पर पड़ेगा। इसलिए, हमें इसे ध्यान में रखना चाहिए। छत्तीसगढ़ में महानदी के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्रों में भी भारी बारिश का अनुमान है। महापात्र ने कहा कि 1980 के बाद से सितंबर में बारिश में मामूली वृद्धि का रुझान है, 1986, 1991, 2001, 2004, 2010, 2015 और 2019 में इस महीने में कम बारिश को छोड़कर। आईएमडी ने कहा कि सितंबर के दौरान पश्चिम-मध्य, उत्तर-पश्चिम और दक्षिण भारत के कई क्षेत्रों में मासिक औसत अधिकतम तापमान सामान्य से लेकर सामान्य से नीचे रहने की उम्मीद है।

#### 31 अगस्त तक देश में 743.1 मिलीमीटर बारिश

आईएमडी के आंकड़े के अनुसार, एक जून से 31 अगस्त के बीच भारत में 743.1 मिलीमीटर बारिश हुई, जो 700.7 मिलीमीटर की दीर्घकालिक औसत से लगभग 6 प्रतिशत अधिक है। इसके अनुसार जून में 180 मिलीमीटर बारिश हुई, जो सामान्य से लगभग 9 प्रतिशत अधिक थी और उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में अच्छी-खासी बारिश हुई। जुलाई में 294.1 मिलीमीटर बारिश हुई, जो सामान्य से लगभग 5 प्रतिशत अधिक थी, जिसमें मध्य भारत में 22 प्रतिशत की अधिकता थी। अगस्त में 268.1 मिलीमीटर बारिश हुई, जो सामान्य से 5.2 प्रतिशत अधिक थी। महापात्र ने कहा कि उत्तर-पश्चिम भारत में अगस्त में 265 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जो 2001 के बाद से इस महीने में सबसे अधिक और 1901 के बाद से 13वीं सबसे अधिक बारिश है। इस क्षेत्र में अब तक मानसून के तीनों महीनों में सामान्य से ज़्यादा बारिश हुई है। कुल मिलाकर, उत्तर-पश्चिम भारत में एक जून से 31 अगस्त के बीच 614.2 मिलीमीटर बारिश हुई है, जो सामान्य 484.9 मिलीमीटर से लगभग 27 प्रतिशत ज्यादा है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### इजराइली हमले में मारा गया हमास का प्रवक्ता

**दीर अल-बलाह।** इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज़ ने रविवार को घोषणा की कि हमास के सशस्त्र विंग के प्रवक्ता अबू ओबैदा को इस सप्ताहांत गाजा में मार गिराया गया। ओबैदा का आखिरी बयान शुक्रवार को आया, जब इजराइल ने गाजा शहर में एक नए हमले की शुरुआत करते हुए इस क्षेत्र को युद्ध क्षेत्र घोषित कर दिया था। हमास ने इजराइल के इस दावे पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

### अफगानिस्तान में गोला बारूद, हथियार जब्त

**काबुल।** अफगानिस्तान में सुरक्षाकर्मियों ने उत्तरी कुंदुज प्रांत में आतंकवाद विरोधी प्रयासों के तहत पिछले तीन महीनों में दर्जनों आग्नेयास्त्र और गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा जब्त किया है। अफगानिस्तान के आंतरिक मामलों के मंत्रालय के अनुसार, प्रांतीय राजधानी कुंदुज और आसपास के नौ जिलों में चलाए गए अभियान में 16 पिस्तौल, विभिन्न मॉडलों की सात बन्दूकें, पांच पीके मशीन गन, एक कलाश्निकोव राइफल, 15 हथगोले, 12 रॉकेट राउंड और कारतूसों तथा गोलियों सहित बड़ी मात्रा में सैन्य उपकरण जब्त किया गया।

### अमेरिका: कई वाहन टकराए, 17 घायल

**लिंडेल।** अमेरिका में पूर्वी टेक्सास के एक अंतरराज्यीय राजमार्ग पर शनिवार को कई वाहनों के आपस में टकरा जाने से 17 लोग घायल हो गए। इस हादसे के कारण एक प्रमुख अंतरराज्यीय राजमार्ग घंटों तक बाधित रहा। टेक्सास के लिंडेल में अग्निशमन प्रमुख जेरेमी लारू ने बताया कि 'इंटरस्टेट 20' पर दो ट्रैक्टर-ट्रेलर और छह यात्री वाहनों के बीच टक्कर होने से 17 लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है और संभवत: कोई भी गंभीर रूप से घायल नहीं है।

### फलस्तीनी अफसरों पर वीजा प्रतिबंध हटाएं

**ओस्लो।** यूरोपीय संघ (ईयू) के विदेश मंत्रियों ने सर्वसम्मति से अमेरिका से फलस्तीनी अधिकारियों को प्रवेश वीज़ा देने से इन्कार के हालिया फ़ैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने 29 अगस्त को एक बयान में कहा कि वह संयुक्त राष्ट्र महासभा से पहले पीएलओ और पीए के सदस्यों के वीजा देने से इनकार कर रहा है और उन्हें रद्द कर रहा है।

# पाकिस्तान: गर्ल्स स्कूल में किया आईईडी विस्फोट

**● बालिका शिक्षा के विरोधी आतंकी समूह टीटीपी पर पुलिस को शक**

**पेशावर, एजेंसी**

पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम प्रांत खैबर पख्तूनख्वा के लक्की मरवत जिले में रविवार तड़के आतंकवादियों ने एक सरकारी बालिका प्राथमिक विद्यालय को विस्फोटक पदार्थ (आईईडी) से निशाना बनाया। विस्फोट से इमारत के कुछ हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए, हालांकि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

पुलिस ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर इलाके की घेराबंदी की, आसपास के इलाकों में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि इसी जिले के पहाड़खेल पक्का गांव में एक अलग घटना में हथियारबंद लोगों ने एक युवक का अपहरण कर लिया। उसे अर्ध-बेहोशी की हालत में फेंकने से पहले प्रताड़ित किया गया। स्थानीय लोगों ने उसे इलाज के लिए जिला मुख्यालय अस्पताल पहुंचाया। लक्की मरवत में सक्रिय प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के उप-समूह लड़कियों की शिक्षा का विरोध करने के लिए जाने जाते हैं और अक्सर स्कूलों पर हमला करते हैं। गैर सरकारी संगठनों के अनुसार, 2015 से 2025 के बीच ऐसे हमलों में प्रांत के 450 से अधिक स्कूल नष्ट किए जा चुके हैं, जिससे छात्रों को क्षतिग्रस्त इमारतों में पढ़ने या पढ़ाई छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

## युद्ध और युद्धविराम दोनों से फायदा उठाते हैं अमेरिकी राष्ट्रपति

# ट्रंप और शांति का नोबेल



डोनाल्ड ट्रंप एक ऐसे देश के राष्ट्रपति हैं जो दुनिया में हथियारों का सबसे बड़ा सौदागर है। वैश्विक स्तर पर जब भी दो देशों के बीच तनाव उभरता है, अमेरिका अपनी भूमिका तलाश कर लेता है। एक तरफ शांति दूत बनकर मध्यस्थता की भूमिका निभाने के लिए आगे आता है और दूसरी तरफ इन्हीं देशों में अपने हथियारों का बाजार तलाश करता है। रूस और यूक्रेन का युद्ध इसका ताजा उदाहरण है। गाजा में युद्ध को लेकर इजराइल का समर्थन भी एक उदाहरण हैं जहां अब तक 65 हजार से ज्यादा बेकसूर लोगों की हत्या की जा चुकी हैं जिनमें बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और पत्रकार तक शामिल हैं। दिलचस्प है कि ट्रंप इसके बाद भी शांति के नोबेल पुरस्कार के ख्वाहिशमंद हैं।

### हथियारों के सौदागर

- अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक वर्ष 2024 में अमेरिका ने हथियारों और रक्षा समझौतों से 318.7 बिलियन डॉलर यानी करीब 27.57 लाख करोड़ रुपये का कारोबार किया।
- इसमें से 200.8 बिलियन डॉलर यानी लगभग 17.37 लाख करोड़ रुपये की कमाई हथियार बेचकर अमेरिकी कंपनियों ने की जो पिछले कई सालों की तुलना में सर्वाधिक थी।
- स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट के मुताबिक पांच सालों में वैश्विक हथियार व्यापार में अमेरिका का दबदबा बढ़ा है जिसने रूस को पीछे छोड़ दिया है।

### अमेरिका की रणनीति

अमेरिका अपनी इंटरवेंशन पॉलिसी के तहत वैश्विक संघर्षों में दखल देता है और फिर शांति की अपील करता है। भारत-पाकिस्तान हो, चीन-ताइवान हो या अजरबैजान-आर्मेनिया, अमेरिका हर तनाव में अपनी मौजूदगी दर्ज कराता है।

### युद्धों में पर्दे के पीछे से भूमिका

**पहला कार्यकाल**

- ट्रंप प्रशासन ने अफगानिस्तान में 2017 में अमेरिकी सैनिकों की संख्या पहले बढ़ाई लेकिन बाद में 2020 में तालिबान से शांति समझौता किया।
- 2017 और 2018 में सीरियाई सरकार पर रासायनिक हथियार के बाद मिसाइल हमले किए। सीरिया-इराक में आईएस के खिलाफ सहयोग।
- इराक में अमेरिकी उपस्थिति बनाए रखी, जनवरी 2020 में ईरानी जनरल कासिम सुलेमानी की हत्या का आदेश दिया जिससे ईरान से तनाव बढ़ा।
- सऊदी अरब और यूएई के यमन में युद्ध को हथियारों और खुफिया सहयोग किया। कांग्रेस की हथियार बिक्री रोकने की कोशिश को वीटो कर दिया।

**दूसरा कार्यकाल**

- कई बार रूस-यूक्रेन युद्ध 24 घंटे में खत्म करने का दावा लेकिन यूक्रेन की मदद सीमित करके रूस के साथ डील करने की भी कोशिश।
- दुनिया भर के विरोध के बावजूद गाजा में कत्ले आम पर इजराइल को समर्थन जारी, इजराइल के गाजा के हिस्सों पर योजना पर भी खामोश।
- ईरान से टकराव के बीच इजराइल को समर्थन, हाल ही में हुए संघर्ष के दौरान इजराइल की सैन्य मदद, ईरान में बी-2 बॉम्बर विमान भी भेजे।

### शांति का नोबेल

- यह पुरस्कार उन व्यक्तियों या संगठनों को मिलता है जिन्होंने राष्ट्रों के बीच भाईचारे को बढ़ावा देने, सैन्य तनाव घटाने और शांति स्थापना के लिए असाधारण काम किया हो।
- नोबेल पुरस्कार के लिए हर साल एक फरवरी तक नामांकन जमा लिए जाते हैं। नामांकन प्रक्रिया 8 महीने तक चलती है। इसका संचालन नॉर्वेजियन नोबेल समिति करती है।
- पांच सदस्यीय नोबेल समिति की नियुक्ति नॉर्वे की संसद करती है। देशों के राष्ट्रपति और पूर्व पुरस्कार विजेता जैसे चुनिंदा लोग और संस्थाएं ही किसी को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामांकित कर सकती हैं।

# ट्रंप ने किया शिकागो में आव्रजन कार्रवाई का एलान, मेयर ने कहा- सहयोग नहीं करेंगे

## नियंत्रण से बाहर की स्थिति बताया, बोले- संघीय सरकार के आदेश मानने के लिए बाध्य नहीं

**शिकागो, एजेंसी**



ट्रंप के फैसले के खिलाफ प्रेस कॉन्फ्रेंस करते शिकागो के मेयर ब्रैंडन जॉनसन।

शिकागो के मेयर ने बड़ी संख्या में संघीय अधिकारियों को शहर में भेजने की अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन की संभावित योजना का शनिवार को खुला विरोध करते हुए इसे 'नियंत्रण से बाहर की स्थिति' करार दिया। उन्होंने यह भी कहा कि शिकागो पुलिस आव्रजन कार्रवाई में संघीय अधिकारियों का सहयोग नहीं करेगी।

बताया जा रहा है कि ट्रंप प्रशासन अमेरिका के तीसरे सबसे बड़े शहर में कुछ ही दिनों में संघीय अधिकारियों को भेज सकता है। मेयर ब्रैंडन जॉनसन के एक शासकीय आदेश के अनुसार, शिकागो पुलिस तलाशी अभियान, वाहनों की जांच जैसी आव्रजन से जुड़ी कार्रवाई में संघीय अधिकारियों की मदद नहीं करेगी। संघीय सरकार द्वारा 'नेशनल गार्ड' की तैनाती किए जाने की अटकलों के बीच मेयर ने शहर के सभी विभागों को निर्देश दिया है कि वे शिकागो के लोगों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करें।

जब एक संवाददाता सम्मेलन में मेयर जॉनसन से पूछा गया कि संघीय एजेंट शायद आदेश का पालन कर रहे हैं, तो उन्होंने कहा, हां, लेकिन मैं संघीय सरकार से किसी भी तरह का आदेश नहीं लेता। जॉनसन ने शिकागो पुलिस को मास्क लगाकर ड्यूटी करने से भी रोक दिया है। ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि इस साल ट्रंप प्रशासन के आने के बाद अधिकतर संघीय आव्रजन और सीमा शुल्क अधिकारी मास्क लगाकर काम कर रहे हैं। नाम न उजागर करने की शर्त पर दो अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि आव्रजन कार्रवाई शुरू करने के लिए संघीय अधिकारियों की तैनाती शिकागो में पांच सितंबर से शुरू हो सकती है और यह करीब 30 दिन तक रह सकती है। हालांकि इस बारे में कोई अभी तक औपचारिक घोषणा नहीं की गई है।

### ऑस्ट्रेलिया ने भारतीयों के बढ़ते प्रवास के खिलाफ अभियान को नकारा

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने भारतीयों के बढ़ते प्रवास के खिलाफ देश के विभिन्न शहरों में चलाए जा रहे अभियानों की निंदा करते हुए उन्हें अस्वीकार कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया की सरकार का कहना है कि इस 'नस्लवाद और जाति पर आधारित अतिदक्षिणपंथी सक्रियता' के लिए देश में कोई स्थान नहीं है। एक समूह की वेबसाइट के अनुसार, आव्रजन के खिलाफ मार्च फॉर ऑस्ट्रेलिया नामक रैलियां सिडनी, मेलबर्न, ब्रिस्बेन, कैनबरा, एडिलेड, पर्थ, होबार्ट में आयोजित की गईं। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने कहा है कि वह इन रैलियों के खिलाफ है। कहा, सभी ऑस्ट्रेलियाई लोगों को, चाहे उनकी पृष्ठभूमि कुछ भी हो, हमारे समुदाय में सुरक्षित और स्वागतयोग्य महसूस करने का अधिकार है। गृह मंत्री टोनी बर्क ने कहा, हमारे देश में उन लोगों के लिए कोई जगह नहीं है जो हमारी सामाजिक एकता को बांटना और कमज़ोर करना चाहते हैं। ऑस्ट्रेलिया इसे सहन नहीं करेगा।

# रूस-चीन ब्रिक्स सदस्य देशों पर भेदभावपूर्ण प्रतिबंधों के खिलाफ

**तियानजिन, एजेंसी**



**● पुतिन ने ट्रंप की ब्रिक्स देशों पर 10% शुल्क लगाने की धमकी का दिया जवाब**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि रूस एवं चीन ने ब्रिक्स सदस्य देशों के सामाजिक-आर्थिक विकास में बाधा डालने वाले 'भेदभावपूर्ण प्रतिबंधों' के खिलाफ साझा रुख अपनाया है। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में भाग लेने यहां पहुंचे पुतिन ने चीन की सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' से एक साक्षात्कार के दौरान यह टिप्पणी की।

उन्होंने कहा कि रूस और चीन महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाने पर विशेष ध्यान दे रहे हैं और वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए ब्रिक्स की क्षमता को मजबूत करने के लिए एकजुट हैं। रूस के राष्ट्रपति ने कहा कि मॉस्को और बीजिंग ब्रिक्स सदस्यों और समग्र विश्व के 'सामाजिक-आर्थिक विकास में बाधा डालने वाले भेदभावपूर्ण प्रतिबंधों के विरुद्ध एक साझा रुख' अपनाते हैं। पुतिन ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ब्रिक्स के सदस्य देशों पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाने की धमकी दे रहे हैं।

ब्रिक्स एक अंतर-सरकारी संगठन है जिसमें ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। सऊदी अरब, ईरान, इथियोपिया, मिस्र, अर्जेंटीना और संयुक्त अरब अमीरात इसके नए सदस्य हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां आयोजित एससीओ शिखर सम्मेलन से इतर पुतिन से मुलाकात करेंगे। पुतिन ने कहा कि रूस और चीन अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक में सुधार का समर्थन करते हैं। शिखर सम्मेलन में भाग लेने और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ वार्ता करने के अलावा, पुतिन द्वितीय विश्व युद्ध में जापान के खिलाफ चीन की जीत की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित परेड में भी शामिल होंगे।

पुतिन ने आशा जताई कि एससीओ शिखर सम्मेलन 10-सदस्यीय संगठन को नई शक्तिशाली गति देगा और समकालीन चुनौतियों एवं खतरों का सामना करने की इसकी क्षमता को मजबूत करेगा तथा साझा यूरेशियाई क्षेत्र में एकजुटता को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा, इससे एक अधिक न्यायसंगत बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था को आकार देने में मदद मिलेगी।

# जर्मनी : फलस्तीन का समर्थन करने को प्रदर्शन में जुटे अनुमान से दोगुने लोग

**बर्लिन, एजेंसी**



**● फ्रैंकफर्ट में आयोजित की गई यूनाइटेड 4 गाजा रैली**

जर्मनी के प्रमुख शहर फ्रैंकफर्ट में शनिवार को फलस्तीन समर्थकों ने एक रैली निकाल कर अभूतपूर्व विरोध प्रदर्शन किया है। फ्रैंकफर्टर अल्गेमाइन ज़ितुंग अखबार ने बताया यूनाइटेड 4 गाजा नाम से हुए इस प्रदर्शन में अनुमान लगाया गया था कि इसमें 5,000 तक लोग शिरकत कर सकते हैं लेकिन इस अटकल से दोगुनी भीड़ रैली में पहुंची।

रिपोर्ट के अनुसार, आयोजकों ने इस विरोध प्रदर्शन को गाजा पट्टी में संघर्ष शुरू होने के बाद से शहर में सबसे बड़ी फलस्तीन समर्थक रैली बताया। रैली में आए कुछ लोगों ने जर्मनी में प्रतिबंधित नारे लगाए और गाजा में फौजी कार्रवाई को नरसंहार जैसा बताया। पुलिस ने कई बार मार्च को रोका। गत 20 अगस्त को इजराइली मीडिया कान ने बताया था कि रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने गाजा शहर पर कब्ज़ा करने के एक अभियान को मंजूरी दे दी है।

इजराइली सेना के रेडियो स्टेशन गैली तज़ाहल ने भी उसी दिन पहले बताया था कि गाजा शहर पर कब्जा करने के लिए इजराइल का अभियान 2026 तक चलेगा और युद्धाभ्यास के चरम पर 1,30,000 तक रिजर्व सैनिक इसमें शामिल होंगे। नेतन्याहू ने गाजा शहर पर नियंत्रण करने और चरमपंथी संगठन हमास को हराने के लिए फौजी योजनाओं को 21 अगस्त को मंजूरी दे दी थी।

### फलस्तीन को मान्यता देने के मैक्रों के फैसले से अमेरिका नाराज

**पेरिस।** फलस्तीन को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने के फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के निर्णय के बाद अन्य पश्चिमी देशों ने भी इसी प्रकार के कदम उठाए जिसे लेकर इजराइल और उसके सहयोगी अमेरिका में नाराजगी है। इस फैसले ने गाजा में जारी विनाशकारी युद्ध को समाप्त करने के कूटनीतिक प्रयासों के केंद्र में दो-राष्ट्र समाधान को एक बार फिर से ला खड़ा किया। पिछले सप्ताह बेंजामिन नेतन्याहू को एक पत्र में राष्ट्रपति मैक्रों ने लिखा, फलस्तीनी जनता को उनका अपना राष्ट्र दिलाने के हमारे संकल्प की जड़ें इस विश्वास से जुड़ी हैं कि स्थायी शांति इजराइल की सुरक्षा के लिए अनिवार्य है। मैक्रों ने कहा, फ्रांस के कूटनीतिक प्रयास गाजा में उस भयावह मानवीय आपदा पर हमारे आक्रोश से उत्पन्न हुए हैं।

### भारत करेगा 1 लाख करोड़ के दो पनडुब्बी सौदों पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** चीन की बढ़ती नौसैना ताकत के मद्देनजर भारत अपनी समुद्री युद्ध क्षमताओं को बढ़ाने के लिए अगले साल के मध्य तक एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के दो बड़े पनडुब्बी सौदों को अंतिम रूप दे सकता है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पहला सौदा तीन स्कॉर्पीन क्लास पनडुब्बियों के लिए है, जिनका निर्माण 'मझगांव डॉक लिमिटेड' और फ्रांस की रक्षा कंपनी 'नेवल ग्रुप' मिलकर करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने करीब 36,000 करोड़ रुपये के इस सौदे को दो साल पहले मंजूरी दे दी थी लेकिन तकनीकी और वित्तीय शर्तों को लेकर बातचीत में देरी हुई है। दूसरा बड़ा सौदा छह डीजल-इलेक्ट्रिक स्टील्थ पनडुब्बियों के निर्माण का है, जिसकी अनुमानित लागत 65,000 करोड़ रुपये है। सूत्र ने उम्मीद जताई कि अगले साल मध्य तक दोनों सौदों को अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

# यूक्रेन की संसद के पूर्व अध्यक्ष की गोली मारकर हत्या

**● डिलीवरी राइडर के वेश में आया हमलावर ई बाइक से भागा**



**कीव।** यूक्रेन की संसद के पूर्व अध्यक्ष एंड्री पारुबिय की शनिवार को पश्चिमी शहर ल्वीव में गोली मारकर हत्या कर दी गई।

यूक्रेनी अभियोजक जनरल कार्यालय ने कहा कि अज्ञात बंदूकधारी के गोली मारने से 54 वर्षीय राजनेता की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय मीडिया के अनुसार, हमलावर डिलीवरी राइडर का वेश धारण कर इलेक्ट्रिक बाइक पर भाग गया। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने इस हत्या की निंदा करते हुए इसे भयावह हत्या बताया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, हत्यारे की तलाश और जांच में सभी आवश्यक बल और साधन लगे हुए हैं। पारुबिय यूक्रेन के 2004 और 2014 के विरोध आंदोलनों में एक प्रमुख व्यक्ति थे और कुछ समय के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा एवं रक्षा परिषद के सचिव भी रहे। पूर्व यूक्रेनी राष्ट्रपति पेट्रो पोरोशेंको ने इस हत्या को यूक्रेन के दिल पर मारी गई गोली कहा।

### पोप ने हथियारों की महामारी की निंदा की

**वेटिकन सिटी।** पोप लियो-14वें ने अमेरिका में एक कैथोलिक स्कूल में सामूहिक प्रार्थना के दौरान गोलीबारी के पीड़ितों के लिए रविवार को सार्वजनिक रूप से प्रार्थना की और बड़े तथा छोटे हथियारों की महामारी की निंदा की। इतिहास के पहले अमेरिकी पोप ने अंग्रेजी में बोलते हुए हथियारों के तर्क को खत्म करने और भाईचारे की संस्कृति को कायम रखने की अपील की।

# लंदन : हिंदू सामुदायिक केंद्र में लगी भीषण आग

**● पुलिस ने शुरू की जांच, गणपति विसर्जन का चल रहा था कार्यक्रम**

**लंदन, एजेंसी**

ब्रिटेन की राजधानी लंदन के पूर्वी हिस्से में स्थित एक हिंदू सामुदायिक केंद्र में आग लग गई, जिससे इमारत को काफी नुकसान पहुंचा। हालांकि, इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

लंदन के दमकल विभाग के मुताबिक इल्फोर्ड में क्लीवलैंड रोड स्थित श्री सोरठिया प्रजापति सामुदायिक केंद्र को शनिवार को गणपति विसर्जन कार्यक्रम के लिए सजाया गया था और हिंदू समुदाय के सदस्य प्रार्थना और उत्सव के लिए एकत्र हुए थे। स्थानीय खबरों के मुताबिक, संभवतः आतिशबाजी की वजह से आग लगी। लंदन महानगर पुलिस ने कहा कि उसे ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है, जिससे संकेत मिले कि आग जानबूझकर लगाई गई है।

लंदन महानगर पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया, घटना में कोई घायल नहीं हुआ। हालांकि, इमारत को काफी नुकसान पहुंचा है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा, हम स्थानीय लोगों की सहायता के लिए रेडब्रिज काउंसिल के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। निवासियों को सलाह दी जाती है कि वे धुएं के कारण खिड़कियां और दरवाजे बंद रखें।


पुलिस ने बताया कि उसके अधिकारियों को गश्त के दौरान आग लगने की जानकारी मिली और उन्होंने लंदन के दमकल विभाग को इसकी सूचना दी। दमकल विभाग ने बताया कि उसे आग के बारे में लगभग 14 कॉल प्राप्त हुए थे, और इल्फोर्ड, बार्किंग, स्ट्रैटफ़ोर्ड, लेटन, हैनाल्ट और रोमफोर्ड अग्निशमन केंद्रों से छह दमकल गाड़ियों और लगभग 40 अग्निशामकों को घटनास्थल पर भेजा गया था।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 सितंबर, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-भाद्रपद, पक्ष-शुक्ल पक्ष, नवमी 2 सितंबर 02.43 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-ज्येष्ठा 19.55 तक तत्पश्चात मूल।

**मेष:** आज आपकी पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। लंबित योजनाएं समय पर पूर्ण हो जाएंगी। आपकी दिनचर्या व्यवस्थित और अनुशासित रहने वाली है। किसी बड़े समारोह में भाग ले सकते हैं। मांगलिक कार्यों को लेकर मन में कुछ दुविधा रहेगी।

**वृष:** आज नौकरीपेशा लोगों की पदोन्नति होने की संभावना है। पूरे जोश और मेहनत के साथ अपने काम में लगे रहेंगे। ऑफिस का काम आपको घर पर करना पड़ सकता है। विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं।

**मिथुन:** आज परिवार के साथ मांगलिक कार्यक्रमों का आनंद उठायेंगे। रुके हुए कार्य पूर्ण करने का प्रयास करेंगे। जिसमें आपको सफलता भी अवश्य मिलेगी। नए उपक्रमों की शुरुआत कर सकते हैं। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी।

**कर्क:** आज व्यवसाय में बड़े निवेशकों का सहयोग मिलने की भी संभावना बन रही है। आपकी सूझबूझ और बुद्धिमत्ता की प्रशंसा होगी। प्रतियोगी परीक्षा में आपका प्रदर्शन जबरदस्त रहने वाला है। साहित्य से जुड़े लोगों को पुरस्कार मिल सकता है।

**सिंह:** आज आपका समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। रियल एस्टेट से जुड़े कारोबार में वृद्धि होगी। परिजनों की सुख-सुविधाओं का ध्यान रखें। घर के लिए महत्वपूर्ण एक्सेसरीज की खरीदारी कर सकते हैं। उच्च शिक्षा में आपका प्रदर्शन जबरदस्त रहेगा।

**कन्या:** आज आपकी मेहनत का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा। घर या ऑफिस के नवनिर्माण को लेकर योजना बना सकते हैं। जीवनसाथी के प्रति प्रेम और सम्मान भाव बढ़ेगा। अपने दांपत्य जीवन से अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे। टेक्सटाइल से जुड़े कारोबार में वृद्धि हो सकती है।

**तुला:** आज आपका सामाजिक संबंधों का दायरा विस्तृत होगा। अपनी उपलब्धियों पर गर्व की अनुभूति होगी। अपनी दिनचर्या में अच्छी आदतों को सम्मिलित कर सकते हैं। संतान को करियर के नए अवसर मिलने के योग बन रहे हैं।

**वृश्चिक:** आज आप स्वयं को और अपनी जीवनशैली को पर्याप्त समय देंगे। विधिक मामलों में आपको विजय मिल सकती है। छोटे भाई-बहनों की उपलब्धियों पर आपको गर्व होगा। पेट में गैस और एसिडिटी बन सकती है।

**धनु:** आज आपके उदार स्वभाव की लोग प्रशंसा करेंगे। विचारों को सदैव सकारात्मक बनाए रखें। रिश्तेदार आपसे कुछ निजी मामलों को लेकर राय ले सकते हैं। यदि आप सजग रहे तो आपके काम निर्बाध रूप से हो जायेंगे।

**मकर:** आज प्रेम संबंधों को नए रिश्ते की ओर परिणित कर सकते हैं। आप अपने पसन्दीदा कार्यों को लेकर अत्यंत उत्सुक रहेंगे। आपको परिवार का अतिरिक्त ध्यान रखना पड़ेगा। नजदीकी मित्रों से अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं।

**कुंभ:** आज आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। कारोबार में आपको मेहनत का सकारात्मक परिणाम मिलेगा। तकनीकी शिक्षा से जुड़े विद्यार्थियों को करियर के उत्तम विकल्प मिल सकते हैं। आपका मन पूजा-पाठ में लगेगा। नया वाहन खरीद सकते हैं।

**मीन:** आज विलासिता के संसाधनों पर धन खर्च करेंगे। भविष्य को लेकर योजना बनायेंगे। कारोबार में अपेक्षा से अधिक धन लाभ प्राप्त होगा। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जीवनसाथी का सहयोग आपकी चिन्ताओं को कम करेगा।

## सुडोकू-86

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | | 2 | | |
| 1 | | | 8 | | 5 | | 3 | |
| | 9 | | | 3 | 4 | | | |
| | 2 | | 9 | | | 6 | | |
| 6 | | 3 | | | | | | 4 |
| | | | | 6 | 1 | | 2 | |
| | | | 7 | | | | | 6 |
| | 4 | | 1 | | 6 | | | |
| | | 6 | | | | 9 | | |

### सुडोकू - 85 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 4 | 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 3 | 7 |
| 6 | 3 | 7 | 2 | 8 | 1 | 4 | 9 | 5 |
| 7 | 8 | 3 | 1 | 9 | 6 | 5 | 4 | 2 |
| 2 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 6 | 1 | 3 |
| 5 | 1 | 6 | 4 | 2 | 3 | 9 | 7 | 8 |
| 3 | 4 | 2 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 6 | 3 | 9 | 2 | 5 | 4 |
| 9 | 6 | 5 | 7 | 4 | 2 | 3 | 8 | 1 |



हमने शुरुआती दो क्वार्टर में दबदबा कायम किया, लेकिन तीसरे क्वार्टर में जापान ने पलटवार किया क्योंकि वे बड़े अंतर से पिछड़ रहे थे। मुझे लगा चौथे क्वार्टर में हम अपनी बढ़त और और बढ़ाएंगे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

-क्रेग फुल्टन, हॉकी टीम के मुख्य कोच


# स्टेडियम

मुरादाबाद, सोमवार, 1 सितंबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com


हाईलाइट



उत्तर क्षेत्र के आयुष बडोनी शतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते हुए। एजेंसी

### बडोनी के दोहरे शतक से उत्तर क्षेत्र सेमीफाइनल में

**बेंगलुरु** : आयुष बडोनी के नाबाद दोहरे शतक की मदद से उत्तर क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के चौथे और आखिरी दिन रविवार को यहां पूर्व क्षेत्र को वापसी करने का मौका नहीं दिया और पहली पारी में बढ़त के आधार पर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। पहली पारी में 183 रन की बढ़त लेने वाली उत्तर क्षेत्र की टीम ने दिन की शुरुआत दूसरी पारी में दो विकेट पर 388 रन से आगे से की। टीम ने चार विकेट पर 658 रन पर पारी घोषित की तब उसकी बढ़त 833 रन की हो चुकी थी और दोनों कप्तानों ने मैच को ड्रॉ समाप्त करने पर सहमति जता दी। बडोनी 223 गेंद पर 204 रन पर नाबाद रहे।

### मध्य क्षेत्र दलीप ट्रॉफी के अंतिम चार में पहुंचा

**बेंगलुरु** : पूर्वोत्तर क्षेत्र ने संयम और दिलेरी से बल्लेबाजी करते हुए रविवार को चौथे और आखिरी दिन मध्य क्षेत्र को जीत से वंचित कर दिया, लेकिन पहली पारी में बढ़त के आधार पर उन्हें दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचने से नहीं रोक सके। पूर्वोत्तर क्षेत्र ने जीत के लिए मिले 679 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए छह विकेट पर 200 रन बनाए जिससे मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ। मध्य क्षेत्र ने पहली पारी में चार विकेट पर 532 रन बनाने के बाद पूर्वोत्तर क्षेत्र को 185 रन पर आउट कर दिया था।

### किरोस और हसन ने नए रिकॉर्ड बनाए

**सिडनी** : इथियोपिया के हैलीमारयम किरोस और नीदरलैंड के सिफान हसन ने रविवार को सिडनी मैराथन में क्रमश: पुरुष और महिला वर्ग में नए रिकॉर्ड के साथ जीत हासिल की। किरोस ने पुरुषों की दौड़ दो घंटे छह मिनट और छह सेकंड में जीती। यह ऑस्ट्रेलिया में मैराथन में सबसे तेज समय है। हसन ने महिलाओं की दौड़ में अपना दबदबा बनाते हुए 2:18:22 का समय लेकर जीत हासिल की, जो पिछले साल इथियोपिया की वर्कनेश एडेसा द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड से लगभग तीन मिनट कम है।

### पाकिस्तान ने यूएई को 31 रनों से हराया

**शारजाह** : सैम अयूब (69) और हसन नवाज (52) की अर्धशतकीय पारियों के बाद हसन अली (तीन विकेट) और मोहम्मद नवाज (दो विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने त्रिकोणीय टी-20 सीरीज के दूसरे मैच में यूएई को 31 रनों से हरा दिया। 208 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूएई की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर सिर्फ 176 रन ही बना सकी।

## आप टेस्ट क्रिकेट की खूबसूरती की दिलाते थे याद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने वाले भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा की सराहना करते हुए लिखा कि उनकी दृढ़ खेल शैली टेस्ट क्रिकेट की खूबसूरती की याद दिलाती थी। पुजारा ने पिछले रविवार को अपने 103 टेस्ट मैच के शानदार करियर का अंत करते हुए संन्यास की घोषणा की थी।

मोदी ने पुजारा को एक पत्र में लिखा क्रिकेट के छोटे प्रारूपों के प्रभुत्व वाले युग में आप खेल के लंबे प्रारूप की खूबसूरती की याद दिलाते थे। आपके अडिग धैर्य और लंबे समय तक एकाग्रता के साथ बल्लेबाजी करने की क्षमता ने आपको भारतीय बल्लेबाजी क्रम का आधार बनाया। भारत के लिए तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले इस पूर्व बल्लेबाज ने पत्र की प्रति सोशल मीडिया पर पोस्ट की और प्रधानमंत्री को उनके गर्मजोशी भरे शब्दों के लिए धन्यवाद दिया।



● प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चेतेश्वर पुजारा को लिखा पत्र

**पुजारा बोले- धन्यवाद सर**

■ पुजारा ने अपनी प्रतिक्रिया में लिखा मैं अपने संन्यास पर हमारे माननीय प्रधानमंत्री से प्रशंसा पत्र प्राप्त करके सम्मानित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा आपकी भावनाओं की मैं बहुत सराहना करता हूं। अपनी दूसरी पारी में कदम रखते हुए मैं मैदान पर बिताई हर याद और मुझे मिले प्यार और प्रशंसा को संजोकर रखूंगा। धन्यवाद सर।

प्रधानमंत्री मोदी ने 2018 और 2021 में ऑस्ट्रेलिया में लगातार दो सीरीज जीतने के दौरान पुजारा की अहम भूमिका का जिक्र करते हुए लिखा आपका उत्कृष्ट क्रिकेट करियर उल्लेखनीय कौशल तथा दृढ़ संकल्प के क्षणों से भरा पड़ा है, विशेषकर विदेशों में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में। उन्होंने कहा उदाहरण के लिए प्रशंसक ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट मैच जैसे मौकों को हमेशा याद रखेंगे जब आपने ऑस्ट्रेलियाई धरती पर भारत के पहली बार ऐतिहासिक सीरीज जीतने की नींव रखी थी!

मोदी ने लिखा सबसे मजबूत गेंदबाजी आक्रमणों में से एक के सामने डटे रहकर आपने दिखाया कि टीम की जिम्मेदारी उठाने का क्या मतलब होता है।

मोदी ने घरेलू क्रिकेट के प्रति पुजारा की प्रतिबद्धता की भी सराहना की। उन्होंने कहा खेल के प्रति आपका जुनून इस बात से भी झलकता है कि एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर होने के बावजूद आपने प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलना जरूरी समझा, चाहे वह सौराष्ट्र के लिए हो या विदेश में। प्रधानमंत्री ने आगे कहा सौराष्ट्र क्रिकेट के साथ आपका लंबा जुड़ाव और राजकोट को क्रिकेट के नक्शे पर लाने में आपका योगदान इस क्षेत्र के हर युवा के लिए अपार गर्व का स्रोत रहेगा।



**एशिया कप की तैयारी** : क्रिकेटर मोहम्मद सिराज रविवार को बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड पर पहुंचे। एजेंसी

## लगातार दूसरी जीत से भारत सुपर चार में

### हॉकी एशिया कप के रोमांचक मुकाबले में जापान को हराया, हरमनप्रीत फिर चमके



भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह। एजेंसी

**राजगीर (बिहार), एजेंसी**

कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल की मदद से भारत ने रविवार को यहां पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के पूल ए के कड़े मुकाबले में जापान को 3-2 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की और सुपर चार चरण के लिए क्वालीफाई किया। चीन के खिलाफ पहले मैच में हैट्रिक बनाने वाले हरमनप्रीत ने पांचवें और 46वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल दागे जबकि भारत के लिए एक अन्य गोल मनदीप सिंह ने चौथे मिनट में किया। जापान की ओर से दोनों गोल कोसेई कावाबे ने 38वें और 59वें मिनट में किए।

भारत ने शुक्रवार को टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत चीन पर 4-3 की जीत के साथ की थी। दो मैच में दो जीत के बाद भारत छह अंक के साथ पूल ए में शीर्ष पर है। जापान और चीन ने एक-एक जीत दर्ज की है। मेजबान टीम अपना अंतिम पूल मैच सोमवार को कजाखस्तान के खिलाफ खेलेगी जबकि जापान और चीन के बीच होने वाले मुकाबले से पूल ए से सुपर चार में जगह बनाने वाली दूसरी टीम का फैसला होगा। भारत ने पिछले मैच की तुलना में काफी बेहतर प्रदर्शन किया। टीम में बेहतर समन्वय दिखा और उसे तेज हॉकी खेली जिसके कारण प्रतिद्वंद्वी सर्कल के अंदर लगातार हमले हुए।भारत को पहला मौका दूसरे मिनट में ही मिल गया जब हरमनप्रीत ने मनप्रीत को गेंद दी लेकिन सर्कल के ठीक अंदर से लिया गया उनका शॉट गोल से कुछ इंच दूर से बाहर निकल गया। भारत को बढ़त लेने में अधिक समय नहीं लगा और कुछ ही मिनट बाद मनदीप के शानदार मैदानी गोल से मेजबान टीम को बढ़त दिला दी। भारत को पांचवें मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले और हरमनप्रीत ने दूसरे प्रयास में गोल करके भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। पहला क्वार्टर खत्म होने से दो मिनट पहले जापान को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन दोनों ही मौकों पर अपना 150वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे भारतीय गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक ने बेहतरीन बचाव किया।

दूसरे क्वार्टर में जापान को लगातार चार पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन भारतीय टीम ने सभी हमलों को नाकाम कर दिया।मध्यांतर से तीन मिनट पहले भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन टीम ने मौका गंवा दिया। मध्यांतर के बाद खेल शुरू होने के कुछ मिनट बाद सुखजीत ने मनदीप को सर्कल के अंदर पास दिया लेकिन उनके शॉट को जापान के गोलकीपर ने रोक दिया। जापान ने 38वें मिनट में काइतो तनाका के पास पर कावाबे के गोल से भारत की बढ़त को कम किया लेकिन मेजबान टीम ने पेनल्टी कॉर्नर पर हरमनप्रीत के एक और गोल से फिर दो गोल की बढ़त हासिल कर ली। जापान को 49वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन सूरज करकेरा ने दो शानदार बचाव किए। मैच खत्म होने से दो मिनट पहले कावाबे ने जरमनप्रीत की कमजोरी का फायदा उठाकर गोल किया लेकिन जापान को हार से नहीं बचा पाए।



भारत के राजिंदर सिंह जापान के खिलाड़ी को छकाते हुए। एजेंसी

**पहला लक्ष्य हासिल किया,लेकिन हमें और बेहतर करना होगा : हॉकी कोच फुल्टन**

■ भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन एशिया कप के सुपर चार के लिए क्वालीफाई करने के अपने पहले लक्ष्य को हासिल करके खुश हैं, लेकिन उन्हें टूर्नामेंट में टीम से और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। फुल्टन ने मैच के बाद कहा हमने अपने पहले लक्ष्य को हासिल कर लिया है। हमें हालांकि और बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है। जब सही तालमेल बैठेगा तब हम ऐसा करने में सफल रहेंगे। पहला हाफ वाकई बहुत अच्छा था। हमारे आंकड़े शानदार है लेकिन हमने जिस तरह से मैच को शुरू किया था वैसे इसे खत्म नहीं कर पाये। हमने आखिरी पलों में कुछ गलतियां की और यह हमारे लिए निराशाजनक था। हम 3-1 से आगे थे और फिर एक गोल खा गये। हमने कुछ गलतियां की और हमें कार्ड मिला पर ये खेल का हिस्सा है। कप्तान हरमनप्रीत को मैच खत्म होने से सिर्फ एक मिनट पहले पीला कार्ड (पांच मिनट के लिए मैदान से बाहर रहने का दंड) दिखाया गया और उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। उस समय भारतीय टीम 3-2 से आगे थी।

**चीन 13-1 से जीता**

पूल ए के दूसरे मैच में चीन ने कजाखस्तान को 13-1 से हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की और सुपर चार में जगह बनाने का दावा बरकरार रखा। कजाखस्तान को मैच शुरू होने के 12 सेकेंड के अंदर ही पेनल्टी मिली और अगिमटे डुइसेंगजी ने सटीक फ्लिक से गोल करके अपनी टीम को बढ़त दिला दी। चीन के लिए डू शिहाओ (10वें, 53वें), किजुन चेन (13वें), चांगलियांग लिन (15वें, 39वें), बेनहाई चेन (29वें, 56वें), युआनलिन लू (31वें), जिशेंग गाओ (33वें) शियाओलोंग गुओ (41वें, 58वें) और युआनलिन लू (42वें, 44वें) ने गोल दागे।

## सात्विक-चिराग की जोड़ी ने कांस्य पदक जीता

**पेरिस, एजेंसी**

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी को यहां विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष युगल सेमीफाइनल में चीन के 11वें वरीय चेन बो यांग और लियू यी से हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

भारत के लिए पदक सुनिश्चित करने के एक दिन बाद सात्विक और चिराग के पास विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय पुरुष युगल जोड़ी बनने का मौका था, लेकिन शनिवार की शाम को 67 मिनट तक चले सेमीफाइनल मुकाबले में 19-21, 21-18, 12-21 से हारने के कारण उनका यह सपना पूरा नहीं हो पाया। भारतीय जोड़ी का विश्व चैंपियनशिप में यह दूसरा पदक है।

इससे पहले उन्होंने 2022 में कांस्य पदक जीता था। एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक और चिराग ने क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता आरोन चिया और सोह वूई यिक को हराकर 2011 से लेकर अब तक इस टूर्नामेंट में पदक जीतने का भारत का सिलसिला जारी रखा था। सेमीफाइनल में हालांकि भारतीय टीम चीनी जोड़ी की कड़ी चुनौती का सामना नहीं कर सकी। इसके साथ ही टूर्नामेंट में भारत का अभियान भी समाप्त हो गया।

**विश्व बैडमिंटन**

● सेमीफाइनल में चीन से हारने के बाद गोल्ड मैडल का सपना टूटा

वे पिछले मैचों की तुलना में अधिक आत्मविश्वास के साथ खेले। वे हमारी तुलना में अधिक सहज होकर खेल रहे थे। पहले गेम में भले ही हम आगे थे फिर भी वे अपना सर्वश्रेष्ठ दे रहे थे। मुझे लगता है कि हमने पिछले मैचों में यही किया था।

-सात्विकसाईराज

हार के बाद चिराग ने कहा हम लय हासिल नहीं कर पाए। हमने (तीसरे गेम में) आसान अंक गंवा दिए। हमें थोड़ा और समझदारी दिखानी चाहिए थी। लेकिन, इसका श्रेय उन्हें जाता है। उन्होंने तीसरे गेम की शुरुआत से ही अच्छी सर्विस की। हम फाइनल में नहीं पहुंच पाए लेकिन कुल मिलाकर यह टूर्नामेंट हमारे लिए अच्छा रहा। सात्विक और चिराग ने शुरुआती गेम में आक्रामक रवैया अपनाया और जल्द ही 9-3 की बढ़त बना ली। लेकिन चेन और लियू ने इसके बाद शानदार वापसी की और भारतीय जोड़ी को पीछे छोड़ दिया। इसके बाद चिराग तीसरे गेम प्वाइंट पर चूक गए और चीन की टीम पहला गेम जीतने में सफल रही। दूसरे गेम में भी भारतीय जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करके 5-1 की बढ़त बना ली। सात्विक के स्मैश और चिराग के नेट पर आक्रामक खेल से भारतीय टीम को बढ़त हासिल करने में मदद मिली। लेकिन इसके बाद चिराग ने नेट पर बार-बार गलतियां की और सात्विक की सर्विस भी अच्छी नहीं रही।



सात्विक साईराज (बाएं) और चिराग शेट्टी चीनी टीम के खिलाफ एक्शन में। एजेंसी

## कोको गॉफ और नाओमी ओसाका चौथे दौर में होंगी आमने-सामने

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

कोको गॉफ और नाओमी ओसाका ने शनिवार को जीत के साथ अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के चौथे दौर में प्रवेश किया जहां उनका आमना सामना होगा। इन दोनों पूर्व चैंपियन के बीच इससे पहले अमेरिकी ओपन में 2019 में मुकाबला हुआ था। ओसाका तब मौजूदा चैंपियन थी और उन्होंने 15 साल की गॉफ़ को सीधे सेटों में हरा दिया था। गॉफ़ इस हार के बाद अपने आंसू नहीं रोक पाई थी और ओसाका ने उन्हें सांत्वना दी थी।

ओसाका ने शनिवार को कहा मैं उसे एक छोटी बहन की तरह मानती हूं, इसलिए यहां उसके साथ दोबारा खेलना अच्छा है। ओसाका 2021 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के बाद पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के चौथे दौर में पहुंची हैं। उन्होंने लुइस आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में डारिया कसाटकिना को 6-0, 4-6, 6-3 से हराया। इससे पहले गॉफ ने मैग्डेलेना फ्रेच पर 6-3, 6-1 से जीत के साथ लगातार चौथे वर्ष अमेरिकी ओपन के अंतिम 16 में जगह बनाई।

इस बीच 45 वर्षीय वीनस विलियम्स और लेयला फर्नांडीज ने उलरिके ईकेरी और एरी होजुमी को 7-6 (1), 6-1 से हराकर महिला युगल के तीसरे दौर में प्रवेश किया।



नाओमी ओसाका। एजेंसी

**मैं कोई मशीन नहीं हूं : सिनर**

■ **न्यूयॉर्क** : दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपना विजय अभियान जारी रखा और लोगों को यह भी याद दिलाया कि वह कोई मशीन नहीं हैं। मौजूदा चैंपियन सिनर ने दुनिया के 27वें नंबर के डेनिस शापोवालोव को 5-7, 6-4, 6-3, 6-3 से हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया।

### भांबरी और वीनस की शानदार जीत

**न्यूयॉर्क** : भारत के युकी भांबरी और न्यूजीलैंड के उनके जोड़ीदार माइकल वीनस ने यहां मार्कोस गिरोन और लर्नर टिएन की अमेरिकी जोड़ी को करारी शिकस्त देकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया, लेकिन रोहन बोपन्ना और अर्जुन काधे अपने अपने जोड़ीदारों के साथ हारकर बाहर हो गए।

भांबरी और वीनस की 14वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 6-0, 6-3 से जीत हासिल की। उन्होंने अपनी विरोधी टीम को किसी भी समय वापसी का मौका नहीं दिया और मैच में सिर्फ तीन गेम गंवाए।

भारत के स्टार खिलाड़ी बोपन्ना और मोनाको के उनके जोड़ीदार रोमेन अर्नेडो शनिवार की रात को खेले गए मैच में रॉबर्ट कैश और जेम्स ट्रेसी की अमेरिकी जोड़ी से मात्र एक घंटे पांच मिनट में 4-6, 3-6 से हार गए। कैश और ट्रेसी ने शानदार प्रदर्शन किया।

**यूटर्न** | भारतीय मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने पदक से चूकने के बाद टाला फैसला

## पेरिस ओलंपिक में संन्यास लेना चाहती थीं लवलीना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लवलीना बोरगोहेन ने अपनी अकादमी पर ध्यान केंद्रित करने के लिए मुक्केबाजी से संन्यास लेने पर विचार किया था, लेकिन पेरिस ओलंपिक खेलों में पदक से चूकने के बाद उन्होंने यह फैसला टाल दिया। असम की यह मुक्केबाज आगामी विश्व चैंपियनशिप से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वापसी करने के लिए तैयार है और उनका लक्ष्य ओलंपिक में दूसरा पदक जीतना है।

टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना पिछले साल अगस्त में पेरिस ओलंपिक खेलों के बाद से अंर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से दूर हैं। रिंग से दूर रहने के दौरान उन्होंने अपनी अकादमी स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित किया, जिसका उद्‌घाटन जून में गुवाहाटी में हुआ।

लवलीना ने कहा जब मैंने अपनी अकादमी शुरू करने के बारे में सोचा तो मैंने पेरिस (ओलंपिक) तक खेलने की योजना बनाई थी और उसके बाद मैं संन्यास ले सकती थी, लेकिन पेरिस में नतीजा वैसा नहीं रहा जैसा मैंने सोचा था। अगर मैं वहां पदक जीत लेती तो खेल को अलविदा कह सकती थी। फ्रांस की राजधानी में 27 वर्षीय लवलीना लगातार दूसरा ओलंपिक पदक जीतने के बेहद करीब पहुंच गई थी, लेकिन महिला मिडिलवेट (75 किग्रा) वर्ग के क्वार्टर फाइनल में चीन की चैंपियन ली कियान से हार गई।



भारतीय मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन। एजेंसी

**2028 में करियर से विदाई संभव**

■ लवलीना से जब पूछा गया कि क्या 2028 में होने वाले ओलंपिक खेल उनका आखिरी टूर्नामेंट हो सकता है, उन्होंने कहा हां ऐसा संभव है। मैं पेरिस ओलंपिक में भी स्वर्ण पदक जीत सकती थी, क्योंकि पोडियम तक पहुंचने वाली सभी खिलाड़ियों को मैं पहले हरा चुकी थी। जिससे मेरे खेल के स्तर का पता चलता है। मैं ओलंपिक पदक जीत सकती हूं। लवलीना चार सितंबर से लिवरपूल में शुरू होने वाली विश्व चैंपियनशिप में भाग लेगी लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि इस प्रतियोगिता के लिए उन्होंने सीमित तैयारी की है। उन्होंने कहा मैं लंबे ब्रेक के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने जा रही हूं।